आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 100 | उज्जैन, रविवार 26 अप्रैल, 2026 | वैशाख शुक्ल 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com


दिल्ली में पारा 43 डिग्री, हॉस्पिटल में बनी हीटस्ट्रोक यूनिट, इसमें बाथ टब और कूलिंग बेड, वाराणसी में ट्रैफिक सिग्नल पर लगाई ग्रीन नेट

# उज्जैन में पारा 43 डिग्री पार, लू के थपेड़े चले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इस वर्ष की गरमी में प्रचंडता का अहसास आमजन को शनिवार को हुआ है। शनिवार को मौसम का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। अधिकतम एवं न्यूनतम दोनों तापमान अपने उच्च स्तर पर रहे। रात गर्म रहने से बैचेनी भरी रही है तो दिन की गर्मी भी पूरे शबाब पर रही है। रात का न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री दर्ज किया गया था, अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया है। देश की राजधानी में भी 43 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। लू के थपेड़ों से भी आम जनजीवन प्रभावित रहा।





## उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार जा चुका

एजेंसी ▸▸ शिमला/जयपुर

देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। तीन चौथाई हिस्सा हीटवेव की चपेट में हैं। उत्तर-पश्चिम, उत्तर, मध्य और पश्चिम भारत के 5 राज्यों के 14 शहरों में पारा 44 डिग्री के पार जा चुका है।

- इनमें वाराणसी, बांदा, रोहतक, झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, अकोला, अमरावती, वर्धा, चंद्रपुर, यवतमाल, बाड़मेर, हमीरपुर, आगरा और राजनांदगांव शामिल हैं।
- इधर, दिल्ली में शनिवार दोपहर को पारा 43 डिग्री तक पहुंच गया। जिसके चलते राममनोहर लोहिया हॉस्पिटल में 'हीटस्ट्रोक यूनिट' बनाई गई है। इसमें कूलिंग टब, 200जी बर्फ बनाने की मशीनें और पोर्टेबल आइस पैक भी रखे गए हैं।
- उत्तर प्रदेश के 60 जिलों में लू का रेड अलर्ट है। ओडिशा के झारसुगुड़ा में लगातार दूसरे दिन तापमान 44.8 डिग्री रहा। मध्य प्रदेश के 11 जिलों में लू का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश के 3 जिलों में हीटवेव चल रही है।
- इससे पहले शुक्रवार को देश का सबसे गर्म शहर उत्तर प्रदेश का प्रयागराज रहा। यहां तापमान 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं महाराष्ट्र के अकोला में पारा 45 डिग्री, अमरावती में 44.8 डिग्री रहा।

## देश विदेश

### पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत की संभावना

**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में बातचीत हो सकती है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शुक्रवार रात इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर को भी वहां भेजा है। वे आज पाकिस्तान पहुंचेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस बार पाकिस्तान नहीं गए हैं, उन्हें स्टैंडबाय पर रखा गया है। जरूरत पड़ने पर वे इस्लामाबाद जा सकते हैं। दूसरी तरफ संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ भी इस बातचीत में शामिल नहीं हो रहे हैं। वे 11-12 अप्रैल को अमेरिका-ईरान की पहली बातचीत में डेलिगेशन के प्रमुख थे। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी डेलिगेशन पाकिस्तान में ईरान के साथ सीधे शांति वार्ता करेंगे। लेकिन ईरान की तरफ से अलग बयान आया।

### आप की 7 राज्यसभा सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी अपने सात राज्यसभा सांसदों के भाजपा में शामिल होने की घोषणा के बाद उन्हें अयोग्य ठहराने के लिए राज्यसभा चेयरमैन को लेटर लिखेगी। आप का आरोप है कि इन सांसदों का कदम असंवैधानिक है और उन्हें अयोग्य घोषित करना चाहिए। सांसद संजय सिंह ने कहा कि दलबदल विरोधी कानून के तहत राज्यसभा और लोकसभा में किसी भी प्रकार के विभाजन या गुटबाजी को मान्यता नहीं दी जाती, चाहे वह दो-तिहाई बहुमत के साथ ही क्यों न हो। उन्होंने कहा कि संविधान की 10वीं अनुसूची भी ऐसे किसी अलग गुट को वैध नहीं मानती। आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक ने शुक्रवार को बीजेपी जॉइन कर ली थी।

### ड्रग केस में सेलिब्रिटीज के खिलाफ ठोस सबूत नहीं



252 करोड़ के मेफेड्रोन मामले में नोरा फतेही-श्रद्धा कपूर के नाम सामने आए थे

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल 252 करोड़ रुपए के ड्रग्स केस में आरोपी मोहम्मद सलीम मोहम्मद सुहैल शेख उर्फ लैविश के खिलाफ अगले हफ्ते चार्जशीट दाखिल करेगी। जांच के दौरान कई सेलिब्रिटीज के नाम सामने आए थे, लेकिन उनके खिलाफ अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। यह बात एक सीनियर ऑफिसर ने मुंबई मिरर के साथ बातचीत में कही। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ आरोपी के बयान के आधार पर किसी की भूमिका तय नहीं की जा सकती। लैविश फरार ड्रग माफिया सलीम डोला का करीबी माना जाता है। यह मामला साल 2022 में ड्रग्स बनाने और सप्लाई करने से जुड़ा है। लैविश को यूएई से भारत लाया गया था। मुंबई मिरर ने अपनी रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया कि वह दाऊद इब्राहिम गैंग से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का अहम सदस्य है। चार्जशीट में ड्रग्स बनाने की यूनिट, सप्लाई का पूरा नेटवर्क और पैसों के लेन-देन की जानकारी शामिल होगी। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अपनी रिमांड एप्लीकेशन में एएनसी ने कोर्ट को बताया कि लैविश ने दुबई और मुंबई में पार्टियां होस्ट की थीं। इन पार्टियों में कथित तौर पर कई सेलिब्रिटी और जाने-माने लोग शामिल हुए थे, जिनमें एक्ट्रेस नोरा फतेही और श्रद्धा कपूर, फिल्ममेकर जोड़ी अब्बास-मस्तान, इन्फ्लुएंसर ओरी शामिल थे। वहीं, पिछले साल सिद्धांत कपूर और ओरी से एएनसी ने पूछताछ की थी। 16 नवंबर 2025 को नोहा फतेही ने ड्रग केस में नाम आने के बाद सफाई देते हुए लिखा था, मैं पार्टियों में नहीं जाती, मैं हमेशा फ्लाइट्स पर रहती हूं, मैं वर्कहॉलिक हूं, मेरी कोई पर्सनल लाइफ नहीं है, मैं ऐसे लोगों के साथ जुड़ती भी नहीं हूं और अपनी छुट्टी के दिनों में मैं दुबई में बीच पर या अपने हाई स्कूल दोस्तों के साथ घर पर होती हूं। मैं अपना पूरा दिन और रात अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने में लगाती हूं।

### चाबहार की हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत ईरान के चाबहार पोर्ट में अपनी हिस्सेदारी ईरानी कंपनी को सौंप सकता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम अस्थायी तौर पर उठाया जा सकता है, ताकि अमेरिका के प्रतिबंधों से मिली छूट खत्म होने के बाद भी काम जारी रह सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का इस पोर्ट में 1100 करोड़ का निवेश है। भारत सरकार इस मुद्दे पर अमेरिका और ईरान दोनों से अलग-अलग बातचीत कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक यह बातचीत बेहद संवेदनशील है और इसमें शामिल अधिकारियों ने पहचान उजागर करने से इनकार किया है। भारत को नवंबर 2025 में छह महीने की छूट मिली थी, जिससे चाबहार पोर्ट पर बिना रुकावट काम होता रहा। यह छूट इस महीने खत्म हो रही है।

### पुलिसवालों ने थार से रिटायर्ड रजिस्ट्रार को रौंदा

**झांसी।** झांसी की बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में 4 पुलिसवालों ने थार गाड़ी से रिटायर्ड असिस्टेंट रजिस्ट्रार मनीराम वर्मा (70) को कुचल दिया। इसके बाद वह थार के अगले पहिए के नीचे दब गए। 20 मीटर घिसटने के बाद उनकी स्कूटी भी थार के नीचे फंस गई। हादसे के बाद पुलिसवालों ने थार रोकी और गाड़ी छोड़कर भाग गए। सिक्योरिटी गार्डों ने अन्य लोगों की मदद से थार को हटाया। मनीराम वर्मा को मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस थार कब्जे में लेकर जांच कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यूनिवर्सिटी के परीक्षा भवन में होमगार्ड का पेपर चल रहा था। वहीं से पुलिसवाले थार लेकर निकले थे। वो कैंपस के अंदर थार को तेज स्पीड में दौड़ा रहे थे।

दिल्ली से इंदौर आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी

# एअर इंडिया फ्लाइट में घंटों बिना एसी के बैठे रहे यात्री, 2 घंटे डिले करने के बाद कैंसिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

दिल्ली से इंदौर आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-2515 को तकनीकी खराबी के चलते रनवे से वापस टर्मिनल पर लाना पड़ा। रनवे पर खड़ी फ्लाइट के अंदर एयर कंडीशनिंग बंद कर दी गई। भीषण गर्मी और बंद केबिन में घंटों फंसे रहने से यात्रियों की तबीयत बिगड़ने लगी। यात्री रिफंड की मांग को लेकर दिल्ली एयरपोर्ट पर नारेबाजी कर रहे हैं।

फ्लाइट रोजाना दोपहर 12.10 बजे दिल्ली से उड़ान भरती है। 1.45 बजे इंदौर पहुंचती है। तकनीकी समस्या के कारण देरी हुई। इसके शाम 5 बजे तक इंदौर पहुंचने की संभावना जताई गई थी, लेकिन एअर इंडिया ने फ्लाइट को रद्द कर दिया। घटनाक्रम की शुरूआत दिल्ली एयरपोर्ट पर गेट बदलने से हुई। बोर्डिंग से पहले दो बार गेट बदला गया, जिससे अफरा-तफरी रही। विमान में बैठाने के बाद तकनीकी क्लियरेंस न मिलने से फ्लाइट को लंबे समय तक रनवे पर खड़ा रखा गया। यात्रियों का कहना है कि देरी को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई और चालक दल से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला। स्थिति लंबे समय तक जस की तस रही, जिसके बाद विमान को वापस टर्मिनल पर लाया गया।



## असुविधा को कम करने हमारी टीम काम कर रही

- एयरपोर्ट पर उतरते ही यात्रियों ने एअर इंडिया के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध जता रहे हैं। यात्रियों ने एयरलाइन पर सुरक्षा से खिलवाड़ और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार का आरोप लगाया। कई यात्री वैकल्पिक व्यवस्था या रिफंड की मांग को लेकर एयरपोर्ट पर अड़े हैं।
- इसके जवाब में एअर इंडिया ने रिप्लाई करते हुए लिखा- मिस्टर जैन, हम आपकी बात समझते हैं। आपके अनुभव के प्रति सहानुभूति रखते हैं। यह देरी परिचालन कारणों से हुई है। हमारी टीम असुविधा को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आपके धैर्य के लिए धन्यवाद।

आईपीएल मैच में

# साउथ अफ्रीकी बॉलर एनगिडी के सिर में चोट



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले के दौरान एक गंभीर हादसा हो गया। दिल्ली के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कैच लेने की कोशिश में पीछे की ओर गिर पड़े और उनका सिर जोर से जमीन से टकराया। चोट इतनी गंभीर थी कि खेल करीब 15 मिनट तक रुका रहा। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। यह घटना पंजाब की पारी के तीसरे ओवर में हुई। अक्षर पटेल की फुल लेंथ गेंद पर बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने हवा में शॉट खेला। कैच जज करने में हल्की सी चूक हुई और उनका बैलेंस बिगड़ गया।

# एसटीएफ कांस्टेबल के घर में घुसकर पत्नी और बेटे की हत्या

दो मासूम बच्चियां गंभीर रूप से घायल



एजेंसी ▸▸ दुर्ग

छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एसटीएफ कॉलोनी स्थित क्वार्टर में शनिवार 24 अप्रैल की सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। एसटीएफ में पदस्थ आरक्षक ललितेश यादव के परिवार पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें उनकी पत्नी रीना यादव और 9 वर्षीय बेटे आदित्य की मौत हो गई। वहीं, दो मासूम बच्चियां गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

घटना की सूचना मिलते ही स्मृति नगर थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल को सील कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हत्या किस तरह की गई, किस हथियार का इस्तेमाल हुआ और पूरी घटना कैसे घटी इन सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरक्षक ललितेश यादव और सरोजनी भारद्वाज के बीच लंबे समय से संबंध थे। इस वजह से परिवार में तनाव बना रहता था। सूत्रों के अनुसार, इसी संबंध को लेकर अक्सर विवाद होता था। आशंका जताई जा रही है कि घटना वाले दिन भी इसी मुद्दे पर कहासुनी हुई, जो बाद में हिंसक रूप ले गई। हालांकि, पुलिस ने अभी तक किसी निष्कर्ष की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि घटना से पहले घर में विवाद हुआ था, जिसका वीडियो या ऑडियो मौजूद हो सकता है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल रिकॉर्डिंग की जांच कर रही है।

राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल के हुगली में की रैली

# मेरे ऊपर 36 केस क्योंकि मैं बीजेपी से लड़ता रहता हूं

## ममता बंगाल में बीजेपी का रास्ता खोल रहीं

एजेंसी ▸▸ कोलकाता



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के हुगली में रैली की। उन्होंने कहा- मेरे ऊपर 36 केस हैं क्योंकि मैं बीजेपी से लड़ता रहता हूं। ईडी ने मेरे से 55 घंटे पूछताछ की। मेरा घर ले लिया गया था। लेकिन ममता जी के साथ ऐसा क्यों नहीं हुआ। क्योंकि जो ममता बंगाल में कर रही हैं, मोदी जी देश में कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, पर उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। मोदी ने अमेरिका को हमारे देश का कृषि सेक्टर बेच दिया। आप जानते हो कि देश में जहां भी नरेंद्र मोदी जाते हैं, वो सिर्फ नफरत फैलाते हैं। कुछ साल पहले कांग्रेस ने देशभर में भारत जोड़ो यात्रा की। कांग्रेस के दौर में बंगाल में उद्योग थे। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि इस बार हम असम में सेंचुरी और बंगाल में डबल सेंचुरी बनाएंगे। मैं भरोसे से कह सकता हूं कि बंगाल में पहले चरण में ही भाजपा 110 सीटें जीत चुकी है।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुओं से की अपील

# चार बच्चे पैदा करें, एक को संघ को सौंप दें

एजेंसी ▸▸ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपने शताब्दी वर्ष के मौके पर पूरे देश में विस्तार का अभियान चला रहा है। इसी क्रम में नागपुर में भारतदुर्गा शक्तिस्थल और धर्म सभा के विशाल समागम को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने एक चर्चित अपील की। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि हर परिवार चार बच्चे पैदा करने का संकल्प ले और उनमें से एक को संघ के स्वयंसेवक के रूप में समर्पित कर दे। यह बयान संगठन के भविष्य और राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत करने की दिशा में दिया गया।



## भारत विश्वगुरु बनेगा, संदेह दूर करें

संघ प्रमुख ने कहा कि वर्तमान विश्व स्थिति में भारत के बिना कोई भविष्य संभव नहीं है। उन्होंने स्वीकार किया कि अभी शायद कुछ लोग यह तय न कर पाएं कि भारत विश्वगुरु बनेगा या नहीं, लेकिन हमें इस संदेह से मुक्त होना चाहिए। भागवत जी ने जोर देकर कहा कि सही दिशा में प्रयास जारी रखने से लक्ष्य जरूर हासिल होगा।

मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि देश में जब भी कोई विपदा आती है, संघ के कार्यकर्ता सबसे पहले राहत और बचाव कार्यों में जुट जाते हैं। उनकी यह प्रतिबद्धता संगठन की मजबूती का सबूत है। शताब्दी वर्ष के अभियान में स्वयंसेवक समाज के हर वर्ग तक पहुंच बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि राष्ट्र निर्माण में हर कोई अपना योगदान दे सके।

राम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि एक समय इसके निर्माण पर भी संदेह था, लेकिन अंत में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आया और मंदिर बन गया। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि जो होना तय है, वह निश्चित रूप से होकर रहेगा। यह उदाहरण देकर उन्होंने भविष्य के प्रति आशावाद और दृढ़ विश्वास का संदेश दिया। हरियाणा के समालखा में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संघ के संयुक्त महासचिव सी.आर. मुकुंद ने बताया कि शताब्दी वर्ष के डोर-टू-डोर अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने केरल में अकेले 55 हजार से ज्यादा मुस्लिम और 54 हजार से ज्यादा ईसाई परिवारों तक पहुंच बनाई। इन परिवारों ने स्वयंसेवकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अभियान का मकसद सिर्फ संगठन विस्तार नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक शक्ति का निर्माण करना है।

रांची से अपनी बेटी की शादी कर घर लौट रहे एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गई

# स्कॉर्पियो ट्रेलर से टकराई, 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के थाना दोहरीघाट क्षेत्र के बरसातपुर-अहिरानी हाईवे पर शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रांची से अपनी बेटी की शादी कर घर लौट रहे एक परिवार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रेलर से जा भिड़ी, जिसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में परिवार का पालतू कुत्ता भी नहीं बचा।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे स्कॉर्पियो वाहन बरसातपुर-अहिरानी हाईवे से गुजर रही थी। इसी दौरान वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया और अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चला गया। सामने से आ रहे ट्रेलर से उसकी जोरदार टक्कर हो गई।



## पांच लोगों की मौत

टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इधर घटना की सूचना मिलते ही थाना दोहरीघाट पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल मऊ के मर्चरी हाउस भेज दिया।

# इटली की प्रधानमंत्री का झुमके पहने फोटो वायरल

एजेंसी ▸▸ इटली



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की झुमके पहने तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। हाल ही में मेलोनी ने एक सेल्फी शेयर की, जिसमें वह चारकोल ब्लेजर और बेज रंग के कपड़ों के साथ फॉर्मल विंटर लुक में नजर आईं। लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान उनके झुमकों ने खींचा। यह घुंघरू जैसी डिजाइन के थे, जो भारतीय स्टाइल की पहचान माने जाते हैं। मेलोनी ने इस फोटो के साथ राजनीति से जुड़ा एक सख्त संदेश भी लिखा, जिसमें प्रोपेगेंडा, आजादी और इटली के हितों की बात की गई थी। लेकिन सोशल मीडिया पर लोग उस मैसेज से ज्यादा उनके झुमकों की चर्चा कर रहे हैं। कुछ ही मिनटों में भारतीय सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट सेक्शन भर दिया और इस अनोखे फैशन मोमेंट पर प्रतिक्रिया देने लगे।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जीवदया के समय में क्रुरता

गर्मी के भीषण मौसम में इंसान तो जैसे तैसे बच रहा है। उसे ईश्वर प्रदत्त बौद्धिकता मिली हुई है। मूक जीवों के लिए यह दौर बहुत ही कठिन होता है। वे चाहे पशु हों या फिर पक्षी। ऐसे में भी शहरी क्षेत्रों में आवारा जानवरों के साथ क्रुरता की स्थिति बराबर बनी हुई है। दया के दौर में क्रुरता की स्थिति यह है कि जानवरों के पीने के पानी को लेकर मानव प्रबंध की स्थिति नगण्य के समान है। रहवासी क्षेत्रों में लगे हैंडपंप एवं नलकूपों के पास छोटी-मोटी होद तक नहीं है जबकि वहां से पानी भरने के दौरान काफी पानी फिजूल बहता रहता है उसके बाद भी जीवों के लिए पानी की व्यवस्था करने में किसी को कोई लगाव नहीं है। पक्षियों के लिए भी नगण्य स्थिति में ही मानव अपनी दया दिखा रहा है। इस दौरान भी श्वानों को रोटी, पानी देने की बजाय वाहनों की छांव में नाली किनारे ठंडक में बैठने पर भी भगाया जा रहा है। लाठियों से मारपीट की जा रही है। अगर आवारा मवेशी घरों के पास के वृक्षों की छांव में बैठ रहे हैं तो उन्हें भी हकाला जा रहा है। झुलसा देने वाली गर्मी के दौरान इंसान तो पंखे एवं कुलर के साथ वातानुकुलित मशीन के उपयोग से अपने आप को बचा रहा है लेकिन जानवरों की प्राकृतिक छांव को भी छीनने पर उतारू हो गया है। तमाम संस्थाओं के निवेदन के बाद भी धर्मानुगत जीवदया के उद्हरण के बाद भी शहरी क्षेत्र में गिनती के मकानों के सामने जानवरों के पीने के पानी के पात्र एवं पक्षियों के लिए पात्र इस बात का सबूत हैं कि जीव दया के नाम पर इस समाज में मात्र धर्म पुस्तकों तक ही सिमटा हुआ है। कर्म में उसे उतारने की स्थिति ही नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि जीवदया के गिरते स्तर के कारण ही कई सारी समस्याएं जन्म ले रही है। मानव अपने साथ अन्य जीवों का सोचता तो पंचायती हैंडपंपों, नलकूपों के जीवों के पानी के लिए होद भी निर्मित होता। घरों के बाहर एवं छतों पर जीवों के लिए पानी रखा जाता। निश्चित तौर पर इसके दुष्प्रभाव से मानव बच नहीं सकता।

## न्यूज कॉलम

### आज शहीद पार्क पर होगी श्री सिंथेटिक्स कर्मचारियों की बैठक

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स के समस्त कर्मचारियों की बैठक आज 26 अप्रैल 2026 को प्रातः 11.30 बजे शहीद पार्क, उज्जैन पर रखी गई है। बैठक में मा.उच्च न्यायालय इंदौर की पीटिशन कर्मचारी राज्य बीमा के खिलाफ 6 महीने की सैलरी को प्राप्त करने के लिये लगाई गई है एवं कलकत्ता उच्च न्यायालय की याचिका में आने वाले शुक्रवार को सुनवाई होनी है दोनों पीटिशन के संबंध में बैठक में विस्तार से चर्चा की जावेगी। बैठक में आपरेटर साथी, स्टाफ के साथी एवं ठेकेदार के श्रमिकों से रामचन्द्र चौधरी, शिवाजीराव शिंदे, अमरसिंह गेहलोत, शीतल राठौर, रंजीत बोड़ाना, कैलाश धवन, राजेश समेले, नंदकिशोर सोलंकी ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनावें।

### माधव महा. में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पृथ्वी दिवस पर हुआ सेमिनार

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय की आईक्यूएसी, भूगोल विभाग और प्रकृति शोध सोसाइटी (उदयपुर) के क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत पृथ्वी दिवस पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। हमारी शक्ति, हमारा ग्रहः पृथ्वी को पुनर्संतुलित करने का प्रयास विषय पर आयोजित इस सेमिनार में विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण पर गहराई से मंथन किया। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष पद्मश्री मोहन नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि पृथ्वी को संकट से बचाना है तो दुनिया को भारत के रास्ते पर चलना पड़ेगा। हम भूमि पुत्र हैं और हमें भूमि की रक्षा करनी चाहिए। अथर्ववेद के पृथ्वी सूक्त का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि धरती को माता कहा गया है। हमारे बुजुर्ग सुबह धरती पर पैर रखते हैं तो उससे क्षमा मांगते हैं। हमारी संस्कृति में पेड़ों को भी प्राणवान और देवतुल्य माना गया है। आज धरती प्यासी है और हमें इसे पानी पिलाने की जरूरत है।

### किसानों ने कम मुआवजा राशि का अवार्ड पारित किये जाने पर ज्ञापन सौंपा

**उज्जैन।** ग्राम गोन्सा के किसानों की भू-अर्जन एवं पुनर्वास पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर व पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अन्तर्गत सिंहस्थ बायपास 4 लेन मय पेव्हड शोल्डर परियोजना निर्माण हेतु भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 0080/अ/82/2024-25 में पारित अवार्ड दिनांक 05.05.2026 जिसकी सूचना किसानों को 04.03.2026 को प्राप्त हुई है। जितनी मुआवजा राशि निर्धारित की गयी है वह वर्तमान बाजार मूल्य की तुलना में अत्यन्त कम है जो कि अधिनियम 2013 के अनुरूप नहीं है। बाजार मूल्य तो दूर जिले के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जारी की गयी गाईडलाईन के अनुरुप भी नहीं है। ग्राम गोन्सा की गाईडलाईन 18 लाख रुपए है जबकि 4.50 लाख रुपए के मान से मुआवजा दे रहे है यह कौन से वर्ष की गाईडलाईन है उसका उत्तर भी नहीं दिया जा रहा है। इस बात को लेकर 26 किसानों ने अपने दावे न्यायालय कलेक्टर व जिला भू अर्जन अधिकारी जिला उज्जैन ने वरिष्ठ अभिभाषक एन.एल.नागर के माध्यम से प्रस्तुत की है। जिसमें कहा गया है कि या तो स्वयं पुनः निर्णय करें या धारा 64 अनुसार प्राधिकरण अवधारण के लिये प्राधिकरण को निर्देशित करें।

## झुलसाने वाली गर्मी का दौर, लू के थपेड़ों ने बेहाल किया

# पारा 43 डिग्री पर

## सड़कों पर पसरा सन्नाटा जानवर भी ढूंढते रहे छांव



## गर्मी एवं उमस ने रात का आराम छिना और दिन में चेन नहीं मिला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



शनिवार को झुलसाने वाली गर्मी का दौर देखा गया। लू के थपेड़ों के दौरान सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। इस दौरान जानवर भी छांव ढूंढते देखे गए। जहां ठंडक मिली जानवर वहीं जम गए। गर्मी एवं उमस ने रात का आराम छिन लिया और दिन में भयंकर गर्मी ने चैन नहीं लेने दिया। गर्मी के कारण आमजन जीवन पूरी तरह से प्रभावित देखा जा रहा है। दिन में अधिकतम तापमान 43 डिग्री को पार कर रहा है।

पिछले कुछ दिनों से गर्मी की प्रचंडता बढ़ती जा रही है। पूर्व से घोषणानुसार पारा बराबर ऊपर की ओर चढ़ रहा है। पश्चिम की और से आ रही गर्म हवाओं से चले लू के थपेड़े न चैन लेने दे रहे हैं न ही राहत मिल रही है। ऐसे में आम आदमी के साथ ही मवेशी एवं जानवर बेहाल हो रहे हैं। शनिवार दोपहर को इस वर्ष का सबसे अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है। 43 डिग्री तापमान में झुलसाने वाली गर्मी रही है। सुबह के समय भी न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री दर्ज किया गया था। इसके चलते न रात को चैन मिला न ही दिन को आराम मिल सका है। गर्मी के कारण आम जनजीवन बेहाल हो रहा है।

- **सड़कों पर सन्नाटा -** शनिवार सुबह से ही तापमान के अधिक होने की स्थिति महसूस की जाने लगी थी। सुबह के समय ही सूर्य अपने रोद्र रूप में देखा जा रहा था। दोपहर होते-होते झुलसाने वाली गर्मी का अहसास होने लगा था। आम आदमी की शरीर की चमड़ी पर दोपहर में चिरमिराहट महसूस हो रही थी। दोपहर के समय में आवागमन के प्रमुख मार्गों के साथ बाजार में सन्नाटा जैसे हाल देखे गए। बाजारों में ग्राहकों की स्थिति नाममात्र को थी तो दुकानदार भी अपनी दुकानों के सामने पर्दे किए हुए थे। शहर की कालोनियों में भी पूरी तरह से सन्नाटा देखा गया।
- **जानवर दुबकते रहे इधर-उधर-** शहर की कॉलोनियों के साथ प्रमुख क्षेत्रों में आवारा मवेशियों की गर्मी के मारे बुरे हाल देखे गए। अपराह्न में भी आवारा मवेशी ठंडक वाले स्थानों एवं वाहनों की छांव में छुपते-छुपाते अपने आप को गर्मी के अहसास से बचाते देखे गए। पानी के लिए आवारा मवेशी इधर-उधर भटकते देखे जा रहे थे।



### सोमवार से शनिवार ऐसे रहे हाल

| दिन | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| सोमवार | 24.0 | 39.5 |
| मंगलवार | 22.0 | 40.0 |
| बुधवार | 21.0 | 40.2 |
| गुरूवार | 21.2 | 40.0 |
| शुक्रवार | 21.8 | 41.5 |
| शनिवार | 22.5 | 43.0 |

स्त्रोत- शासकीय जीवाजी वेधशाला, उज्जैन।
नोट- आंकडे डिग्री सेंटीग्रेड में है।

### दिन में 43 डिग्री रात में 22.5 डिग्री

शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शनिवार को रात का न्यूनतम तापमान सुबह 22.5 डिग्री दर्ज किया गया था। इस दौरान आर्द्रता 41 प्रतिशत दर्ज की गई थी। सुबह के समय 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी। सूर्य के आक्रोशित रूप के कारण शाम को दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया, जो कि इस वर्ष गर्मी के मौसम में सर्वाधिक तापमान रहा है। शाम को आर्द्रता मात्र 17 प्रतिशत दर्ज की गई। इस दौरान 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही थी।

### कुछ देर राहत, सूर्य बादलों की ओट में

दिन भर बैचेनी भरी गर्मी देने वाला सूर्य अपरांह में कुछ समय के लिए बादलों की ओट में आया इससे कुछ देर उसकी गर्मी से राहत तो मिली लेकिन उमस ने आम आदमी को बैचेन कर दिया। देर शाम तक उमस एवं गर्मी से आम आदमी बैचेन देखा गया है। इलेक्ट्रिक उपकरण पंखे एवं कुलर भी आम आदमी को घरों में राहत नहीं दे पा रहे थे उनसे भी गर्म हवा की स्थिति बनी रही।

## मंदिरों के गर्भगृह में फोटो-वीडियो शुटिंग पर प्रतिबंध

# उज्जैन महाकाल मंदिर में वर्षों से लागू, मां बगलामुखी नलखेड़ा में अब लगा प्रतिबंध

### क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं के आगमन एवं सुरक्षा के साथ मंदिर के गर्भगृह की पवित्रता कारण बने

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर में वर्षों पूर्व निजी व्यक्ति अथवा अन्य द्वारा गर्भगृह के भीतर किसी प्रकार की फोटो या वीडियो शूटिंग करना पूर्णतः वर्जित किया गया था। शुरूआत में इसे सःशुल्क किया गया था और बाद में मंदिर समिति के वीडियो एवं फोटोग्राफर के माध्यम से ही किया गया। इसी तर्ज पर अब क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों की प्रबंध समिति भी निर्णय ले रही है। हाल ही में मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा में भी फोटो एवं विडियोग्राफी प्रतिबंधित कर दी गई है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने करीब डेढ़ दशक पूर्व अपने निर्णय के तहत सशुल्क गर्भगृह में वीडियो एवं फोटोग्राफी की अनुमति देना शुरू किया था। इसके बाद बराबर इस नियम को चलाया गया। लंबे समय के अंतराल के बाद वीडियो शुटिंग एवं फोटोग्राफी पर आपत्ति उठने पर इसे भी प्रतिबंधित कर दिया गया। बकौल सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल गर्भगृह में फोटो एवं वीडियोग्राफी प्रतिबंधित है। अनुमति पर मंदिर समिति के वीडियोग्राफर ही उसे करते हैं। मेरी पदस्थी के पूर्व से ही यहां पर फोटो एवं वीडियोग्राफी को लेकर नियम लागू हैं।





### पूर्व में शुल्क लेकर अनुमति

इधर सामने आया कि पिछले कुछ वर्षों से इस नियम में सख्ती की गई और इसे पूरी तरह से ही निजी व्यक्ति के स्तर पर वर्जित कर दिया गया। वर्षों पूर्व मंदिर समिति वीडियो कैमरा एवं फोटो कैमरा के आधार पर किसी समय में दो हजार पांच सौ एवं उसके बाद तीन हजार पांच सौ रूपए लेकर अनुमति देती थी। कुछ वर्ष पूर्व ऐसे ही मामले में वीडियोग्राफी को लेकर आपत्ति की स्थिति बनने पर इसे भी बंद कर दिया गया। बकौल सहायक प्रशासक जूनवाल धर्मस्थल की पवित्रता एवं मर्यादा को लेकर इसे लागू किया गया।



### अनुमति से हो सकेगी फोटो-वीडियो शूटिंग

प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माँ बगलामुखी मंदिर, नलखेड़ा के गर्भगृह की किसी भी प्रकार की फोटो, वीडियो, रील अथवा अन्य शूटिंग को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। पवित्रता एवं धार्मिक मयार्दा बनाए रखने हेतु प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। गर्भगृह में शूटिंग का कार्य केवल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा पूर्व में अधिकृत एवं अनुमति प्राप्त व्यक्ति द्वारा ही किया जा सकेगा। यह अनुमति भी समिति के दिशा-निर्देशों एवं निगरानी में ही मान्य होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी श्रद्धालु, निजी व्यक्ति अथवा अन्य द्वारा गर्भगृह के भीतर किसी प्रकार की फोटो या वीडियो शूटिंग करना पूर्णतः वर्जित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि अनुसार कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सचिव माँ बगुलामुखी मंदिर प्रबंधन समिति ने सभी श्रद्धालुओं एवं संबंधित व्यक्तियों से अपील की है कि वे मंदिर की पवित्रता एवं गरिमा बनाए रखने के लिए जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें।

## 10 करोड़ की लागत से बन रहे चार्जिंग स्टेशन का महापौर ने किया निरीक्षण

### 100 इलेक्ट्रिक बसों का जल्द होगा संचालन



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर में आधुनिक परिवहन सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए मक्सी रोड स्थित सिटी बस डिपो पर लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। उज्जैन में बन रहा यह चार्जिंग स्टेशन इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का केंद्र रहेगा। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि चार्जिंग स्टेशन तैयार होते ही 100 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा। जिससे शहरवासियों को बेहतर सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त परिवहन सुविधा मिलेगी। शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपयंत्री कृष्णा भूरिया ने बताया कि फिलहाल वर्कशॉप बिल्डिंग और ऑफिस का निर्माण कार्य चल रहा है। यह चार्जिंग स्टेशन तैयार होने के बाद 100 से अधिक बसों को एक साथ चार्ज करने की सुविधा प्रदान करेगा। इससे शहर में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को बढ़ावा मिलेगा और प्रदूषण को कम करने में भी मदद मिलेगी। इस परियोजना में यात्रियों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए मीटिंग रूम, डिपो मैनेजर कक्ष, ऑफिस रूम और गार्ड रूम जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं भी बनाई जा रही हैं। इससे बस संचालन को बेहतर और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी काम निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

## तरणताल सुबह 6 से रात 10 बजे तक खुला रहेगा, अलग-अलग शिफ्ट व शुल्क तय

### महिला, पुरुष और परिवार के लिए अलग समय स्लॉट, नगर निगम ने सुविधाओं और नियमों के साथ शुरू किया संचालन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देवास रोड स्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर का आधुनिक स्विमिंग पूल (तरणताल) शहर के तैराक प्रेमियों के लिए शुरू कर दिया गया है। नगर निगम द्वारा तैराकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग शिफ्ट एवं शुल्क का निर्धारण किया गया है।

निगम के अनुसार, 18 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों के लिए मासिक शुल्क 2000 रुपए और साप्ताहिक शुल्क 600 रुपए निर्धारित किया गया है, वहीं 3 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए मासिक शुल्क 1500 रुपए एवं साप्ताहिक शुल्क 400 रुपए रखा गया है। तरणताल का संचालन नगर निगम के अधीन रहेगा और निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर प्रभारी अधिकारी के रूप में जितेंद्र पाल सिंह जादौन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।



तरणताल का संचालन प्रत्येक सोमवार को बंद रहेगा। हर शिफ्ट 1 घंटे की होगी, जिसमें 45 मिनट तैराकी के लिए निर्धारित रहेंगे। संचालन समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा।

- **समय सारणी (शिफ्ट अनुसार)-** प्रथम शिफ्ट में सुबह 6 से 7 बजे तक तैराकों के लिए, 7 से 8 बजे तक महिलाओं के लिए, 8 से 9 बजे तक परिवार के लिए और 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पुरुषों के लिए समय आरक्षित किया गया है। द्वितीय शिफ्ट में दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक पुरुषों के लिए, 7 से 8 बजे तक महिलाओं के लिए, 8 से 9 बजे तक परिवार के लिए तथा 9 से 10 बजे तक तैराकों के लिए समय निर्धारित किया गया है।
- **नियम व आवश्यक निर्देश-** तरणताल में सभी के लिए स्विमिंग कॉस्ट्यूम अनिवार्य होगा। पुरुषों को नायलॉन शॉर्ट और महिलाओं को स्विमसूट पहनना जरूरी है। तैराकी के दौरान मेटल के आभूषण पहनना प्रतिबंधित रहेगा। परिसर में स्वच्छता बनाए रखना अनिवार्य होगा और बाहर से खाद्य पदार्थ लाना व पालतू जानवर लाना प्रतिबंधित है।

## न्यूज ब्रीफ

### जनगणना को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने दिए सख्त निर्देश

**इंदौर।** इंदौर में जनगणना 2027 को लेकर कलेक्टर का सख्त आदेश है कि सरकारी कर्मचारियों के अवकाश निरस्त होने के साथ ही मुख्यालय छोड़ने पर भी रोक लगा दी है। आदेश के मुताबिक अब किसी भी लोकसेवक को मुख्यालय छोड़ने से पहले अपर कलेक्टर व जिला जनगणना अधिकारी से लिखित मंजूरी लेनी होगी। सभी लोकसेवक मुख्यालय पर रहेंगे और जनगणना अधिकारी के आदेश पर तुरंत उपस्थित होना होगा। इसी तरह से बीमारी के लिए अवकाश चाहिए तो जिला मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट देना जरूरी होगा। आदेश में साफ चेतावनी है कि अगर कोई लोकसेवक बार-बार अवकाश लेता पाया गया तो उसके खिलाफ अनिवार्य सेवानिवृत्ति यानी कंपल्सरी रिटायरमेंट की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

### बंधक श्रम रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**इंदौर।** बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागृह, इंदौर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा की गई। बैठक में सहायक श्रमायुक्त राखी जोशी ने जिले में बाल श्रम एवं बंधक श्रम से संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### मामा-मामी बने मकान के कब्जाधारी! भांजी बोली—धमकी

**इंदौर।** इंदौर में पारिवारिक रिश्तों का कड़वा सच सामने आया है, जहां एक युवती ने अपने ही मामा-मामी पर मकान कब्जाने और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी शबनूर खान ने शिकायत में बताया कि माता-पिता के निधन (2023) के बाद अब उनके नाना-नानी का शालीमार पैलेस स्थित मकान विवादों में घिर गया है। शबनूर के मुताबिक, यह मकान उनकी मां साजेदा परवीन के नाम पर है, लेकिन मामा हारून रसीद (उर्फ जावेद इकबाल) और मामी इरम नाज अब उस पर अपना हक जता रहे हैं। आरोप है कि दोनों पहले ही अपना हिस्सा ले चुके हैं, फिर भी अब जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। शिकायत में दावा किया गया है कि मामा-मामी उन्हें जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं और पैसे मांग रहे हैं। इतना ही नहीं, मौसी के घर जाकर ?10 लाख की डिमांड तक कर डाली। शबनूर का कहना है कि विपक्षी पक्ष ने कॉल रिकॉर्डिंग का सिर्फ एक हिस्सा दिखाकर उनके मौसा सिराजुद्दीन पर झूठा केस दर्ज कराया है, जबकि असल में मामी खुद गाली-गलौज कर रही थीं। युवती ने आरोप लगाया कि लगातार धमकियों और दबाव के चलते वह खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। परिवार को मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है और जान से मारने की धमकी तक दी गई है। शबनूर खान ने अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन ने रनवे के पास छोड़ा गड्ढा: न संकेतक, न लाइटिंग की

**इंदौर।** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यह मामला रनवे से जुड़ा है, जहां केबलिंग कार्य के लिए रनवे के पास गड्ढा खोदा गया है। हैरानी की बात यह है कि आम सड़कों की तरह इस गड्ढे को न तो तुरंत भरा गया और न ही आसपास कोई सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। इस लापरवाही के चलते एयरपोर्ट पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि, एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि काम का हिस्सा है और गड्ढा रनवे से कुछ मीटर दूरी पर है। सूत्रों के अनुसार, टर्मिनल के सामने रनवे के पास केबलिंग और डक्टिंग कार्य के लिए कुछ समय पहले यह गड्ढा किया गया था। नियमों के मुताबिक रनवे के आसपास खोदे गए गड्ढों को तुरंत भरना जरूरी होता है, लेकिन यहां कई दिनों से इसे खुला छोड़ दिया गया है। इसके अलावा, यदि किसी क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा हो या गड्ढा खुला हो, तो वहां संकेतक और सुरक्षा इंतजाम करना अनिवार्य होता है। लेकिन यहां इन नियमों का पालन नहीं किया गया और गड्ढा बिना किसी चेतावनी के खुला पड़ा है।

### तहसील स्तर तक हो रहा हवाई सेवाओं का विस्तार

**इंदौर।** प्रदेश में विमानन क्षेत्र को विकेंद्रीकृत करते हुए हवाई सुविधाओं को तहसील स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। हवाई सेवाएं केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि हर क्षेत्र तक पहुंचें। इसी दृष्टि से प्रत्येक तहसील ब्लॉक में हेलीपैड विकसित करने की योजना है। प्रदेश में हर 150 किलोमीटर पर एक कॉमर्शियल एयरपोर्ट, 75 किलोमीटर पर एयरस्ट्रिप और 45 किलोमीटर के दायरे में हेलीपैड विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करेगी और दूरस्थ क्षेत्रों के आर्थिक विकास को नई गति देगी। विगत दो वर्षों में मध्यप्रदेश ने हवाई सेवाओं के विस्तार में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। दतिया प्रदेश के 8वें हवाई अड्डे के रूप में अपनी सेवा दे रहा है। रीवा, सतना और दतिया की सफलता के बाद अब शिवपुरी और उज्जैन में भी नए हवाई अड्डों की तैयारी तेजी से चल रही है।

# ट्रांसफार्मर को कवर करने का काम शहरी क्षेत्र में शुरू

### गर्मी में बिजली कंपनी की छोटी-छोटी कटौती आमजन को झटके दे रही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने शहरी क्षेत्र में सुरक्षा की जागृति दिखाना शुरू कर दिया है। इसके उलट कंपनी के ग्रामीण क्षेत्र में जमीन से झुलते तारों को लेकर अब भी उदासी की स्थिति देखी जा रही है। गर्मी के मौसम में कंपनी की छोटी-छोटी कटौती आमजन को झटके दे रही है।सुबह नींद के समय भी यह कटौती की जा रही है। बिजली कंपनी ने देर आयद दुरूस्त आयद की तर्ज पर आमजन एवं जानवरों की सुरक्षा के प्रति गंभीरता दिखाई है। अब बिजली कंपनी गिने चुने ट्रांसफार्मर को जालियों से कवर्ड करने के लिए काम कर रही है। इसमें भी खास पक्ष यह उभरकर सामने आ रहा है सुरक्षा जरूरत के स्थानों की अनदेखी की जा रही है।

### शहरों में जागी कंपनी, गांवों में अब भी बूरे हाल



#### एक डीपी कवर्ड, पास की दो अछुती

बिजली कपंनी ने हाल ही में शहरी क्षेत्र के महाश्वेता जोन अंतर्गत विशाला क्षेत्र में डिवाईन वेली नगर निगम नर्सरी के पास लगे ट्रांसफार्मर को जाली से कवर्ड किया है। खास यह है कि कंपनी ने विकास प्राधिकरण के गोडाउन के पास नया ट्रांसफार्मर एवं डीपी स्थापित की है जिसे इससे अछुता रखा गया है। इससे भी खास यह है कि भरतपुरी में सार्वजनिक स्थल पर मात्र दो मीटर की दुरी पर दो अलग-अलग ट्रांसफार्मर और डीपी लगी है। ये दोनों ही पूरी तरह से खुले हुए हैं। खास तो यह है कि यहां रजिस्ट्रार विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों के आगंतुक इनके आसपास ही अपने वाहन खडे करते हैं।


#### क्षेत्र में झूल रहे तार

जिले में ट्रांसफार्मर एवं झूलते तारों की समस्या पुरानी है। इसे लेकर किसानों ने कई बार आवाज बुलंद की लेकिन कंपनी ने अब तक हाल नहीं सुधारे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में झूलते तारों से कई दुर्घटनाएं होने के उपरांत भी इस व्यवस्था को सुरक्षात्मक रूप नहीं दिया गया है। हाल ही में घट्टिया थाना क्षेत्र के कदवाली में झूलते मौत के तारों को देखकर क्षेत्रीय डीएसपी भारतसिंह यादव ने अपना शासकीय वाहन रूकवाया था। इसे लेकर उन्होंने बिजली कंपनी के जिम्मेदारों को आगाह भी किया था।हादसे को आमंत्रण देते खतरनाक तारों को देखकर डीएसपी ने मौके से ही बिजली कंपनी के अधिकारियों को फोन किया उन्होंने साफ लहजे में कहा कि यह गंभीर जोखिम है और किसी की जान जा सकती है। उन्होंने न सिर्फ तारों को तुरंत ठीक करने के लिए कहा बल्कि जिम्मेदार कर्मचारियों को चेताया भी लेकिन उससे कंपनी के जिम्मेदारों पर बहुत असर नहीं आया है।

**तराना में कटौती से परेशानी**-तराना नगर पलक झपकते दोपहर के समय बिजली गुल होने से लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। बस स्टेण्ड क्षेत्र के साथ खेडापति हनुमान मंदिर के पीछे वाले रहवासी परेशानी का सामना कर रहे है। यहां बिजली की सप्लाय एक घंटे बाधित रहती है और उसके उपरांत फेस जोडने के बाद मात्र 20 मिनिट ही सप्लाय मिलती है और फिर वहीं हाल कायम हो रहे हैं। कर्मियों की मनमानी के हाल ऐसे हैं की उनका जवाब होता है दुसरा लाईन मेन आएगा उससे जुडवाना। नियमित रुप से प्रतिदिन हो रही कटौती लोगों की समझ से परे हैं। नगर परिषद होने के बावजूद यहां की विद्युत व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र से भी बदतर होती जा रही है।

# दो पक्षों में लाठी और पत्थर चले, एक व्यक्ति घायल

### पैसों के लेन-देन में काका-बाबा के भाईयों के बीच झगड़ा





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन जिले के उन्हेल थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गुराड़ियासागा में पुराने लेनदेन के विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। जहां दोनों ओर से पत्थर और डंडे चले, वहीं करीब 15-20 लोगों ने एक युवक पर पीछे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के सदस्यों के बीच लंबे समय से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार सुबह कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और मारपीट में बदल गया। बताया जा रहा है कि यह विवाद परिवार के एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार के दौरान हुए लेनदेन से जुड़ा है, जिसे लेकर दोनों पक्षों में वर्षों से तनाव बना हुआ था।

#### शादी के समय भी आरोपियों ने किया हंगामा

पीड़ित रंजीत ने बताया कि 20 अप्रैल को उसके घर में शादी थी। इस दौरान भी आरोपियों ने मेहमानों के सामने हंगामा किया। इसके बाद से ही विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था। रंजीत के मुताबिक 24 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे वह घर के बाहर खड़ा था, तभी उसके बड़े पापा दशरथ का बेटा ओमप्रकाश वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर ओमप्रकाश ने लोहे के पाइप से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए उसके जीजा दीपक और सुनील मकवाना भी झगड़े में शामिल हो गए।

#### सिर में आई गंभीर चोट

हमले में रंजीत के सिर में गंभीर चोट आई। उसे तुरंत उज्जैन के चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी उसके छोटे भाई को भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार में दहशत का माहौल है।

#### पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना के बाद रंजीत ने उन्हेल थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हमलावरों की हरकतें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं।

पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 115(2), 296() और 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच एएसआई देवीलाल मालीवाड़ को सौंपी गई है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### चोरी की शंका में रस्सी से बांधकर लोगों ने युवक को पीटा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन जिले के घट्टिया थाना क्षेत्र में चोरी के शक में एक युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। ग्राम ढाबला रेहवारी में ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर आधे घंटे तक रस्सी से बांधकर सड़क पर रखा। घटना का वीडियो शनिवार को वायरल हुआ। जानकारी के मुताबिक, ग्रामीणों ने घेराबंदी कर राहुल पिता मोहनलाल साठिया (निवासी नागझिरी) को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। आक्रोशित भीड़ ने युवक को चोर समझकर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी और उसके पैर रस्सी से बांधकर सड़क पर पटक दिया। युवक के पास से कुछ लोहे के उपकरण मिलने पर ग्रामीणों का शक और बढ़ गया और उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी।



निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

### सिंहस्थ में करीब 6 करोड़ श्रद्धालुओं का ओंकारेश्वर पहुंचना अनुमानित

#### भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत किए जाए सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्य

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

अपर प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संजय दुबे ने कहा कि सिंहस्थ 2028 के लिए ओंकारेश्वर में किए जाने वाले सभी निर्माण कार्यों में भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में सिंहस्थ के व्यस्ततम समय के लिए अनुमानित दर्शन क्षमता के अनुरूप भीड़ प्रबंधन के लिए होल्डिंग एरिया, आमजन और विशिष्टजन के लिए पृथक कारिडोर तथा आपातकालीन चिकित्सा रूट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग क्षेत्र में ईवी चार्जिंग प्वाइंट, ई-कार्ट, बैटरी संचालित साइकिल और व्हीलचेयर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने पैदल चलने वाले दर्शनार्थियों के लिए थोड़ी थोड़ी दूरी पर पेयजल की व्यवस्था करने तथा घाटों के समीप कुंड तैयार किए जाने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव श्री दुबे ने कहा कि कुबेर भंडारी और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर तैयार किए जाने वाली पार्किंग सुविधा के लिए मास्टरप्लान के अनुरूप वन अनुमति शीघ्र प्राप्त की जाए।

# सिंहस्थ से पहले उज्जैन में अधिकारियों की ट्रेनिंग

### श्रद्धालुओं से अच्छा व्यवहार करना सीख रही मप्र पुलिस

#### 21 दिन की ट्रेनिंग, अलग-अलग सत्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ 2028 कुम्भ के लिए पुलिस प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। आयोजन से करीब दो साल पहले ही पुलिस अधिकारियों को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि मेले को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सके। उज्जैन के पुलिस लाइन स्थित कम्युनिटी हॉल में 22 अप्रैल से 21 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। इसमें प्रदेशभर से आए पुलिस अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। ट्रेनिंग को दो सत्रों में बांटा गया है, जिसमें थ्योरी के साथ-साथ फील्ड विजिट भी कराया जा रहा है।



#### मानसिक संतुलन और सेवा भाव पर भी जोर

मऊ एसपी दिलीप कुमार सोनी ने अधिकारियों को शाही स्नान और सामान्य दिनों की भीड़, उनके आगमन और प्रबंधन की जानकारी दी। साथ ही पुलिसकर्मियों को मानसिक संतुलन, अनुशासन, टीम भावना और जनसेवा के भाव के साथ काम करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

#### 117 अधिकारी बनेंगे मास्टर ट्रेनर

इस ट्रेनिंग में शामिल 117 अधिकारी आगे चलकर मास्टर ट्रेनर बनेंगे। ये अधिकारी प्रदेश के अन्य जिलों में जाकर पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग देंगे। बाद में इन्हीं प्रशिक्षित अधिकारियों को सिंहस्थ के दौरान ड्यूटी के लिए उज्जैन बुलाया जाएगा। उज्जैन पुलिस द्वारा यह प्रशिक्षण पूरी तरह व्यवहारिक और तकनीक आधारित रखा गया है। इसमें घाटों की सुरक्षा, आपातकालीन व्यवस्था, समन्वित पुलिस प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण जैसे पहलुओं पर खास जोर दिया जा रहा है।

पुलिस क्वार्टर में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी..

# ट्रैफिक पुलिस आरक्षक ने किया सुसाइड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के मल्हारगंज थाना क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस के एक आरक्षक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार को घटना की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। फिलहाल घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एडिशनल डीसीपी सुमित केरकट्टा के अनुसार, चौथी पल्टन स्थित पुलिस क्वार्टर की पहली मंजिल पर रहने वाले ट्रैफिक आरक्षक अंकित तोमर (29) ने यह कदम उठाया। कमरे की तलाशी लेने पर भी कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। ऐसे में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत जुटाए हैं। अंकित पिता धर्मपाल सिंह तोमर उत्तर प्रदेश के बागपत जिले का रहने वाला था। शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतक के सगे चाचा इंदौर ही रहते है, वह भी अस्पताल में है।



#### ड्यूटी से लौटने के बाद किया सुसाइड

शुरुआती जानकारी के अनुसार, अंकित तोमर का चयन दिल्ली पुलिस में हो चुका था और वह 3-4 महीने में ज्वाइन करने वाला था। वह अविवाहित था और एसीपी ट्रैफिक ईस्ट कार्यालय में लिपिकीय कार्य देख रहा था। पुलिस को साथियों से जानकारी मिली है कि अंकित शुक्रवार रात करीब 10 बजे ड्यूटी से घर लौटा था। इसके बाद रात में ही यह घटना हुई। छुट्टी नहीं मिलने की बात भी सामने आई है, हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हो सकी है।

**कहासुनी में हत्या** = इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना शुक्रवार रात की है। आरोपियों ने युवक को ढाबे पर बुलाकर शराब पिलाई और फिर उस पर हमला कर दिया। शनिवार को शव का



## न्यूज कालम



### म.प्र. न.पा. कर्मचारी संघ में नगर परिषद-पुनासा में इकाई का हुआ गठन

**खंडवा।** प्रदेश अध्यक्ष-सुरेन्द्रसिंह सोलंकी (म.प्र. नगरनिगम, नगरपालिका कर्मचारी संघ), मुख्य नगरपालिका अधिकारी-राजकुमार ठाकुर, लेखापाल मो.शाहीन खान, अमित नामदेव (सहा. वर्ग ३) की उपस्थिति में नगर परिषद पुनासा में इकाई का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मिति से अखिलेश मंडलोई-इकाई अध्यक्ष निर्वाचित हुये तथा उपाध्यक्ष विशाल गुर्जर, महामंत्री बलराम यादव, सचिव कैलाश सावनेर, विकास पाटीदार, संगठन सचिव सुनील सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद लोवंशी सहित गजेंद्र, अरुण, आशीष, विकास, सुनीता, देवेंद्र, गोपाल, राजेंद्र, भगवान व अन्य कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए।नवनियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संघ कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर निकाय के सभी वर्गों के कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी गई।

### मुंदी-पुनासा मार्ग पर पलटा राखड से भरा डम्पर, कोई जनहानि नहीं



**खंडवा/मुंदी।** मुंदी-पुनासा मार्ग पर गोंडखेड़ा के समीप वन क्षेत्र में गुरुवार की रात्रि संत सिंगाजी ताप परियोजना की राखड से भरा डंपर पलट गया बताया जाता है कि घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई। लेकिन आवागमन प्रभावित हुआ।वही मुख्य मार्ग पर बड़ी मात्रा में राखड़ फैली होने के कारण दिन में इस मार्ग से आवागमन करने वाले दो पहिया चार पहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### इटावा माताजी सैनफोर्ड वेयरहाउस उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन कार्य सुचारू

**रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले ने बताया कि जिले में सभी उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का काम कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से चल रहा है । आज सैनफोर्ड वेयरहाउस, इटावा माताजी रोड पर सेवा सहकारी समिति धराड़ द्वारा जो उपार्जन केंद्र संचालित किया जा रहा है।

# केंद्रीय विद्यालय में कक्षा-1 का प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया, नन्हे-मुन्नों का स्वागत गीत व नृत्य से किया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नेपानगर



नगर के केंद्रीय विद्यालय में आज कक्षा-1 का प्रवेश उत्सव मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों का आज विद्यालय में पहला दिन रहा, जिसे विद्यालय परिवार के प्राथमिक विभाग द्वारा यादगार बनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन मनीष सिंह ने किया और अत्यंत प्रसन्नता व उत्साह के साथ विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया। प्राचार्य रामावतार यादव ने बताया कि यह एक रोमांचक यात्रा है जिसे हम एक साथ शुरू करने जा रहे हैं, जो सीखने, विकास और अनंत संभावनाओं से भरी है। उन्होंने कहा कि चाहे यह कक्षा में पहला अनुभव हो या शैक्षिक यात्रा जारी हो, हम एक साथ इस समय का अधिकतम लाभ उठाएंगे।

प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने संगीत शिक्षिका रचना मरकाम के मार्गदर्शन में स्वागत गीत व सुंदर नृत्य से पहली कक्षा के बच्चों का जोरदार स्वागत किया। प्राचार्य यादव ने कहा कि हम बच्चों के भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक मजबूत नींव रखेंगे। इंटरैक्टिव गतिविधियों में शामिल होंगे और एक सहायक और समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देंगे। हमारा उद्देश्य न केवल ज्ञान प्रदान करना है बल्कि विद्यार्थियों की जिज्ञासा, आलोचनात्मक सोच, कौशल और सीखने के प्रति प्रेम को विकसित करना भी है। कक्षा शिक्षक मनीष सिंह और सीनियर प्राथमिक शिक्षकों ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी भागीदारी और समर्थन बहुत महत्वपूर्ण है। बच्चों को जंक फूड/फास्ट फूड से दूर रखने के लिए भी प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाई वितरित कर निरंतर विद्यालय में उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया गया। प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका पूनम वर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के आयोजन में वरिष्ठ शिक्षक ए.पी. कोरी, सीसीए प्रभारी भगवती लाल भील, संगीत शिक्षिका रचना मरकाम, पूनम वर्मा, विशाल हल्दे, राहुल वर्मा, श्रद्धा चौबे, यशिका राठौड़ व अन्य शिक्षकों ने सहभागिता दी।

# मोरटक्का पुल पर ट्रक ने मारी एक्टिवा को टक्कर, बिजली कार्यालय के कर्मचारी की मौत

## हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर भागा, पुलिस ने ट्रक को किया जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद

इंदौर-इच्छापुर हाईवे स्थित मोरटक्का पुल एक बार फिर खून से सन गया गया। शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में सनावद बिजली कंपनी के कार्यालय में पदस्थ एक 34 वर्षीय कर्मचारी की जान चली गई। अनियंत्रित आयशर वाहन ने एक्टिवा सवार युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुराणा नगर (बड़वाह) निवासी मोहन सिंह चौहान (34) सनावद स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में कार्यरत थे। शनिवार सुबह वे अपनी एक्टिवा से रोजाना की तरह ड्यूटी पर सनावद जा रहे थे। मोरटक्का पुल पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार आयशर वाहन (क्रमांक एमपी-09-जीजी-6067) ने उनकी एक्टिवा को जबरदस्त टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि मोहन सिंह के हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों और एंबुलेंस की मदद से उन्हें तुरंत बड़वाह सिविल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तत्काल इंदौर रेफर कर दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश इंदौर ले जाते समय रास्ते में ही मोहन सिंह ने दम तोड़ दिया।हादसे के बाद आरोपी आयशर ड्राइवर अपना वाहन मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

# आचार्य श्री विभव सागर महाराज ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश, घर-घर रंगोली मांड कर किया पाद प्रक्षालन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



तप, त्याग एवं संयम की नगरी सनावद में आचार्य श्री विभव सागर महामुनिराज ससंघ का खंडवा की ओर से भव्य मंगल प्रवेश हुआ। प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि महाराष्ट्र के पुसेगाँव एवं भुसावल में पंचकल्याणक संपन्न कर इंदौर की ओर विहार कर रहे आचार्य श्री विभव सागर जी (9 पिच्छी) का नगर आगमन हुआ। समाजजनों ने ढकलगांव फाटा, खंडवा रोड पर पहुंचकर आचार्य संघ की आगवानी की।

आचार्य संघ ने नगर भ्रमण कर सभी जैन मंदिरों एवं गृह चैत्यालयों के दर्शन किए। इसके बाद श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पहुंचे जहां आचार्य श्री के सानिध्य में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक व शांतिधारा संपन्न हुई।

प्रवचन हॉल में आचार्य श्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुवे कहा की, "जिस चीज का संयोग है, उसका नियम से वियोग है। चाहे पुण्य का संयोग हो या पाप का। मृत्यु के पूर्व आयु कर्म का बंध नियम से होता है।" उन्होंने आगे कहा, "यह सनावद नगरी धर्म तीर्थ के समान है। यहां से राष्ट्र गौरव आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज सहित 18 त्यागी निकले हैं। ऐसी नगरी में प्रतिवर्ष साधु संतों का चातुर्मास होना चाहिए, जिससे धर्म की वृद्धि हो।इस अवसर पर आहार दान का सौभाग्य मुकेश कुमार जैन 'शुभम पेप्सी' एवं सावित्री बाई कैलाशचंद जटाले परिवार एवं संगस्त त्यागीयो को प्राप्त हुआ। दोपहर में तत्व चर्चा व स्वाध्याय कक्षा तथा शाम को आचार्य भक्ति, सामायिक व आरती संपन्न हुई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# खंडवा के इमलीपुरा क्षेत्र में नकली घी फैक्ट्री पर छापा, पशु चर्बी से बनाया जा रहा था घी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ खंडवा



शहर के इमलीपुरा क्षेत्र स्थित बेगम पार्क के सामने एक गली में शुक्रवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित नकली घी बनाने वाले कारखाने पर छापा मारा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यहां पशुओं की चर्बी से घी तैयार किया जा रहा था, जिसे बाजार में खपाने की तैयारी थी।कार्रवाई के दौरान मौके से बड़ी मात्रा में चर्बी से बना घी जप्त किया गया है।

टीम ने फैक्ट्री में रखे कच्चे माल, तैयार घी और उपकरणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन को आशंका है कि यह घी लंबे समय से बाजार में सप्लाई किया जा रहा था।

मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट बाजार बहादुर सिंह, निगम उपायुक्त एसआर सितोले मोघट, मोघट थाना टीआई धीरेश धारवाल सहित प्रशासन और पुलिस के कई अधिकारी मौजूद हैं। कार्रवाई अभी जारी है और पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक, इस मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग भी जांच करेगा और सैंपल लेकर लैब भेजे जाएंगे। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

# जिला अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

## कलेक्टर हर्ष सिंह ने दिए बेहतर उपचार व सुविधाएं सुदृढ़ करने के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



शुक्रवार को कलेक्टर हर्ष सिंह की अध्यक्षता में जिला चिकित्सालय में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता एवं अस्पताल परिसर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं आवश्यक दवाइयां समय पर उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए शीतल पेयजल एवं समुचित प्रतीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर हर्ष सिंह ने अस्पताल की मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर देते हुए फिजियोथैरेपी कक्ष को सुदृढ़ करने, व्हीलचेयर, स्ट्रेचर, गद्दे, बेड, मच्छरदानी एवं अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने, नए वार्डों को शीघ्र प्रारंभ करने तथा स्टाफ की उपस्थिति एवं ड्यूटी टाइमिंग की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए एवं मरीजों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई, जिसमें कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय, सड़क निर्माण, चैनल गेट स्थापना, इम्प्लांट क्रय, गद्दों की व्यवस्था तथा 5 बेड के आईसीयू की स्वीकृति शामिल है। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, सीएमएचओ आर.के.वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं बेहतर करने के दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



बुरहानपुर मे 24 अप्रैल शुक्रवार को कलेक्टर हर्ष सिंह जिला चिकित्सालय पहुंचे और वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों और कक्षों का अवलोकन कर मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर सिंह ने सिकल सेल वार्ड, महिला वार्ड, गर्भवती महिला ओपीडी, प्रसूति प्रतीक्षालय, लू एवं डायरिया वार्ड और नवीन कक्षों सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ सफाई, उपलब्ध संसाधनों और चिकित्सा सेवाओं की स्थिति देखी।

निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वार्डों में स्वच्छता बनाए रखी जाए। साथ ही मरीजों को समय पर बेहतर उपचार और सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर हर्ष सिंह ने खुद मरीजों से संवाद किया और अस्पताल में मिल रही सुविधाओं, उपचार व्यवस्था और स्टाफ के व्यवहार के बारे में फीडबैक लिया। मरीजों ने अपनी समस्याएं और सुझाव सीधे कलेक्टर के सामने रखे।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, सीएमएचओ डॉ. आर.के. वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी

पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल, बड़वानी के हाईस्कूल विभाग का इस वर्ष का परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने अभिभावकों बल्कि संस्था का भी नाम गौरवान्वित किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुल 22 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में तथा 22 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता अर्जित की। प्रथम श्रेणी में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रमुख विद्यार्थियों में देवराज तोमर (88 प्रतिशत), दिनेश तरोले (82 प्रतिशत), कृष्णा निगवाल (82 प्रतिशत), अंबाराम अवाया (81 प्रतिशत), अमन दिनेश (79 प्रतिशत), विजयी निगवाले (78 प्रतिशत), युवराज कोचक (78 प्रतिशत), प्रदीप जमरे (77 प्रतिशत), सचिन निगवाले (76 प्रतिशत) एवं सावन निगवाले (75 प्रतिशत) शामिल हैं।

विद्यालय के इस सराहनीय परिणाम पर संस्था के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास का परिणाम है। साथ ही, इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय परिवार ने शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग को दिया।

## जनगणना हेतु अंतिम एवं अतिरिक्त बेच का प्रशिक्षण संपन्न

**बड़वानी।** डिजिटल जनगणना 2027 हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा जनगणना कार्य शुरू किया जाएगा।इस हेतु अंतिम अतिरिक्त बेच का प्रशिक्षण श्री अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय में शनिवार सम्पन्न हुआ।जिला फील्ड ट्रेनर श्याम वास्कले ने जानकारी दी कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सुचिकरण,स्वगणना की जाना है।द्वितीय चरण में परिवार के सदस्यों की जानकारी लेकर जनगणना शुरू की जाएगी।जिला फील्ड ट्रेनर श्याम वास्कले ने निष्ठा के साथ जनगणना करने हेतु उपस्थित जनों को शपथ दिलाई।।उन्होंने सभी से अपील की है कि किसी भी प्रकार के दस्तावेज या ओटीपी देने की आवश्यकता नहीं है।इस दौरान एसडीएम श्री रमेश सिसोदिया,तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी सुनील सिसोदिया उपस्थित थे।

## वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई के लिए बनेगा वैकल्पिक मार्ग

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ 2028 महापर्व की तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को संभागायुक्त एवं सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रामादल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रामेश्वरदास महाराज के साथ वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई मार्ग का निरीक्षण किया।

सिंहस्थ के दौरान वैष्णव अखाड़ों की पेशवाई खाक चौक से शुरू होकर रामघाट तक पहुंचती है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्री मंगलनाथ मंदिर मार्ग, निकास चौराहा, सतीगेट, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और कहारवाड़ी होते हुए पूरे मार्ग का जायजा लिया।

सिंहस्थ 2028 को विश्वस्तरीय आयोजन बनाने की तैयारी है। अनुमान है कि इस महापर्व में देश-विदेश से 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन पहुंचेंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन अभी से व्यवस्थाएं मजबूत कर रहा है।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि इस बार संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पेशवाई के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तय किया जाए। ताकि श्रद्धालुओं की अधिक संख्या होने पर क्राउड मैनेजमेंट में परेशानी न हो।

वैष्णव अखाड़ों के शिविर मंगलनाथ मंदिर क्षेत्र में लगाए जाएंगे। प्रमुख स्नान के दौरान संत-महंत पेशवाई के रूप में रामघाट पहुंचकर शिप्रा नदी में स्नान करेंगे। महंत रामेश्वरदास महाराज ने भी पेशवाई के लिए वैकल्पिक मार्ग रखने का सुझाव दिया।

# पैसों के लेन-देन में काका-बाबा के भाईयों के बीच झगड़ा:दोनों पक्षों में लाठी और पत्थर चले

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन

उज्जैन जिले के उन्हेल थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गुराड़ियासागा में पुराने लेनदेन के विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया। जहां दोनों ओर से पत्थर और डंडे चले, वहीं करीब 15-20 लोगों ने एक युवक पर पीछे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार एक ही परिवार के सदस्यों के बीच लंबे समय से पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार सुबह कहासुनी के बाद मामला बढ़ गया और मारपीट में बदल गया। बताया जा रहा है कि यह विवाद परिवार के एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार के दौरान हुए लेनदेन से जुड़ा है, जिसे लेकर दोनों पक्षों में वर्षों से तनाव बना हुआ था।

पीड़ित रंजीत ने बताया कि २० अप्रैल को उसके घर में शादी थी। इस दौरान भी आरोपियों ने मेहमानों के सामने हंगामा किया। इसके बाद से ही विवाद लगातार बढ़ता जा रहा था। रंजीत के मुताबिक 24 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे वह घर के बाहर खड़ा था, तभी उसके बड़े पापा दशरथ का बेटा ओमप्रकाश वहां आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर ओमप्रकाश ने लोहे के पाइप से उस पर हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए उसके जीजा दीपक और सुनील मकवाना भी झगड़े में शामिल हो गए।

हमले में रंजीत के सिर में गंभीर चोट आई। उसे तुरंत उज्जैन के चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि आरोपी उसके छोटे भाई को भी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार में दहशत का माहौल है।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला**

घटना के बाद रंजीत ने उन्हेल थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें हमलावरों की हरकतें स्पष्ट दिखाई दे रही हैं।

पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296(ड्ढ) और 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले की जांच एएसआई देवीलाल मालीवाड़ को सौंपी गई है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# पेशी पर आए भाजपा के पूर्व पार्षद की मोटरसाइकिल हुई चोरी

## पुराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के गेट से मिली मोटरसाइकिल

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

शहर में शनिवार दोपहर एक वाहन गुम होने का मामला सामने आया। जिसे पुलिस और अभिभाषकों की तत्परता से कुछ ही समय में वाहन को बरामद कर लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 1 बजे पूर्व पार्षद सुरेंद्र जोशी न्यायालय में अपनी पेशी के लिए पहुंचे थे। करीब एक घंटे बाद जब वे वापस लौटने के लिए गेट नंबर २ पर पहुंचे, तो उनकी हीरो होंडा मोटर साइकिल वहां नहीं मिली।

घटना की सूचना तत्काल रतलाम अभिभाषक संघ के अध्यक्ष राकेश शर्मा को दी गई, जिन्होंने स्टेशन रोड थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए जांच शुरू की। हेड कांस्टेबल जितेंद्र बघेल ने चिता फोर्स के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें एक व्यक्ति वाहन को ले जाते हुए दिखाई दिया।

**पुराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के गेट से मिली मोटरसाइकिल**

इसी बीच एडवोकेट रईस कुरैशी को सूचना दी गई, जिनकी सतर्कता से वाहन पुराने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के गेट के पास से बरामद कर लिया गया। इस प्रकार न्यायालय में लगे चालू कमरे से सीसी टीवी से बहुत सहायता हुई।

**श्री जोशी ने माना सभी का आभार**

घटना के बाद पूर्व पार्षद श्री जोशी ने रतलाम अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री शर्मा, पुलिस प्रशासन, हेड कांस्टेबल बघेल, एडवोकेट शेख रईस कुरैशी एवं पंडित डॉ. ईश्वर बोराना (हाई कोर्ट एडवोकेट, रतलाम झ छोटे ठाकुर जी) का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर की गई कार्रवाई और समन्वय के चलते वाहन सुरक्षित मिल सका, जो पुलिस और अधिवक्ताओं की सजगता का परिचायक है।

**बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे चालू करवाए थे श्री शर्मा ने**

गौरतलब है कि जिला अभिभाषक संघ के नवीन अध्यक्ष ने अपना कार्यकाल संभालने के तुरंत बाद कोर्ट परिसर में लंबे समय से बंद पड़े सी सी टीवी कैमरे को चालू करने की कार्रवाई की जिसके परिणामस्वरूप कोर्ट परिसर में सभी सी सी टीवी कैमरे चालू हो गए।

## न्यूज -कॉलम

### नचाने की बात पर भाईयों ने युवक को मारे चाकू

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार रात श्याम राधे होटल के बाहर बारात में ढोल पर नाचने की बात पर अभिषेक पिता नंदकिशोर पोरवाल 24 साल निवासी इंगोरिया का ग्राम सुनेड़ा के रहने वाले अभिषेक जयसवाल से विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि अभिषेक जयसवाल और उसके भाई ने मिलकर चाकू से अभिषेक पोरवाल पर हमला कर दिया। बारात में हुई चाकूबाजी से अफरा-तफरी मच गई। हमला करने वाले भाई भाग निकले। घायल को उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने बताया कि डीजे बज रहा था, सब उस पर नाच रहे थे, इसी बीच वह और उसके कुछ साथियों ने ढोल पर नाचने के लिये ढोली का एक तरफ बुलाया, इस बात पर दोनों भाईयों ने विवाद करते हुए चाकू से हमला किया है। पुलिस के अनुसार मामले में चाकूबाजी का प्रकरण दर्ज कर दोनों भाईयों की तलाश की जा रही है। चाकूबाजी का एक मामला रात में देवासगेट थाना क्षेत्र के इंदौरगेट पर हुआ। मोहननगर में रहने वाले अम्बाराम पिता गंगाराम 35 साल को जितेन्द्र नामक युवक ने पेट में चाकू घोंप दिया। घायल ने बताया कि वह ढोल बजाने का काम करता है और इंदौरगेट पर उसकी दुकान है। चाकू मारने वाला जितेन्द्र भी ढोली है। 2 दिन पहले कार्यक्रम में ढोल बजाने की बात पर विवाद हुआ था। उस वक्त मामला शांत हो गया था। रात में जितेन्द्र बहाने से इंदौरगेट बुलाया। उसे पता नहीं था कि जितेन्द्र हमला कर देगा। इंदौरगेट पहुंचते ही जितेन्द्र चाकू से वार कर दिये।

### न्यायालय में बार-बार जमानत देने वाले पर केस दर्ज

**उज्जैन।** न्यायालय में मिथ्या जानकारी देकर बार-बार आरोपियों की जमानत देने वाले की जानकारी सामने आने पर नागदा न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा मामले में पुलिस शिकायत दर्ज कराने के निर्देश जारी किये। न्यायालय के लिपिक विष्णुकांत पिता प्रेमनारायण सोनी 42 साल द्वारा मामले की शिकायत नागदा पुलिस को दर्ज कराई। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर बार-बार जमानत देने वाले ग्राम असलाना के बनेसिंह पिता नाथुसिंह भील के खिलाफ बीएनएस की धारा 211, 212, 236, 237 का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। न्यायालय के लिपिक के अनुसार आरोपित ने बीएनएस की धारा 486 में आरोपी की जमानत प्रस्तुत की थी और मिथ्या पाई गई। पूर्व में भी 3-4 आरोपितों की जमानत आरोपित बनेसिंह दे चुका था।

### नृसिंहघाट से मिली लाश की नहीं हुई शिनाख्त

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर क्षेत्र नृसिंहघाट से शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव महाकाल थाना पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। मृतक हुलिये से भिक्षुक प्रतीत हो रहा था। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। कुछ लोगों ने बताया कि नाम विजय पिता नंदकिशोर था, लेकिन कहां का रहने वाला था यह पता नहीं है। पुलिस ने आसपास क्षेत्र में उसकी शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन देर शाम तक परिजनों की जानकारी सामने नहीं आ पाई थी। आशंका जताई गई है कि बीमारी के चलते उसकी मौत हुई है। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। परिजनों के नहीं मिलने पर पोस्टमार्टम के बाद शव दफनाया जायेगा।

### विजयागंज मंडी के युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** देवास और उज्जैन के बीच लगने वाले ग्राम विजयागंज मंडी में रहने वाले अर्जुन पिता विरेन्द्र मालवीय 22 साल ने शनिवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगढ़ने पर परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। शाम को अर्जुन को परिजन चरक अस्पताल से उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर चले गये। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है। जहरखुरानी का एक मामला खाराकुआ थाना क्षेत्र के केसवानी मोहल्ला से भी सामने आया। यहां रहने वाली 22 साल की फरीन पति मोहम्मद शाहरुख ने जहर खा लिया। परिजन उसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लेकर आये, जहां डॉक्टरों ने भर्ती किया है। फरीन की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा होना सामने आ रहा है। पुलिस महिला के बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

### कार चालक के ब्रेक लगाते ही टकराई बाइक

**उज्जैन।** देवासरोड पर एमआईटी ब्रिज के पास शनिवार दोपहर तेजगति से दौड़ती कार ने बाइक को ओव्हर टेक किया और चालक ने ब्रेक लगा दिये। बाइक सवार दीपक पिता रमेश चौहान 31 साल निवासी सांवरिया नगर नरवर और उसकी बुआ सरजूबाई कार से टकराने पर घायल हो गये। नरवर थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 269-7 | 450-9 |
| मेन बाजार | | |
| कल्याण नाइट | | |
| मिलन डे | 360-9 | 566-7 |
| मिलन नाइट | 239-9 | 280-0 |
| मधुर डे | 237-2 | 178-6 |
| मधुर नाइट | 340-7 | 180-9 |
| शुभांक | 2 6 0 | |

## 11 ग्राम एमडी बरामद, 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ...

# मादक पदार्थ ड्रग्स के साथ गिरफ्त में आया बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल बदमाश को शुक्रवार-शनिवार रात 11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। बदमाश पर पूर्व में भी कई मामले दर्ज है।

जिले में युवाओं को नशे से मुक्त रखने के लिये एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में लगातार अभियान चलाकर नशे का अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार-शनिवार रात नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील को खबर मिली कि कच्चा मसानिया क्षेत्र में मंदिर के पीछे एक व्यक्ति मादक पदार्थ की पुडिया बेचने की फिराक में घूम रहा है। थाना प्रभारी ने एसआई वर्षा सोलंकी, एएसआई सेवाराम सखवार, आरक्षक दीपक दिनकर और महिला आरक्षक प्रियंका को मादक पदार्थ बेचने वाले की गिरफ्तारी के लिये रवाना किया। कच्चा मसानिया क्षेत्र में पुलिस को देख एक व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया। शंका होने पर आरक्षक दीपक ने पीछा किया और उक्त व्यक्ति को पकडा। वह थाना क्षेत्र की राजीव रत्न कालोनी का रहने वाला राकेश उर्फ चीना पिता शांतिलाल जगदेव 40 साल होना सामने आया। पुलिस टीम द्वारा उसकी तलाशी ली गई तो उसमें पास से प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में रखा मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हो गया। ड्रग्स मिलने पर उसे थाने लाया गया, जहां मादक पदार्थ की मात्रा 11 ग्राम होना पाई गई। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 1.10 लाख रूपये आंकी गई है। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार राकेश उर्फ चीना के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से 2 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।



### 20 से अधिक रिकार्ड, पत्नी भी तस्कर

थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि ड्रग्स के साथ हिरासत में आये बदमाश के खिलाफ 20 से अधिक मामले दर्ज है। जिसमें एनडीपीएस एक्ट के भी शामिल है। आरोपी की पत्नी पूजा भी मादक पदार्थ कारोबार की अवैध तस्करी में शामिल है। पूर्व में उसे भी कई बार पकड़ा जा चुका है। पूर्व में सख्त कार्रवाई की जा चुकी है, उसका अवैध मकान भी तोड़ा गया था। बावजूद फिर से आरोपी मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल होना पाया गया है।

### मिल सकता है कुछ ओर लोगों का सुराग

बताया जा रह है कि ड्रग्स मामले से जुड़े आरोपी राकेश से रिमांड अवधि में इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह ड्रग्स कहां से लेकर आया था। उसके साथ अवैध कारोबार में ओर कौन लोग जड़े है। संभावना है कि कुछ ओर लोगों का पता चल सकता है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस द्वारा किये जायेगें।

# मकान में आग लगाने वाले 2 बदमाशों के पास मिला देशी कट्टा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ढांचा भवन में 11 अप्रैल की रात मकान पर पेट्रोल डालकर आग लगाने और हवाई फायर कर दहशत फैलाने वाले 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनके पास से देशी कट्टा और 2 जिंदा राउंड जप्त किये गये। आगजनी मामले में 13 से अधिक नाम सामने आये थे। अब तक तीन की गिरफ्तारी की जा चुकी है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाले बदमाश रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात पांच बाइक पर सवार होकर आये एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। बदमाशों ने क्षेत्र में हवाई फायर भी किया था। आगजनी का वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया था।

वही रौनक गुर्जर के पिता मनोहर गुर्जर की शिकायत पर आगजनी का प्रकरण दर्ज किया था। आगजनी के समय मकान में कोई नहीं था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर 13 से अधिक बदमाशों की पहचान की थी, जो बुंदेला गैंग के होना सामने आये थे। गुर्जर और बुंदेला गैंग में लम्बे समय से वर्चस्व की ल?ाई और रंजीश चली आ रही है। आग लगाने और फायर करने वाले बदमाशों की पहचान होने पर पुलिस ने निजातपुरा के रहने वाले संतोष परमार की 14 अप्रैल को गिरफ्तारी कर ली थी। पूछताछ में उसने अपने साथियों यशवेन्द्र उर्फ छिंगु बुन्देला, किशोर पटेल, मोहित पटेल, अमन उर्फ बच्चा, बबलू ठाकुर, ओम उर्फ बच्चा, चिनु मराठा, निखिलेश उर्फ निक्कु मराठा, राहुल उर्फ भय्यु गोहर, निक्कू गोहर, आशुतोष उर्फ आशु, राहुल उर्फ सूर्या सूर्यवंशी और अन्य के नाम बताये थे। जिनकी तलाश पुलिस लगातार कर रही थी। एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि फरार आरोपियों में शामिल 2 बदमाश किशोर पटेल निवासी चिंतामण और कुख्यात बदमाश छिंगू बुंदेला के रिश्तेदार रितेश उर्फ राजा शर्मा को शुक्रवार-शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में किशोर पटेल ने बताया कि आगजनी से पहले हवाई फायर के लिये देशी कट्टा उपयोग किया था। जो रितेश के पास रखा था। पुलिस ने टीम ने उक्त कट्टे की बरामदगी के प्रयास किये और दोनों की निशानदेही पर कट्टा बरामद किया, जिसके साथ 2 जिंदा राउंड भी मिले है। दोनों को शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। अब तक मामले में 3 बदमाशों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। शेष को हिरासत में लेने के प्रयास जारी है।



### ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान जारी

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में आयोजित होने पर सिंहस्थ महाकुंभ 2028 की सुरक्षा और करोड़ों श्रद्धालुओं की व्यवस्था को बनाये रखने के लिये डीजीपी कैलाश मकवाना ने ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान का शुभारंभ चार दिन पहले पुलिस सामुदायिक भवन में किया था। चार दिनों से लगातार प्रदेशभर की पुलिस द्वारा वरिष्ठ और सेवानिवृत्त अधिकारियों की मौजूदगी में भीड प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण का फील्ड पर प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। अभियान के चौथे दिन पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने जीवन रक्षक प्रशिक्षण सीपीआर का अभ्यास मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक पटेल और डॉ. नरेन्द्र गोमे के माध्यम से प्राप्त किया। उसके बाद डीआईजी रतलाम निमिष अग्रवाल द्वारा जोन विभाजन, क्षेत्रीय प्रबंधन विषय पर सत्र आयोजित कर रूपरेखा को समझाया। सत्र उपरांत प्रतिभागियों को फील्ट विजिट कराकर भीड नियंत्रण रणनीति, प्रवेश-निकास व्यवस्था, बैरिकेडिंग सिस्टम, आपातकालीन मार्ग एवं समन्वित पुलिस-प्रशासनिक प्रबंधन का प्रत्यक्ष अध्ययन कराया गया।

### आधी रात को कॉबिंग गश्त पर निकली पुलिस

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था को बनाये रखने और आमजन में सुरक्षा का भाव बनाये रखने के लिये शनिवार-रविवार आधी रात पुलिस जिले में कॉबिंग गश्त पर निकली। इस दौरान गलियों में पैदल भ्रमण किया गया और मुख्य मार्गो पर वाहनों में सवार होकर सर्चिंग की गई।

एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में शनिवार-रविवार रात कॉबिंग गश्त का आयोजन किया गया। शहर का पुलिस बल आधी रात को पुलिस कंट्रोलरूम पर एकत्रित हुआ और कानून व्यवस्था के साथ आमजन में सुरक्षा का भाव बनाये रखने के लिये भ्रमण शुरू किया। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी कॉबिंग गश्त शुरू की गई। गश्त के दौरान एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी, थाना प्रभारी स्तर के अधिकारियों के साथ एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक शामिल थे। पुलिस द्वारा रात में सड़कों पर निकले वालों संदिग्धों से पूछताछ शुरू की।

वहीं हिस्ट्रीशिटर बदमाशों, जिलाबदर बदमाशों, गुंडा लिस्ट में शामिल बदमाशों को चैक किया। लम्बे समय से स्थाई और गिरफ्तार वारंट में शामिल वारंटियों की तलाश कर उनकी धरपकड़ की शुरूआत की।

### फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने लगाई फांसी

#### रिश्तेदार महिला के साथ हुआ था लापता

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

टाईल्स फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने शनिवार सुबह कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक दिन पहले रिश्तेदार महिला के साथ लापता होने पर परिजन उनकी गुमशुदगी दर्ज कराने पुलिस के पास भी पहुंचे थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि मक्सीरोड टाईल्स फैक्ट्री में काम करने वाला मंगलेश पिता बाबूलाल मालवीय 28 साल फैक्ट्री परिसर में बने कमरे में रहता था। सुबह 11 बजे के लगभग सूचना मिली कि मंगलेश ने फांसी लगा ली है। पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। इस दौरान सामने आया कि मंगलेश रिश्तेदार महिला के साथ 2 साल से संपर्क था। एक दिन पहले महिला के साथ लापता हो गया था। दोनों के नहीं मिलने पर रिश्तेदारों ने शुक्रवार रात थाने आकर लापता होने की जानकारी दी थी। शनिवार सुबह दोनों लौट आये थे। प्रधान आरक्षक के अनुसार संभवत- रिश्तेदारों ने उसे फटकार लगाई थी, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। परिजनों और महिला रिश्तेदार के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### जैथल टैक के पास दुर्घटना में एक की मौत

**उज्जैन।** आगररोड जैथल टैक के पास शनिवार रात हुई दुर्घटना में एक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर घायल हुआ है। दोनों को एम्बुलेंस चरक अस्पताल लेकर पहुंची थी। घट्टिया थाना पुलिस घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि शनिवार रात को चरक अस्पताल पहुंची एम्बुलेंस में 2 ग्रामीण घायल हालत में लाये गये थे। डॉक्टरों ने परीक्षण किया तो एक की मौत होना सामने आया। दूसरा गंभीर घायल था, जिसे उपचार के लिये भर्ती किया गया। घायल से पूछताछ में उसका नाम रतनलाल पिता भैरूलाल 55 साल निवासी ग्राम गोठडा नानाखेडा होना सामने आया। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। जिनके अस्पताल पहुंचने पर मृतक का नाम आशराम पिता भैरूलाल पता चला। अस्पताल स्टॉफ ने मृतक की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी। घटना से परिजन काफी गमगीन थे, जिसके चलते स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई कि घायल और मृतक कहां से आ रहे थे। वही मामले को लेकर घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि ग्राम जैथल टैक से उज्जैन की ओर जाने वाले मार्ग पर पट्रोल पंप के पास बाइक सवार 2 लोगों को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने की खबर मिली थी। घटनास्थल से बाइक सवारों के घायल होने पर एम्बुलेंस अस्पताल लेकर रवाना हो गई थी। मामले में घायल के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। फिलहाल अज्ञात वाहन का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है।

### भोपाल में मिली पवासा से लापता हुई युवती

**उज्जैन।** शादी से 9 दिन पहले लापता हुई युवती को 36 घंटे में भोपाल से पुलिस ने सुरक्षित दस्तयाब कर लिया। जिसे परिजनों के सुपुर्द किया गया है। युवती ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी मर्जी जाना बताया है। पंवासा थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती का 1 मई का विवाह होना है। 23 अप्रैल का परिवार शादी की पत्रिका बांटने के लिये गौतमपुरा गया हुआ था। दोपहर में पता चला कि युवती घर से लापता हो गई है। परिजनों ने सभी जगह तलाश करने के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई और बताया कि घर से डेढ लाख के आभूषण और 1 लाख रूपये भी लेकर गई है। थाना प्रभारी गमर मंडलोई ने मामले की गंभीरता को समझते हुए एसआई मितेश मिठौरा, एएसआई संतोष राव, प्रधान आरक्षक अब्दुल रहीम, आरक्षक पंकज पाटीदार, महिला आरक्षक शिवकन्या, रीना की टीम बनाई और सायबर टीम की मदद से तलाश शुरू की। 36 घंटे में युवती को भोपाल से सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। एसआई मिठौरा के अनुसार युवती को परिजनों के सुपुर्द किया गया है। युवती घर से आभूषण और नगदी लेकर नहीं गई थी। पूछताछ के बाद परिजनों ने भी गलत जानकारी देना स्वीकार किया है। वहीं 36 घंटे में युवती को सुरक्षित वापस लाने पर परिवार के दर्जनों सदस्यों ने पंवासा थाने पहुंचकर पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### धुआं उठता देख बेगमबाग पहुंची पुलिस

**उज्जैन।** बेगमबाग क्षेत्र से शनिवार दोपहर आसमान में काला धुआं उठता देख महाकाल थाना पुलिस क्षेत्र में पहुंची एक मकान पर रखी लकडियों में आग लगी थी। जिसे कुछ लोग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि बेगमबाग में बने एक मकान की छत से धुआं उठने और आग लगने की खबर मिलने पुलिस मौके पर पहुंचने पर सामने आया कि एक मकान जहां नमकीन की दुकान है, उसकी छत पर रखी लकडियों में आ लगी है। कुछ लोग बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। लकडियों में लगी आग पास की छत पर सूख रहे कपडों तक पहुंच गई थी। आगजनी की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। कुछ देर में दमकल पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। घटनाक्रम में कोई जनहानि नहीं हुई है। आशंका जताई कि भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के चलते छत पर रखी सूखी लकडिया सुलग उठी थी।


**In The Court Of III Additional District Judge, District Court, Ujjain**

**Presiding Officer -श्री पवन कुमार पटेल**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु ) (RCA/0000021/2025)**

**ऋषिकेश ..... वादी**

**विरुद्ध**

**हितेश राय.... प्रतिवादी**

Process Id-/2026

पेशी दिनांक 14/05/2026

प्रेषिती

(1) हितेश राय पिता प्रकाश राय पता-33/5 हीरामिल मार्ग अटल नर्सिंग होम के सामने उजैन

यह कि प्रार्थी ऋषिकेश पिता श्री दत्तात्रय नाशिककर, आयु-59 वर्ष, व्यवसाय ठेकेदारी, निवासी-133 दशहरा मैदान उज्जैन म प्र ने आपके विरुद्ध अपील अंतर्गत आदेश 41 व धारा 96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता का न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन द्वारा प्रकरण क्रमांक 13-बी/2022 में पारित निर्णय एवं जयपत्र दिनांक 28/09/2022 रेगुलर सिविल अपील के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें। यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**( पवन कुमार पटेल )**
**तृतिय जिला न्यायाधीश, उज्जैन**



**जाहिर सूचना**

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती अर्पिता जैन पति श्री अभिषेक जैन निवासी एम.आई.जी. 22 पटेल नगर कालोनी उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 134 का दक्षिण दिशावाला भाग मेंका का उत्तर दिशावाला भाग स्थित मनीपार्क वे आगररोड उज्जैन है जिसका कुल क्षेत्रफल 69.68 वर्गमीटर का है, जिसके पूर्व की ओर-सडक कालोनी की, पश्चिम की ओर-भूखण्ड क्रमांक 147 एवं 148, उत्तर की ओर- मकान अग्रवालजी का, दक्षिण की ओर-उक्त भूखण्ड का शेषभाग, तथा पेमाईश लम्बाई-15.24 मीटर, चौडाई- 4.572 मीटर है, उक्त भूखण्ड को क्रय करने का अनुबंध किया है व बयाना राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार, हिस्सा, हक, हो अथवा भूखण्ड कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, बंधकग्रस्त किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में इक्वीटेबल मार्गेज या सिम्पल मार्गेज, बंधक आदि किया हो या उपरोक्त भूखण्ड के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से तीन दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 25/4/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा )**
**एडवोकेट एवं नोटरी**
**51, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 9425091124, 8959999299**



मानव मन सर्वदा नाना प्रकार के विषय ग्रहण करता है, सदैव सब प्रकार की वस्तुओं में जाता है। उसकी एक ऐसी भी उच्चतर अवस्था है, जब वह केवल एक ही वस्तु को ग्रहण कर, अन्य सभी वस्तुओं को छोड़ दे। इस एक वस्तु को ग्रहण करने का फल है समाधि। मन एकाग्र हुआ है, यह कैसे जाना जाए? मन के एकाग्र हो जाने पर समय का कोई ज्ञान न रहेगा। जितना ही समय का ज्ञान जाने लगता है, हम उतने ही एकाग्र होते जाते हैं। अपने दैनिक जीवन में भी हम यह देखते हैं कि जब हम कोई पुस्तक पढ़ने में तल्लीन रहते हैं, तब समय की ओर हमारा बिल्कुल ध्यान नहीं रहता। जब हम पढ़कर उठते हैं, तब अचरज करने लगते हैं कि इतना समय बीत गया! सारा समय मानो एकत्र होकर वर्तमान में एकीभूत हो जाता है। इसीलिए कहा गया है कि अतीत, वर्तमान और भविष्य जितना एकीभूत होते जाते हैं, मन उतना ही एकाग्र होता जाता है। याद रखिए, धर्मी उसे कहते हैं, जिस पर काल और संस्कार कार्य कर रहे हैं, जिसमें सतत परिणाम हो रहा है और जो हरदम व्यक्त भाव धारण कर रहा है। इसलिए संयम की जो परिभाषा दी गई है, हम उसे न भूलें। जब मन वस्तु के बाहरी भाग को छोड़कर उसके आभ्यंतरिक भावों के साथ अपने को एकरूप करने की उपयुक्त अवस्था में पहुंच जाता है, तब दीर्घ अभ्यास द्वारा मन केवल उसी की धारणा करके क्षण भर में उस अवस्था में पहुंच जाने की शक्ति प्राप्त कर लेता है, उसे संयम कहते हैं। शब्द से उस बाह्य विषय का बोध होता है, जो मन में किसी वृत्ति को जागृत करता है। अर्थ को वह आंतरिक स्पंदन समझना चाहिए, जो इंद्रिय-मार्ग के माध्यम से मस्तिष्क में पहुंचता है और बाह्य संवेदना को मन में पहुंचा देता है। ज्ञान कहने से मन की उस प्रतिक्रिया को समझना चाहिए, जिससे हमें विषयानुभूति होती है। इन तीनों के मिश्रित होने से ही हमारे इंद्रियग्राह्य विषय उत्पन्न होते हैं।

मान लो, मैंने एक शब्द सुना, पहले बाहर एक कंपन हुआ, उसके बाद श्रवणेंद्रिय द्वारा मन में एक संवेदना पहुंचाई गई, उसके बाद मन ने प्रतिक्रिया की, और मैं उस शब्द को जान सका। मैंने यह जो उस शब्द को जाना है, वह तीन पदार्थों का मिश्रण है- पहला, कंपन; दूसरा, संवेदना; और तीसरा, प्रतिक्रिया। साधारणतः ये तीनों व्यापार अलग नहीं किए जा सकते, पर जब मनुष्य इनको अलग करने की शक्ति प्राप्त कर लेता है, तब वह जिस शब्द में संयम का प्रयोग करे, वह उसी क्षण उस अर्थ को समझ सकता है। हम जो कुछ अनुभव करते हैं, वह हमारे चित्त में तरंग रूप में आता है, फिर चित्त रूपी सरोवर की तली में सूक्ष्मतर होता जाता है। यदि हम उस तरंग को ऊपर ला सकें, तो वही स्मृति है।



सम्पादकीय

## आम आदमी पार्टी में टूट

आम आदमी पार्टी के लिए एक बड़ा राजनीतिक झटका है कि उसके कुछ सांसद केवल पार्टी ही नहीं छोड़ रहे, बल्कि भाजपा में शामिल हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी में हुई यह बड़ी टूट चौंकाने के साथ ही चिंता भी बढ़ा रही है। चिंता उस वैकल्पिक राजनीति को लेकर है, जिसने कभी इस देश के एक बड़े वर्ग में नई उम्मीदों को जन्म दिया था। एक समय आम आदमी पार्टी के कर्णधारों में शामिल रहे राघव च?ड्ढा के नेतृत्व में राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सदस्य भारतीय संविधान के प्रावधानों का उपयोग करते हुए भाजपा में विलय कर रहे हैं। कम से कम दो सांसदों स्वाति मालीवाल और राघव चड्ढा को लेकर यह आशंका पहले से थी कि ये ज्यादा समय तक आम आदमी पार्टी के साथ नहीं रह पाएंगे, लेकिन इनके साथ पांच अन्य सांसदों की बगावत बहुत मायने रखती है। पहली नजर में यह संकेत है कि दिल्ली की सत्ता से वह बाहर हो चुकी और पंजाब में भी पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं है। आप अपने आला नेताओं को भी साथ रखने में नाकाम हो रही है।

हालांकि, अरविंद केजरीवाल के अभियान ह्यइंडिया अगेंस्ट करप्शनह्व और अन्ना हजारे के अनशन के बाद बनी राजनीतिक पार्टी शुरू से ही टूट-फूट का शिकार रही है। पार्टी के बड़े-बड़े संस्थापक-सलाहकार इसे छोड़कर चले गए। यहां नाम गिनाने की जरूरत नहीं, पर अनेक संस्थापक अपमान या उपेक्षा की वजह से इस पार्टी से बेदखल हुए हैं। पार्टी संचालन के तौर-तरीकों को लेकर भी शिकायतें होती रही हैं। इसका एक अन्य पहलू यह भी है कि पार्टी के ज्यादातर नेता राजनीति में नए हैं या उन्हें राजनीति नहीं आती है, इसलिए इस पार्टी में अनबन होने की शिकायतें अक्सर बाहर आती रहती हैं। अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों को जोड़कर बनी इस पार्टी की यह मजबूरी भी है। हालांकि, यह मजबूरी तब मजबूती में बदल जाती है, जब मिलकर काम करने का लचीलापन दिखाया जाता है। आक्रामक मुद्रा में राजनीति करके चुनाव जीतना तो आसान है, पर जीतने के बाद मिली सत्ता को शालीनता से सहेजना कठिन है। इस सबसे कठिन मोर्चे पर आम आदमी पार्टी कुछ ज्यादा कमजोर साबित हुई है। दूसरी बात, लोकतंत्र में राजनीतिक सत्ता कभी एकल नहीं होती है। जैसे भारत में ही अनेक पार्टियां कहीं न कहीं सत्ता में हैं और हर पार्टी को यह हक है कि वह ज्यादा से ज्यादा जगहों पर सत्ता में रहे।

प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा

# गर्म हवा का गुंबद बढ़ाता धरती का तापमान



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

देश के कई राज्यों में वायुमंडल में अंगड़ाई ले रहीं गर्म हवाओं ने अप्रैल माह में ही तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचा दिया है। मौसम की जानकारी देने वाली निजी एजेंसी स्काई मेट के अनुसार इसका मुख्य कारण केवल सामान्य मौसमी बदलाव न होकर वह उष्मा का बन जाने वाला छत्रीनुमा गोला है, जो आधे भारत के राज्यों में मंडरा रहा है। इस समय दिल्ली, उप्र, राजस्थान, हरियाणा, मप्र, छत्तीसगढ़, महाराश्ट्र और तेलांगाना में गर्मी एकाएक बढ़ गई है। इस प्राकृतिक स्थिति को उश्मा का क्षत्रप (हीट डोम) या गुंबद कहा जा रहा है। यह क्षत्रप तब बनता है, जब वायुमंडल में उच्च दबाव की एक प्रणाली लंबे समय तक किसी एक क्षेत्र में ठहर जाती है। दरअसल यह एक बर्तन के ढक्कन की तरह गर्म हवा को नीचे धरती की तरफ दवाएं रखती है, जो तेज गर्मी का कारण बन जाती है। नतीजतन ऐसे क्षेत्रों में तापमान खतरनाक ढंग से बढ़ जाता है और कई दिनों या हफ्तों तक भीशण गर्मी या लू बनी रहती है।

भारतीय मौसम विभाग के ताजा पूवार्नुमान ने इस संकट को और बढ़ाने के संकेत दिए हैं। अगले कुछ दिनों में उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के ज्यादातर हिस्सों में भीशण लू के रूप में गर्म हवाएं चलने की आशंका है। इस बार गर्मी का मिजाज इसलिए भी अलग है, क्योंकि कई तटीय इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में नमी वाली गर्मी यानी उसका असर भी देखने में आ रहा है। इससे लू लगने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है। आजकल आधे भारत में तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जो लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्षेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और पांच दिन तक यही स्थिति यथावत बनी रहे तो इसे ह्यलूह्व यानी गर्मी का गोला कहने लगते हैं। मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ो के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विशेश में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिश और बारिश में गहरा अंतर्सबंध है।

धूप और लू के इस जानलेवा संयोग से कोई व्यक्ति पीड़ित हो जाता है, तो उसके लू उतारने के इंतजाम भी किए जाते हैं। दरअसल लू सीधे दिमागी गर्मी को बढ़ा देती है। अतएव इसे समय रहते ठंडा नहीं किया तो यह बिगडा अनुपात व्यक्ति को बौरा (पागल) भी सकता है। वैसे शरीर में प्राकृतिक रूप से तापमान को नियंत्रित करने का काम मस्तिश्क में हाइपोथैलेमस अर्थात ह्यअधष्चेतकह्व क्षेत्र करता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण कार्य पियूश ग्रंथी के माध्यम से तंत्रिका तंत्र को अंतःस्त्रावी प्रक्रिया के माध्यम से तापमान को संतुलित बनाए रखना होता है। इसे चिकित्साशास्त्र की भाशा में हाइपर-पीरेक्सिया कहते हैं। यानी शरीर के तापमान में असमान वृद्धि या अधिकतम बुखार का बढ़ जाना। इसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग आसानी से आ जाते हैं।

बाहरी तापमान जब शरीर के भीतरी तापमान को बढ़ा देता है, तो हाइपोथैलेमस तापमान को संतुलित बनाए रखने का काम नहीं कर पाता। नतीजतन शरीर के भीतर बढ़ गई अनावष्यक गर्मी बाहर नहीं निकल पाती है, जो शरीर में लू का कारण बन जाती है। इस स्थिति में शरीर में कई जगह प्रोटीन जमने लगता है और शरीर के कई अंग एक साथ निष्क्रियता की स्थिति में आने लग जाते हैं। ऐसा शरीर में पानी की कमी यानी डी-हाईड्रेशन के कारण भी होता है। दोनों ही स्थितियां जानलेवा होती है। इस स्थिति के निर्माण हो जाने पर बुखार उतारने वाली साधारण गोलियां काम नहीं करती हैं। क्योंकि ये दवाएं दिमाग में मौजूद हाइपोथैलेमस को ही अपने प्रभाव में लेकर तापमान को नियंत्रित करती हैं। जबकि लू में यह स्वयं शिथिल होने लग जाता है।

हवाएं गर्म या आवारा हो जाने का प्रमुख कारण ऋतुचक्र का उलटफेर और भूतापीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का औसत से ज्यादा बढ़ना है। इसीलिए वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इस बार प्रलय धरती से नहीं आकाशीय गर्मी से आएगी। जिस आकाश को हम निरीह और खोखला मानते हैं, परंतु वास्तव में यह खोखला है नहीं। भारतीय दर्शन में इसे पांचवां तत्व यूं ही नहीं माना गया है। सच्चाई है कि यदि परमात्मा ने आकाश तत्व की उत्पत्ति नहीं की होती, तो संभवतः आज हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। हम श्वास भी नहीं ले पाते। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु ये चारों तत्व आकाश से ऊर्जा लेकर ही क्रियाशील रहते हैं। ये सभी तत्व परस्पर परावलंबी हैं। यानी किसी एक तत्व का वजूद क्षीण होगा तो अन्य को भी छीजने की इसी अवस्था से गुजरना होगा। प्रत्येक प्राणी के शरीर में आंतरिक स्फूर्ति एवं प्रसन्नता की अनुभूति आकाश तत्व से ही संभव होती है, इसलिए इसे बह्मतत्व भी कहा गया है। अतएव प्रकृति के संरक्षण के लिए सुख के भौतिकवादी उपकरणों से मुक्ति की जरूरत है। क्योंकि हम देख रहे कि कुछ एकाधिकारवादी देश भूमंडलीकरण का मुखौटा लगाकर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से दुनिया की छत यानी ओजोन परत में छेद को चौड़ा करने में लगे हैं। यह छेद जितना विस्तृत होगा वैष्विक तापमान उसी अनुपात में अनियंत्रित व असंतुलित होगा। इस बढ़े तापमान का प्रभाव जिन-जिन क्षेत्रों में पड़ेगा, वहां खेत बंजर हो जाएंगे। पालतू मावेशी और वनजीव गर्मी से तड़प-तड़प कर प्राण छोड़ने लग जाएंगे, जो मानव समुदाय अभावग्रस्त हैं, उन पर गर्म हवाओं का यह दबाव कहर बनकर टूटेगा। यह जानलेवा भी साबित होगा।

संयुक्त राश्ट्र द्वारा 2020 में किए गए एक अध्ययन से स्पश्ट हुआ था कि जलवायु परिवर्तन और पानी का अटूट संबंध है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण एशिया को 2030 तक बाढ़ों की कीमत प्रत्येक वर्श चुकानी पड़ेगी। इनसे करीब सालाना 15.6 लाख करोड़ की हानि उठानी पड़ सकती है। साफ है, वैष्विक तापमान के बढ़ते खतरे ने आम आदमी के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। दुनिया में कहीं भी एकाएक बारिश, बाढ़, बर्फबारी, फिर सूखे का कहर यही संकेत दे रहे हैं। आंधी, तूफान और फिर यकायक ज्वालामुखियों के फटने की हैरतअंगेज घटनाएं भी यही संकेत दे रही हैं कि अदृश्य खतरे इर्द गिर्द ही कहीं मंडरा रहे हैं। समुद्र और अंटार्कटिका जैसे बर्फीले क्षेत्र भी इस बदलाव के संकट से दो-चार हो रहे हैं। दरअसल वायुमंडल में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड महासागरों में भी अवशोशित होकर गहरे समुद्र में बैठ जाती है।

## विज्ञापनों का ब्रह्मास्त्र

पिंटू एक सीधा-साधा लड़का था, जब तक कि उसके घर में 'स्मार्ट टीवी' नहीं आया था। पहले विज्ञापन ने उसे बताया कि उसकी मुस्कान 'पीली' है, इसलिए उसे लड़की नहीं मिलेगी। पिंटू ने तीन तरह के 'कोयले वाले पेस्ट' खरीदे। दूसरे विज्ञापन ने उसे यकीन दिलाया कि उसका शरीर 'मदार्ना' नहीं है, क्योंकि वह एक खास ब्रांड का 'एनर्जी ड्रिंक' नहीं पीता। पिंटू ने डिब्बे के डिब्बे खाली कर दिए, पर एनर्जी के नाम पर उसे केवल 'शुगर' मिली। फिर एक 'फेयरनेस क्रीम' आई, जिसने दावा किया कि सफलता का रास्ता 'मेलेनिन' को मारने से होकर गुजरता है। पिंटू ने चेहरे पर इतना लेप लगाया कि उसकी अपनी माँ उसे पहचान नहीं पाई। विज्ञापनदाता जानते थे कि पिंटू को सामान नहीं, बल्कि 'हीनभावना' बेचनी है। उन्होंने उसे बताया कि उसके जूतों की आवाज 'सस्तेपन' का अहसास कराती है और उसके फोन का कैमरा 'गिरे हुए स्टेटस' का प्रतीक है। पिंटू ने अपनी मेहनत की सारी कमाई उन चीजों पर खर्च कर दी जिनकी उसे जरूरत नहीं थी, उन लोगों को दिखाने के लिए जो उसे जानते तक नहीं थे। एक दिन पिंटू ने आईने में देखा, तो उसे वहां कोई इंसान नहीं, बल्कि एक 'चलता-फिरता विज्ञापन' दिखा। उसकी शर्ट पर कंपनी का नाम था, जूतों पर लोगो था, और दिमाग में विज्ञापन की टैगलाइन्स। जब पिंटू की जेब खाली हो गई, तो विज्ञापनों ने उसे 'लोन' के विज्ञापन दिखाने शुरू कर दिए। अब पिंटू अपनी 'किस्तों' के लिए जी रहा था। उसे समझ आया कि उसने अपनी 'मौलिकता' को 'ब्रांड' के नाम पर नीलाम कर दिया है, और अब वह समाज के उस शोरूम का एक हिस्सा है जहाँ इंसान नहीं, केवल 'प्राइस टैग' बसते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 अप्रैल 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:01 सूर्यास्त 18:48
वैशाख मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - दसमी 18:07 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - मघा 20:27 उपरांत पूवार्फाल्गुनी
योग - वृद्धि 22:27 उपरांत ध्रुव
करण - तैतिल
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा ।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 08 तारिख

**मेष-** जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा।

**वृषभ-** कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है।

**मिथुन-** मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कर्क-** किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी।

**सिंह-** वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी।

**कन्या-** प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**तुला-** नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक-** आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी।

**धनु-** नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी।

**मकर-** प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा।

**कुंभ-** आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**मीन-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

व्यंग्य

## जब कानून करें अपना काम



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

यकीन मानिए, कानून भी अपना काम करता है, बशर्ते कि उसे काम करने दिया जाए। देश-प्रदेश में जब दिग्गजों की धड़पकड़ का सिलसिला परवान चढ़ता है, तब ही पता लगता है कि कानून अपना काम कर रहा है। अन्यथा धनबल और बाहुबल के साथ-साथ राजनीतिक संरक्षण के दबाव और प्रभाव के चलते तमाम कानूनों को भी चलता कर दिया जाता है। हमारे यहां संवैधानिक रूप से हर एक अपराध के लिए सजा के विभिन्न प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं। आमतौर पर जिसका क्रियान्वयन बिना सुदृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के नहीं हो पाता है। देव योग से जब कोई दूध का धुला सत्ता में आता है, कानून से खिलवाड़ करने वालों का पत्ता कटने लगता है।

वैसे कानून के काम करने का कोई विशिष्ट अवसर भी हुआ करता है, जिसकी पहचान सुनिश्चित करते हुए उसको अपना काम करने का संकेत मिल जाता है। वैसे ऐसा संकेत कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत ही होता है, इसलिए इसके क्रियान्वयन पर अधिक सवाल नहीं उठाए जाते। वैसे भी जनता जनार्दन कानून को अपना काम करते देखकर सुराज की परिकल्पना में कहीं खो जाया करती है। आम आदमी के हिस्से में ऐसी तमाम कार्यवाहियों के चलते ताली बजाने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग भी होता नहीं है। वरना शेष समय में छाती पीटने के अतिरिक्त अन्य कोई चारा भी तो नहीं होता। यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि कानून के काम करने का कुल जमा ' अंजाम ' आखिर मूर्त रूप कब लेगा ? कानून हाथ में लेने वाले वक्ती तौर पर चाहे कानून के कान मरोड़ने में सफल सिद्ध हो जाए, लेकिन एक वक्त ऐसा भी आता है जब ऊंट पहाड़ के नीचे आ जाता है। यह एक विडंबना ही है कि बिना राजनीतिक संरक्षण के कोई भी शख्सियत लंबे समय तक कानून के कान नहीं पकड़े रह सकती। ऐसे संरक्षण के अभाव में कानून कब अपना कमाल दिखा जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। एक प्रकार से कानून की राह में राजनीतिक संरक्षण गति अवरोधक का कार्य करता है। यूं भी राजनीति ही ऐसा कवच है जिसकी ओट में तमाम गैर कानूनी करतबों को अंजाम दिया जा सकता है। इस समय सारे के सारे ऊंट पहाड़ के निशाने पर आ रहे हैं।

## राम तन्मय सीता

राम रामेती रामेती, राम रामेती रामेती।
राम तन्मय सीता, सीता तन्मय राम।
नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं। सीताराम नमस्तुभ्यं।
नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं सीताराम नमस्तुभ्यं।
तुभ्यं तुभ्यं सीताराम नमस्तुभ्यं।
तुभ्यं तुभ्यं सीताराम नमस्तुभ्यं।
जब जनकपुरी में दुर्भिक्ष पडा, जग में त्राहिमाम मचा।
राजा जनक ने पृथ्वी की पूजा कर हल चलाया।
वैशाख शुक्ल नवमी को सीतामडी में पृथ्वी से प्रकट हुई थी सीता।
और चैत्र शुक्ल नवमी को जन्में थे श्रीराम।
राम तन्मय सीता, सीता तन्मय राम।
जंगल -जंगल राम पुकारे, सीता सीता।
और सीताजी करे श्रीराम की तपस्या।
सीता राम की भक्ति से हल होती हर समस्या।
जीवन का कल्याण होता, दोनों के इक नाम से,
एक नाम में दोनों समाये दोनों का इक नाम।
सीताराम सीताराम सीताराम सीताराम।
राम तन्मय सीता, सीता तन्मय राम।



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

# वजन घटाने के साथ सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है खीरा

गर्मी के मौसम में आपका खानपान जितना दुरुस्त होगा, आप उतने ही हेल्दी रहेंगे। इस मौसम में पानी से भरपूर चीजों का सेवन ज्यादा करना चाहिए। खीरा इनमें से एक है। गर्मियों में खीरा खाना काफी फायदेमंद होता है। इसे सलाद बनाकर कुछ लोग खाते हैं तो कुछ लोग इसका रायता भी बनाते हैं। कई लोग तो खीरे की सब्जी भी बनाते हैं। स्नैक्स को तौर पर भी खीरे का इस्तेमाल होता है। गर्मी के मौसम में खीरा बेहद गजब की चीज है। इसके अनगिनत फायदे होते हैं। आइए जानते हैं खीरा खाने से होने वाले फायदे

### खीरा कमाल की चीज है

खीरा में कई तरह के पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। खीरा में फैट से पूरी तरह फ्री होता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, विटामिन सी, विटामिन के, कार्ब्स, मैग्नीशियम, पोटेशियम और मैंगनीज जैसे पोषक तत्व मिलते हैं। खीरे में कई एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। इसमें करीब 96% तक पानी होता है। गर्मी के मौसम में यह हाइड्रेशन के लिए सबसे बेहतर माना जाता है। अगर आप हर दिन खीरे का सेवन करते हैं तो आप पूरी तरह फिट रहेंगे।



### खीरा खाने के 5 गजब के फायदे

1 खीरे में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं तो हमारी बॉडी को फ्री रेडिकल्स से बचाकर उन्हें रेडिकल्स कैंसर हार्ट लंग और ऑटोइम्यून डिजीज समेत कई क्रॉनिक बीमारियों से बचाने का काम करते हैं।इसके सेवन से कई बीमारियों का खतरा कम होता है।

2 हमारी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में पानी की जरूरत पड़ती है। खीरा खाने से दैनिक जरूरत का 40 प्रतिशत पानी आपको इसी से मिल जाता है। इससे आप हाइड्रेटेड रहते हैं और आपके शरीर में कभी भी पानी की कमी नहीं होगी।

3 वजन तेजी से बढ़ रहा है और परेशान हो गए हैं तो खीरे का सेवन करें। इसमें काफी कम मात्रा में कैलोरी पाई जाती है और फैट तो बिल्कुल भी नहीं मिलता है। खीरा खाने से वजन कम होता है और आप फिट रहते हैं। एक स्टडी के मुताबिक, हाई वॉटर और लो कैलोरी फूड्स से वजन तेजी से घटता है।


4 कई स्टडी में यह भी पाया गया है कि अगर आप नियमित तौर पर खीरा खाते हैं तो यह ब्लड शुगर को कम कर सकता है। इससे हाई शुगर की समस्या खत्म हो सकती है। इसलिए डायबिटीज के मरीज खीरे का सेवन कर सकते हैं।

5 खीरा कॉन्स्टिपेशन की भी छुट्टी कर देता है। इसे खाने से बॉवेल मूवमेंट अच्छा होता है। खीरा में पानी और फाइबर की मात्रा अच्छी-खासी होती है। इससे डाइजेशन दुरुस्त रहता है और कब्ज नहीं होती है। इसलिए कब्ज की समस्या से परेशान लोगों को खीरा खाने की सलाह दी जाती है।

धर्म-आस्था

# शालीनता, मधुरता और आत्मविश्लेषण से कैसे गढ़ें अपनी मजबूत पहचान

क्या लोग आपकी बातों से प्रभावित होते हैं? आपका व्यवहार आपके बारे में ऐसा क्या कहता है जिससे आपके व्यक्तित्व को और ज्यादा आकर्षक बनने में और निखरने में मदद मिलती हैं। आपके जीवन में छोटे-छोटे बदलाव एक बड़ा परिवर्तन कैसे लाते हैं? आत्मनिरीक्षण क्यों जरूरी है और कैसे सफल और प्रभावशाली लोग दूसरों से अलग बन जाते है। एक अच्छा श्रोता बनने के सरल सूत्र क्या है और प्रशंसा को ग्रहण करने का सही तरीका क्या है, जिससे हम सहज रूप से बिना अहंकार अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। ये लेख एक रोडमैप है जिससे आप अपने भीतर छिपी क्षमताओं को पहचानकर अपने व्यक्तित्व को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं।




व्यवहार से समाज में जो छवि बनती है, वही मनुष्य का व्यक्तित्व कहलाती है। जीने को तो लोग किसी भी तरह जीवन बिता लेते हैं, लेकिन जब आचरण में शालीनता और व्यवहार में मधुरता शामिल हो जाती है, तब जीवन सहज और अर्थपूर्ण हो जाता है। अक्सर हम अपने व्यवहार का सही आकलन नहीं कर पाते, लेकिन जब अपनी गलतियों को समझने का प्रयास करते हैं, तो वही आत्मनिरीक्षण बन जाता है। यही आत्मनिरीक्षण व्यक्ति को आगे बढ़ने की दिशा देता है और सफलता की पहली सीढ़ी भी बनता है।आलोचना को लोग नकारात्मक रूप में लेते हैं, जबकि सही अर्थों में वही हमारे व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने का अवसर देती है। आलोचना हमारी कमियों को उजागर करती है और उन्हें सुधारने की राह दिखाती है। अपनी आलोचना सुनने की क्षमता विकसित करने वाला व्यक्ति अपनी कमियों को उसी तरह छान पाता है, जैसे फिल्टर पानी को साफ कर देता है। आलोचना से सीख लेकर जब कोई सुधार का प्रयास करता है, तब उसका व्यक्तित्व धीरे-धीरे निखरने लगता है।

इससे हमें यही सीख मिलती है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि यह व्यक्तित्व में गहराई और विश्वास प्रदान करती है। ऐसे व्यक्ति पर लोग भरोसा करते हैं और उसका सम्मान करते हैं। व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें अच्छा श्रोता भी बनना चाहिए। जब हम सामने वाले की बातों को ध्यान से सुनते हैं, तो हमारे भीतर समझ और संवेदनशीलता बढ़ती है। इसी के साथ सोच का नजरिया भी बदलता है।

अच्छा व्यक्तित्व तभी बन पाता है, जब दूसरों की अच्छाइयों को देखने का हमारा नजरिया बदलता है। हमारे हाव-भाव और संकेत भी हमारे विचारों को प्रकट करते हैं, इसलिए समय-समय पर अपने भीतर झांककर स्वयं को सुधारते रहना आवश्यक है। प्रशंसा भी व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। यह मन में मधुरता घोलती है, पर उसके भीतर अहंकार का खतरा भी छिपा होता है। इसलिए धैर्यवान और सजग लोग प्रशंसा को विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं और उसे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा बना लेते हैं। यही संतुलन किसी के व्यक्तित्व को परिपक्व बनाता है।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरि**

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,51,479 रवा- 1,51,000 चांदी- टंच- 2,50,500 पाट- 2,49,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**


editor.awantika@gmail.com



## जिला अस्पताल में बढ़े लू और डिहाइड्रेशन के मरीज; कुछ दिन राहत की उम्मीद नहीं

**देवास।** देवास शहर में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी और लू के चलते जिला अस्पताल में डिहाइड्रेशन व हीटस्ट्रोक (लू) के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। लोग धूप से बचने के लिए सावधानी बरतते हुए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। जिला अस्पताल के डॉक्टर बी.आर. शुक्ला के अनुसार, आने वाले दिनों में भी पारा 40 डिग्री से ऊपर बने रहने की संभावना है, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। गर्मी के स्वास्थ्य पर पड़ रहे असर को देखते हुए डॉ. शुक्ला ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे बहुत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर जाएं। उन्होंने लू और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और शरीर में पानी की कमी न होने देने की बात कही है।

## दुर्घटना में घायल परिवार के लिए 'देवदूत' बने उज्जैन के दो युवक



**नलखेड़ा।** 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई' की उक्ति को चरितार्थ करते हुए उज्जैन के दो युवकों ने सड़क दुर्घटना में घायल एक परिवार की जान बचाकर मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। मामला नलखेड़ा थाना अंतर्गत क्षेत्र का है, जहाँ मां बगलामुखी माता के दर्शन करने आ रहे एक परिवार की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जानकारी के अनुसार, नयापुरा (उज्जैन) के निवासी विकास चौधरी और लखन चौधरी मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन कर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान उन्होंने रास्ते में एक भीषण सड़क हादसा देखा, जिसमें एक परिवार लहूलुहान अवस्था में फंसा हुआ था। मौके की गंभीरता को देखते हुए दोनों युवकों ने बिना समय गवाएं घायलों को संभाला और तत्काल उन्हें अपनी गाड़ी से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि विकास और लखन सही समय पर घायलों को अस्पताल नहीं पहुंचाते, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने भी माना कि 'गोल्डन ऑवर' (दुर्घटना के तुरंत बाद का समय) में इलाज मिल जाने के कारण घायलों की जान बचाना संभव हो सका।

**सोनकच्छ की स्वास्थ्य व्यवस्था पर देवास कलेक्टर नाराज**

## ऋतुराज सिंह ने कहा-5 साल से अधिक समय से जमें स्टाफ को बदला जाए



**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिशु स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य सेवाओं और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति पर विस्तार से समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एंटीनेटल केयर (एएनसी) पंजीयन का शत-प्रतिशत लक्ष्य पहली तिमाही में ही अभियान चलाकर पूरा किया जाए। उन्होंने इसकी नियमित समीक्षा करने और मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि पिछले वर्ष की उपलब्धि को 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा जाए। कलेक्टर ने सोनकच्छ विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि वहां पांच साल से अधिक समय से कार्यरत सभी स्टाफ को हटाया जाए, ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। बैठक में सामने आया कि देवास और सोनकच्छ के शहरी क्षेत्रों में एएनसी पंजीयन की स्थिति कमजोर है। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जहां स्टाफ की कमी है, वहां अतिरिक्त प्रभार देकर घर-घर सर्वे कराया जाए और कार्य की स्पष्ट जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने मॉडरेट एनीमिक गर्भवती महिलाओं के प्रबंधन में सुधार लाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने डॉ. लक्ष्मी जायसवाल के अधिक रेफरल मामलों पर चिंता जताते हुए उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज पाटीदार को बागली में पूर्ण समय निवास करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट कहा गया कि यदि वे निर्देशों का पालन नहीं करते हैं तो बीएमओ इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

**26 हजार लीटर शराब नष्ट, सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चली कार्रवाई**

# पुलिस ने सवा करोड़ की शराब नष्ट की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



पुलिस ने सवा करोड़ रुपये से अधिक की अवैध शराब नष्ट की। बदनावर एवं कानवन पुलिस द्वारा पिछले वर्षों में जब्त की गई यह अंग्रेजी और देशी शराब वार्ड 15 स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चली कार्रवाई में नष्ट की गई।

बदनावर पुलिस ने विभिन्न मामलों में जब्त की गई अंग्रेजी और देशी शराब की 1400 पेटियां (लगभग 17 हजार लीटर) नष्ट कीं। इसी प्रकार, कानवन पुलिस ने अपने यहां से बरामद 1207 पेटी शराब को नष्ट किया। कुल मिलाकर, 25 हजार लीटर अंग्रेजी शराब और एक हजार लीटर देशी शराब नष्ट की गई।

कानवन और बदनावर थानों में जमा इन शराब की पेटियों को दो ट्रक, दो ट्रैक्टर और दो पिकअप गाड़ियों में भरकर ट्रेंचिंग ग्राउंड लाया गया। वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ इन पेटियों को वाहनों से उतारकर लाइन में रखा गया। इसके बाद एक बड़े रोलर से इन्हें कुचला गया और फिर दो जेसीबी मशीनों की मदद से गड्ढा खोदकर नष्ट किए गए अवशेषों को उसमें डाला गया।

इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम प्रियंका मिमरोट, एसडीओपी अरविंदसिंह तोमर, बदनावर थाने के टीआई अमितसिंह कुशवाह, कानवन टीआई रवींद्र बारिया, आबकारी उप निरीक्षक रोहित पटेल सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस थानों में जब्त शराब से कई कमरे भरे हुए थे, जिससे नियमित कामकाज में परेशानी आ रही थी। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की अनुमति मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई।

बदनावर थाने के टीआई अमितसिंह कुशवाह ने बताया कि नष्ट की गई 25 हजार लीटर अंग्रेजी शराब में मैकडॉवेल, रॉयल स्टैग और एमडी जैसे विभिन्न ब्रांड शामिल थे, साथ ही एक हजार लीटर देशी शराब भी नष्ट की गई। उन्होंने पुष्टि की कि नष्ट की गई शराब की अनुमानित कीमत सवा करोड़ रुपये से अधिक है।

**कर्मचारियों की मनमानी :**

# कोई सुबह से नदारद, तो कुछ दोपहर में ही दफ्तर में लगा गए ताला

**नगर पालिका में लापरवाही, सारंगपुर में कर्मचारियों के नही बैठने से परेशान हो रहे लोग**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



नगर के विकास और लोगों की समस्या का निराकरण करने के प्रति नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी कितने गंभीर हैं, इसका उदाहरण गत दिनों देखने को मिला। हमारी टीम दोपहर दो बजे बाद नगर पालिका कार्यालय का जायजा लेने पहुंची। वहां पाया गया कि कई कर्मचारी सुबह से दफ्तर नहीं आए थे। जो आए, वे भी 1 बजे ताला लगाकर चले गए और लौटकर नहीं आए। टीम ने देखा कि नगर पालिका कार्यालय में कई लोग आवश्यक कार्यों के लिए घंटों इंतजार कर रहे थे। कई लोग दूर-दराज के क्षेत्रों से अपने काम के लिए आते हैं, लेकिन कर्मचारियों के नहीं मिलने से उन्हें निराश होकर लौटना पडता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह स्थिति नई नहीं है। लंबे समय से कार्यालयों में समय पर कर्मचारी उपलब्ध नहीं रहते। इससे शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने में भी देरी हो रही है। नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्था सुधारने और कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि आमजन को समय पर सेवाएं मिल सकें।

**दफ्तर में आमजन को भटकना पड रहा**

सारंगपुर में नगर पालिका के कर्मचारियों की मनमानी से आमजन खासे परेशान हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि परिषद कार्यालय में कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं होते। कई बार दफ्तर निर्धारित समय के बाद खुलता है और कई अवसरों पर समय से पहले ही ताला लगाकर कर्मचारी चले जाते हैं। इस अव्यवस्था के चलते अपने आवश्यक कार्यों से परिषद पहुंचने वाले लोगों को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड रहा है। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, नामांतरण, कर संबंधी कार्य और अन्य जरूरी दस्तावेजों के लिए आने वाले नागरिकों को बार-बार चक्कर लगाने पड रहे हैं।

> **कार्रवाई की जाएगी**
>
> सभी शाखाओं के कर्मचारी नियमित दफ्तर आते हैं, अगर ऐसा है, तो में उपस्थिति रजिस्टर देखता हूं। अगर कर्मचारी दफ्तर नहीं आए तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **दीपक रानवे, सीएमओ, नगर पालिका सारंगपुर।**

**राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा 2026**

## परीक्षार्थियों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी जूते-मोजे पहनकर प्रवेश रहेगा वर्जित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा - 2026 के लिए प्रशासन ने सख्त गाइड लाइन जारी की है। रविवार 26 अप्रैल को दो सत्रों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और किसी भी प्रकार की नकल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षार्थियों को विशेष नियमों का पालन करना होगा। परीक्षा के दौरान सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए इस बार परीक्षा कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश करना पूरी तरह निषिद्ध रहेगा, परीक्षार्थी केवल चप्पल या सैंडल पहनकर ही केंद्र पर आ सकेंगे। परीक्षा हॉल में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ-साथ बेल्ट, पर्स, टोपी, धूप का चश्मा और बालों के क्लचर जैसी एक्सेसरीज ले जाना भी वर्जित किया गया है। स्टेशनरी के तौर पर पेंसिल, रबर और व्हाइटनर का उपयोग भी वर्जित रहेगा; परीक्षार्थी केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र और गोले बनाने के लिए निर्धारित पेन, स्वयं का फोटोग्राफ, पानी की पारदर्शी बॉटल, दिव्यांग परीक्षार्थियों को उनके लिए आवश्यक सामग्री ही साथ ला सकेंगे। परीक्षार्थियों के कक्ष में प्रवेश से पहले उनकी सघन तलाशी ली जाएगी। महिला अभ्यर्थियों की गरिमा का विशेष ध्यान रखते हुए उनकी तलाशी केवल महिला अधिकारियों द्वारा ही ली जाएगी और उनके दुपट्टे या चुन्नियों की जांच के बाद उन्हें तुरंत वापस कर दिया जाएगा। साथ ही, धार्मिक मान्यताओं का सम्मान करते हुए हिजाब, पगड़ी, पल्ला, हाथ में बंधे धागे व ताबीज व अन्य धार्मिक मान्यता का सूक्ष्मता से परीक्षण किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के सुशासन के संकल्प को जारी रखने हेतु महिदपुर ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन भी जाएगी उच्च न्यायालय की शरण में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्लीएवं इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, के साथ ही महिदपुर ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन भी माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय द्वारा परिवहन चेक पोस्टों को पुनः प्रारंभ करने के आदेश के संदर्भ में अपना पक्ष स्पष्ट करती है। संगठन का मानना है कि 1 जुलाई 2024 को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा चेक पोस्ट बंद करने का निर्णय मध्य प्रदेश में सुशासन और पारदर्शी परिवहन व्यवस्था की स्थापना की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम था। इस व्यवस्था को बनाए रखने हेतु हम माननीय उच्च न्यायालय की डबल बेंच में रिवीजन पिटीशन दायर करेंगे।

सुशासन और भ्रष्टाचार पर प्रहार- मुख्यमंत्री ने चेक पोस्ट पर व्याप्त भ्रष्टाचार और अवैध वसूली की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हि इन्हें बंद किया था। किंतु उच्च न्यायालय द्वारा इन चेकपोस्ट को पुनः स्थापित किए जाने का आदेश दिया गया है। प्रदेश के ट्रांसपोर्ट संगठन इस अव्यवहारिक निर्णय का पुरजोर विरोध करते हैं। हमारा उद्देश्य प्रदेश में इसी भ्रष्टाचार मुक्त सुगम और सरल परिवहन व्यवस्था को पुनः बहाल रखना है।

चालकों का उत्पीड़न और समय की बबार्दी- पूर्व में चेक पोस्टों पर चेकिंग के नाम पर घंटों जाम लगा रहता था। इससे न केवल कीमती समय की बबार्दी होती थी, बल्कि वाहन चालकों को भारी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी। चेक पोस्ट बंद होने से चालकों और ट्रांसपोर्टरों को बड़ी राहत मिली थी, जिसे हम वापस छीनने नहीं देंगे।

अवैध वसूली के साक्ष्यरू हम न्यायालय के समक्ष प्रमाण भी प्रस्तुत करेंगे जिनमें पूर्व में एक परिवहन सिपाही से करोड़ों की संपत्ति, 52 किलो सोना और 250 किलो चांदी बरामद हुई थी। साथ ही हाल ही में लोकायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी द्वारा अवैध वसूली पर लिखे गए पत्र को भी आधार बनाया जाएगा।

> **हमारा संकल्प**
>
> ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्ली, एवं इंदौर ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन के साथ कदम से कदम मिलाते हुए परिवहन हित में महिदपुर ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन भी माननीय उच्च न्यायालय से यह गुहार लगाएगी कि चेक पोस्ट केवल अवैध वसूली के अड्डे हैं, न कि ओवरलोड रोकने का माध्यम। हम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश के विजन को मजबूती प्रदान करने और लाखों ट्रक चालकों के हितों की रक्षा के लिए अपनी बात पुरजोर तरीके से रखेंगे। उक्त जानकारी महिदपुर ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन के अध्यक्ष मुजाहिद नागोरी ने दी।

आधुनिक विकल्प केंद्र सरकार के निर्देशानुसार अब सभी टोल प्लाजा पर ऑटोमेटिक वजन कांटे और चार गुना पेनाल्टी की व्यवस्था लागू हो रही है। जब तकनीक के माध्यम से ओवरलोडिंग पर लगाम लगाई जा सकती है, तो फिर भ्रष्टाचार के केंद्रों (चेक पोस्टों) को दोबारा शुरू करने का कोई औचित्य नहीं है।

# पुलिसकर्मियों ने वानर को दी सम्मानजनक अंतिम विदाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर में मानवता, संवेदनशीलता और जीव दया का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है जहां पुलिस ने एक मृत वानर शावक का पूरे विधि-विधान और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। यह घटना न केवल पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा को दशार्ती है बल्कि उनके मानवीय और संवेदनशील पक्ष को भी उजागर करती है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदौर-कोटा मार्ग पर स्थित पुलिस थाना सुसनेर के सामने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक वानर के बच्चे की किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई थी। सुबह के समय जब थाना प्रभारी अक्षयसिंह बेस, उपनिरीक्षक आलोक पटेरिया, प्रधान आरक्षक हरीश यादव की नजर सड़क किनारे पड़े मृत वानर पर पड़ी, तो उन्होंने तत्काल मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए उसे वहां से सम्मानपूर्वक उठवाया। पुलिस कर्मियों ने मृत वानर शावक को थाना परिसर में लाकर उसके अंतिम संस्कार की व्यवस्था की।

अंतिम संस्कार के दौरान पुलिसकर्मियों ने पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ विधियां पूरी कीं। आमतौर पर सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए पशु-पक्षियों को अनदेखा कर दिया जाता है लेकिन सुसनेर पुलिस के इस कार्य ने समाज को यह संदेश दिया कि हर जीव का जीवन महत्वपूर्ण है और उसका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है बल्कि यह जीवों के प्रति करुणा, दया और मानवीय मूल्यों का प्रतीक भी है। इस तरह की पहल समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता को बढ़ावा देती है। थाना प्रभारी अक्षयसिंह बेस ने इस अवसर पर कहा कि हर जीव का सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

## जाली हस्ताक्षर मामले में तीन कर्मचारी निलंबित

**देवास।** कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों पर जाली हस्ताक्षर और कूटरचित आदेश तैयार कर जमीन बेचने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगा है। जांच में सामने आया कि फर्जी दस्तावेजों के जरिए अवैध तरीके से जमीन के लेन-देन का प्रयास किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सख्त कदम उठाते हुए तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबित कर्मचारियों में सहायक ग्रेड-3 रमेश लोबानिया, संजीव कुमार जाटव और जितेंद्र भद्रे शामिल हैं। कलेक्टर ने बताया कि संबंधित कर्मचारियों ने अपने पदीय कर्तव्यों का गंभीर उल्लंघन किया है। साथ ही मध्य प्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का भी उल्लंघन पाया गया है।



## गौ सम्मान आह्वान अभियान हेतु घर-घर संपर्क तेज,27 अप्रैल को नगर रहेगा बंद

**सुसनेर।** स्वतंत्र भारत के 78 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में पहली बार देश की समस्त 5500 तहसीलों में एक साथ आयोजित होने वाले 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' को लेकर सुसनेर नगर में उत्साह चरम पर है। इस महाअभियान के तहत नगर के जागरूक नागरिकों और स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक स्तर पर घर-घर जनसंपर्क किया जा रहा है ताकि आगामी 27 अप्रैल के आयोजन को ऐतिहासिक बनाया जा सके। जनसंपर्क के दौरान नागरिकों को बताया जा रहा है कि इस अभियान के दो मुख्य लक्ष्य हैं। पहला संपूर्ण भारतवर्ष में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना और दूसरा गौ माता को राष्ट्रमाता का आधिकारिक दर्जा दिलाना। अभियान की टोली हर घर पहुँचकर लोगों को गौ सेवा, सुरक्षा और उनके सम्मान के प्रति जागरूक कर रही है। अभियान के प्रति अपनी एकजुटता और समर्थन प्रदर्शित करने के लिए सुसनेर के समस्त प्रतिष्ठानों ने स्वेच्छा से कल 27 अप्रैल सोमवार को दोपहर 1 बजे तक अपने संस्थान बंद रखने का निर्णय लिया है। व्यापारिक संगठनों और स्थानीय दुकानदारों ने इस पुनीत कार्य में अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया है। व्यापारियों का मानना है कि गौ सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए व्यावसायिक लाभ का त्याग करना गर्व की बात है। यह बंद नगर की एकता और गौ माता के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक बनेगा।

**बोर्ड परीक्षा परिणाम सुधार को लेकर कलेक्टर की सख्ती**

## कम परिणाम वाले विद्यालयों के प्राचार्यों व शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण, सुधार के दिए निर्देश

**ब्यावरा-राजगढ़।** बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की। बैठक में कम परीक्षा परिणाम वाले विद्यालयों पर विशेष फोकस रखते हुए संबंधित प्राचार्यों एवं विषय शिक्षकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जिन विद्यालयों का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम अपेक्षाकृत कम रहा, वहां के प्रभारियों से कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया गया। संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने की स्थिति में वेतन वृद्धि रोकने तथा निलंबन जैसी कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। बैठक में शासकीय हाईस्कूल सरलई, सेमलापार, श्यामजीघाटा, राजगढ़ रोड ब्यावरा, कुलीखेड़ा, कूपा सहित अन्य विद्यालयों के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। जहां परिणाम 21 प्रतिशत से 39 प्रतिशत के बीच पाया गया।इन विद्यालयों में संबंधित विषयों के शिक्षकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## अप्रैल के अंतिम सप्ताह में शादियों की धूम, गांव-शहर में उत्सव जैसा माहौल

**सुसनेर।** अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में शादी-विवाह का सीजन अपने चरम पर है और सुसनेर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों शहनाइयों की गूंज सुनाई दे रही है। हर गांव और मोहल्ले में एक के बाद एक विवाह समारोह आयोजित हो रहे हैं।जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। इस बार विवाह मुहूर्तों की अधिकता के कारण एक ही दिन में कई-कई शादियां हो रही हैं। विशेष रूप से ग्रामीण अंचलों में शादियों की संख्या अधिक होने से सामूहिक उत्साह देखने को मिल रहा है। गांवों में बारातों का आना-जाना, बैंड-बाजों की धुन, पारंपरिक रीति-रिवाज और सामूहिक भोज का आयोजन लोगों को उत्साहित कर रहा है। शादी सीजन का असर केवल समारोहों तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसका प्रभाव सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। विवाह आयोजनों के चलते लोगों की व्यस्तता बढ़ गई है और परिवारजन तैयारियों में जुटे हुए हैं। रिश्तेदारों के आने-जाने से घरों में रौनक बढ़ गई है, वहीं टेंट, कैटरिंग, बैंड-बाजा, सजावट और वाहन सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए भी यह समय काफी व्यस्त बना हुआ है। नगर सुसनेर में भी शादी सीजन की झलक साफ नजर आ रही है। बाजारों में खरीदारी का दौर तेज हो गया है और लोग विवाह से जुड़ी आवश्यक सामग्री जुटाने में लगे हैं।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार Art housing finance (India) Limited. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं किभवन क्रमांक 52 स्थित अन्जुषा एनक्लेव सेक्टर - A, उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 31.96 वर्गमीटर है। जिसकी चर्तुः सीमा पूर्व में लीजकर्ता की भुमि, पश्चिम में -रास्ता, उत्तर में - भवन क्रमांक 51 बी लीजकर्ता की खुली भुमिव दक्षिण में भवन क्रमांक 53 बी स्थित है। उक्त भवन संपत्ति केवर्तमान स्वामी श्रीमती मीना पति श्री ओमप्रकाश व मोहीत पिता ओमप्रकाश है। उक्त सम्पत्ति पर विक्रय पत्र के माध्यम से भूमि स्वामी श्री ओमप्रकाश पिता फुलसिहजी, मीना पति श्री ओमप्रकाशव मोहीत पिता ओमप्रकाश ने इसके पूर्व स्वामी श्री रामचंद्र पिता सिद्धनाथ जी राठौर, कलावती पति श्री रामचंद्र जी राठौर से जर्ये विक्रय पत्र क्रमांक अ-1/1158 दिनांक 01.06.2012 के माध्यम से प्राप्त की है, उक्त सम्पत्ति श्री ओमप्रकाश पिता फुलसिहजी कि मृत्यु दिनांक 02.02.2019 को हो जाने के पश्चात उनके वेध वारिस मीना पति श्री ओमप्रकाश व मोहीत पिता ओमप्रकाशहै तथा उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु Art housing finance (India) Limited. में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो यापुर्व स्वामी के परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक सेसात दिवस की अवधि के अन्द्र अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Art housing finance (India) Limited. द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार Art housing finance (India) Limited. का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्स नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 25.04.2026

**कमलेश बामनिया (एडवोकेट)**
**D-14, विशाला कोम्प्लेक्स, द्वितिय मंजिल, बेताल मार्ग शहीद पार्क फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं. 6260038664**

## जेल में स्वास्थ्य शिविर, बंदियों का हुआ परीक्षण

**शुजालपुर।** उप जेल शुजालपुर में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बंदियों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह शिविर मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर का निरीक्षण जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश शाजापुर आनंद कुमार तिवारी तथा विशेष न्यायाधीश एन एन जोशी द्वारा किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीतिता बोसानी एवं जिला न्यायालय शाजापुर की रेखा शर्मा ने भी विधिक सहायता से संबंधित जानकारी बंदियों को दी। शिविर में सिविल अस्पताल शुजालपुर के डॉक्टरों की टीम मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. संजय मडलोई, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ चंद्रम सिंह तथा नेत्र सहायक डॉ. सुनील मेंढरिया ने करीब 60 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं लैब टेक्नीशियन शिवनारायण पाटीदार एवं जया महेश्वरी द्वारा जांचें की गईं। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने जेल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, स्वच्छता एवं अनुशासन पर संतोष व्यक्त किया तथा व्यवस्थाओं को बनाए रखने के निर्देश दिए। भोजनशाला का भी निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की सराहना की गई। कार्यक्रम में सहायक जेल अधीक्षक शिवपाल सिंह परिहार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेरा पेड़, मेरी जिम्मेदारी अभियान शुरू

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समर कैम्प के तहत मेरा पेड़ मेरी जिम्मेदारी अभियान की शुरुआत की गई। क्रीड़ा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों और खिलाड़ियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों और स्वयंसेवकों के 20-20 सदस्यों के समूह बनाए गए हैं। प्रत्येक समूह को एक-एक पौधा सौंपकर उसकी देखरेख की जिम्मेदारी दी गई है। अगले 30 दिनों तक समूह पौधों की नियमित सिंचाई, सफाई और पोषण का ध्यान रखेंगे। समर कैम्प प्रभारी एवं क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार ने कहा कि प्रकृति संरक्षण हर व्यक्ति का दायित्व है। यदि हर कोई एक पौधे की जिम्मेदारी ले तो पर्यावरण संतुलन बनाए रखना आसान हो सकता है। कार्यक्रम में डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा सहायक प्राध्यापक प्राणिशास्त्र ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत सभी समूहों को अपने पौधों के साथ प्रारंभिक फोटो लेना अनिवार्य किया गया है। 30 मई को 35 दिन बाद अंतिम फोटो प्रस्तुत करनी होगी, जिसके आधार पर श्रेष्ठ समूह का चयन कर समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। समर कैम्प के दौरान हर शनिवार सामूहिक सूर्य नमस्कार और पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास हो रहा है। साथ ही यह पहल युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी विकसित कर रही है।

## आगरा में डीपीएस स्टूडेंट्स के 3 दांत तोड़े

**आगरा।** आगरा में डीपीएस शास्त्रीपुरम में पढ़ने वाले 10वीं के 2 छात्रों में मारपीट हो गई। एक छात्र ने दूसरे के मुंह पर कई पंच मारे। उसके 3 दांत तोड़ दिए, जबडे में भी चोट आई है। उसके मुंह से खून निकलने लगा। घायल छात्र के पिता पीयूष मल्होत्रा फेमस इन्फ्लुएंसर हैं। उन्होंने आरोप लगाया- स्कूल प्रबंधन ने इलाज कराने के बजाय फोन पर कहा कि अपने बच्चे को ले जाइए। उन्होंने अपने बेटे का वीडियो शेयर करते हुए कहा- यह डीपीएस आगरा है। मेरे बच्चे का ये हाल हुआ है। सारा मुंह खत्म हो गया। घटना शनिवार सुबह की है। 10वीं के छात्र के जबडे में भी गंभीर चोट आई है। उसकी सफेद शर्ट खून से लाल हो गई। आगरा के रहने वाले पीयूष मल्होत्रा सोशल मीडिया इंफ्लूयंसर है। उन्होंने बताया- मेरा बेटा डीपीएस शास्त्रीपुरम में 10वीं क्लास में पढ़ता है। शनिवार को बेटा स्कूल गया था। सुबह साढ़े 7 बजे स्कूल से फोन आता है कि बेटे के हल्की चोट लग गई है। उसे स्कूल से ले जाएं। जब मैं स्कूल पहुंचा तो देखा बेटे के मुंह से खून निकल रहा था। स्कूल की आया बेटे को पकडकर बैठी थी। मुंह में रूई ठूंसी हुई थी। उसे फर्स्ट एड तक नहीं दी गई थी। बेटे की हालत देखकर मैं घबरा गए। बेटे के क्लास में एक लडके ने मुंह पर पंच मार दिया। इससे उसके 3 दांत टूट गए हैं। उसके जबड़े में भी चोट है। एसीपी हरि पर्वत अमीषा कुमारी ने कहा- शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने स्कूल पहुंचकर जांच की।

## असिस्टेंट कमिश्नर के ड्राइवर ने सुसाइड किया

**लखनऊ।** बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम एक जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर के निजी चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ थाना अंतर्गत सरायवन का पुरवा निवासी अभिषेक दीक्षित (28) के रूप में हुई है। अभिषेक बिजनौर के ओमेक्स सिटी में रहने वाले और कानपुर में जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर के पद पर तैनात कैलाश नाथ पाल के निजी ड्राइवर थे। वह पिछले करीब ढाई वर्षों से उनके मकान की तीसरी मंजिल पर एक कमरे में रह रहे थे। कैलाश नाथ पाल कानपुर में थे, जबकि उनका परिवार ओमेक्स सिटी स्थित घर में था।

# मिलावटखोरों पर प्रशासन का शिकंजा, तीन दिन में 12 दुकानों पर औचक निरीक्षण

## 64 में से 9 सैंपल हुए फेल

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर




जिले में मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने और आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देश और अभिहित अधिकारी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा दल ने जिले में 22 से 24 अप्रैल तक तीन दिवसीय सघन औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान चलित राज्य खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से चार तहसीलों की 12 दुकानों से 64 सैंपलों की प्राथमिक जांच की गई।

इस जांच में 9 सैंपल फेल पाए गए हैं, जिसके बाद विभाग ने नियमानुसार 6 लीगल और 6 निगरानी सैंपल लेकर विस्तृत जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेज दिए हैं। खाद्य सुरक्षा टीम ने अपनी इस कार्रवाई के दौरान जिले के कई प्रतिष्ठानों की सघन जांच की। टीम ने कालापीपल तहसील के बकायान स्थित नेशनल दुग्ध डेयरी से मिश्रित दूध, शुजालपुर के श्री राम मिष्ठान भंडार से चॉकलेट बर्फी व कृष्ण डेयरी से क्रीम के सैंपल लिए। इसी तरह बीकानेर मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, लस्सी, स्टिंग एनर्जी ड्रिंक व ब्रेवो फ्रूट ड्रिंक तथा रामदेव रेस्टोरेंट से मिठाई एवं बेसन के नमूने एकत्रित किए गए। इसके अलावा टीम ने नलखेड़ा की राठौर आइसक्रीम सप्लायर वैन से शीतल एवं बडालिया आईसक्रीम तथा जैन भोजनालय से बेसन के सैंपल भी जांच के लिए लिए हैं। राज्य प्रयोगशाला से विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद संबंधितों पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। छापामार कार्रवाई के साथ-साथ खाद्य विभाग ने आमजन को जागरूक करने का भी काम किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि इस दौरान कालापीपल के बकायान मार्केट और जिला चिकित्सालय शाजापुर में विशेष जन जागरूकता शिविर लगाए गए। इन शिविरों में जनसमुदाय को खाद्य सामग्री में मिलावट की पहचान करने के आसान घरेलू टिप्स दिए गए। इसके साथ ही लोगों से मोटे अनाज (श्री अन्न), फोर्टीफाइड, मौसमी और पारंपरिक खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की गई। अधिकारियों ने



लोगों को फास्ट फूड, हाई फैट, अत्यधिक नमक और चीनी वाले शीतल पेय व तंबाकू उत्पादों से दूर रहने की सलाह दी। व्यक्तिगत स्वच्छता, रसोई की साफ-सफाई, ढक्कन युक्त डस्टबिन के उपयोग और सही बर्तनों में खाना पकाने व रखने के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया।

## सूरज का थर्ड डिग्री टॉर्चर 43.3 डिग्री के पार पहुंचा पारा



**शाजापुर।** आसमान से धूप नहीं, मानो सीधे आग की लपटें बरस रही हैं। सुबह की किरणें निकलते ही जो तल्खी शुरू होती है, वह दोपहर आते-आते बर्दाश्त के बाहर हो जाती है।

घर की चौखट लांघते ही गर्म थपेड़े चेहरे से ऐसे टकराते हैं जैसे किसी सुलगते तंदूर के सामने खड़े हो गए हों। सूरज के इस थर्ड डिग्री टॉर्चर ने शहरवासियों को अप्रैल में ही मई-जून जैसी भयंकर तपिश का अहसास करा दिया है। इस बेतहाशा गर्मी ने आम जनजीवन को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया है और शहर की व्यस्त सड़कें दिन के उजाले में ही सन्नाटे में डूबने लगी हैं। मौसम के आंकड़े भी इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ने की ठान ली है। शहर का अधिकतम तापमान छलांग मारते हुए 43.3 डिग्री सेल्सियस के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। रात के समय भी खास राहत नहीं है और न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वातावरण से नमी जैसे पूरी तरह नदारद हो चुकी है और आर्द्रता का स्तर गिरकर मात्र 26 प्रतिशत पर आ टिका है। इस भीषण रूखेपन के बीच उत्तर-पश्चिम दिशा से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार से चल रही सूखी और गर्म हवाएं कोढ़ में खाज का काम कर रही हैं, जिसने पूरे शहर को लू की चपेट में ले लिया है। इस चुभती-जलती गर्मी और बदलते मौसमी समीकरणों को लेकर मौसम के जानकार सत्येंद्र धनोतिया ने पूरी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि उत्तर-पश्चिमी दिशा से लगातार आ रही शुष्क और तेज गर्म हवाएं तापमान में बेतहाशा बढ़ोतरी की मुख्य वजह हैं। हवा में नमी का प्रतिशत महज 26 तक लुढ़क जाने के कारण रूखापन इतना बढ़ गया है कि यह सीधे त्वचा को झुलसा रहा है और इससे लू (हीटवेव) का खतरा कई गुना बढ़ गया है। धनोतिया ने शहरवासियों से विशेष अपील की है कि वे इस मौसम को हल्के में बिल्कुल न लें, खुद को हाइड्रेटेड रखें और बहुत जरूरी होने पर ही सिर और चेहरा ढंककर घर से बाहर निकलें।

## लघु उद्योग भारती ने मनाया 32वां स्थापना दिवस

**शाजापुर।** उद्योग हित, राष्ट्र हित के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए देश के औद्योगिक विकास में अहम भूमिका निभाने वाले संगठन लघु उद्योग भारती की शाजापुर इकाई द्वारा अपना स्थापना दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान संगठन की 32 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए अंचल के युवाओं को नए उद्योग स्थापित करने और स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। स्थानीय बेरछा रोड स्थित इंडस्ट्रीज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर प्रजापति ने की, जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिकरवार बतौर विशेष अतिथि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने लघु उद्योग भारती की स्थापना के उद्देश्यों और आज के समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि आज अपने 32 वर्ष पूर्ण कर चुका यह संगठन देश भर में 60 हजार से अधिक आजीवन सदस्यों के साथ एक मजबूत वटवृक्ष बन चुका है। संगठन के बैनर तले देश के हर कोने में हजारों उद्योगों को विकसित करने और नवीन औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है।

**उद्योग इकाई का किया अवलोकन**-स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने आयोजन स्थल बुक इंडस्ट्रीज (किताब, कॉपी और रजिस्टर निर्माण इकाई) की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया। इस मौके पर अतिथियों द्वारा राकेश पाटीदार का पुष्पाहार से आत्मीय स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर संगठन के ज्ञान सिंह गुर्जर, अशोक पांचाल, राकेश पाटीदार और उत्तम राठौर सहित अनेक सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अकोदिया मंडी में चक्काजाम के बाद सील हुआ रिहायशी इलाके का शराब ठेका

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर




शराब के नशे और हुड़दंग से परेशान अकोदिया मंडी के वार्ड क्रमांक 8 के रहवासियों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। प्रशासन की अनदेखी से नाराज महिलाओं, पुरुषों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी सुरक्षा और शांति के लिए सीधा मोर्चा खोल दिया।

रिहायशी इलाके में शराब ठेका खोले जाने के विरोध में आक्रोशित भीड़ ने शुजालपुर रोड पर ऐसा चक्काजाम किया कि प्रशासन को मौके पर पहुंचकर तत्काल ठेके को सील करना पड़ा। प्रदर्शन कर रहे रहवासियों ने बताया कि रिहायशी क्षेत्र से शराब ठेका हटाने के लिए तीन दिन पहले ही तहसीलदार, नगर परिषद और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया था। जब तीन दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया, तो शनिवार सुबह 11 बजे सैकड़ों की संख्या में वार्डवासी सड़क पर उतर आए। दोपहर 1 बजे तक चले इस दो घंटे के धरने और चक्काजाम ने साफ कर दिया कि जब तक ठेका नहीं हटेगा, लोग सड़क से नहीं हटेंगे।

**जाम से थमे पहिए**- चक्काजाम के कारण व्यस्त शुजालपुर रोड पर यातायात पूरी तरह से ठप हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात बेकाबू होते देख थाना प्रभारी संजयसिंह राजपूत और तहसीलदार कन्हैया लाल चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तहसीलदार चौहान ने प्रदर्शनकारियों को शांत करते हुए आश्वासन दिया कि ठेके को वापस उसकी पुरानी जगह पर ही स्थानांतरित किया जाएगा। प्रशासन ने बिना देरी किए वार्ड क्रमांक 8 के पास स्थित उस विवादित शराब ठेके को मौके पर ही सील कर दिया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका।

**शराबियों के हुड़दंग से शर्मिंदगी झेलती हैं महिलाएं**-स्थानीय पार्षद राठौर ने इस विरोध का नेतृत्व करते हुए प्रशासन को इलाके की जमीनी हकीकत से रूबरू कराया। उन्होंने बताया यह एक अत्यंत घना रिहायशी इलाका है। यहां आसपास किराने और चक्की की दुकानें हैं, जहां से दिनभर महिलाओं और बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। शराब पीने के बाद लोग यहां खुलेआम गालियां बकते हैं और नशे में धुत होकर सड़क पर पड़े रहते हैं। इससे महिलाओं को भारी शर्मिंदगी और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है।

**एफआईआर हुई तो फिर होगा उग्र आंदोलन**-ठेका सील होने और प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद मामला फिलहाल शांत हो गया है, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी भी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि इस प्रदर्शन को लेकर किसी भी रहवासी पर कोई पुलिस प्रकरण (एफआईआर) दर्ज किया गया, तो वे दोबारा उग्र चक्काजाम करेंगे। वार्डवासियों का कहना है कि जब तक ठेका स्थायी रूप से यहां से नहीं हट जाता, वे इस पर अपनी पैनी नजर बनाए रखेंगे।

# उज्जैन एसटीएफ के जवान पर शिक्षिका से दुष्कर्म का केस

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

प्यार, भरोसा और फिर दगाबाजी...। उज्जैन एसटीएफ में तैनात एक पुलिसकर्मी की करतूत ने न सिर्फ इंसानियत को, बल्कि खाकी वर्दी को भी शर्मसार कर दिया है। 6 साल पुराने परिचय और प्रेम प्रसंग का फायदा उठाकर यह पुलिसकर्मी शादी के नाम पर एक शिक्षिका का शारीरिक शोषण करता रहा। हद तो तब हो गई, जब आरोपी ने पीड़िता को धोखे में रखकर गुपचुप तरीके से दूसरी जगह अपनी शादी तय कर ली। जब शिक्षिका ने इसका विरोध किया, तो आरोपी जवान ने उसे जान से मारने की धमकी दे डाली। धोखे की शिकार पीड़िता की शिकायत पर कालापीपल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**शुजालपुर के कालापीपल की रहने वाली है शिक्षिका**-पुलिस के अनुसार, शुजालपुर के कालापीपल क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता वर्तमान में उज्जैन जिले के ही एक स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। आरोपी पुलिसकर्मी राहुल गोयल और शिक्षिका दोनों के पैतृक गांव कालापीपल थाना क्षेत्र में ही पास-पास हैं। इसी वजह से दोनों के बीच करीब 6 साल पुराना परिचय था, जो धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गया था।

**अगस्त 2023 में नागझिरी ले जाकर की ज्यादती**-पीड़िता की शिकायत के मुताबिक, अगस्त 2023 में जब वह अपनी जॉइनिंग के लिए उज्जैन गई थी, तब आरोपी राहुल उसे क्षिप्रा विहार (नागझिरी) स्थित अपने कमरे पर ले गया। वहां उसने जल्द ही सात फेरे लेने का पक्का भरोसा दिलाया और पीड़िता की मर्जी के बिना उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद से ही वह लगातार शादी का आश्वासन देकर उसे बुलाता और उसका शोषण करता रहा।

**नंबर ब्लॉक किया, तब खुला राज**

कुछ समय बाद जब शिक्षिका ने शादी के लिए दबाव बढ़ाना शुरू किया, तो आरोपी की नीयत बदल गई। वह टालमटोल करने लगा, फोन पर बात करना कम कर दिया और बाद में पीड़िता का नंबर ही ब्लॉक कर दिया। हाल ही में जब पीड़िता को पता चला कि राहुल किसी और लड़की से शादी करने की तैयारी कर रहा है, तो उसने संपर्क कर कड़ा विरोध जताया। इस पर आरोपी ने शादी से साफ इनकार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे दी। इसके बाद पीड़िता ने परिजनों को पूरी बात बताई और कालापीपल थाने पहुंचकर केस दर्ज कराया।

### इनका कहना है

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी पुलिसकर्मी फिलहाल उज्जैन एसटीएफ में पदस्थ है। प्रारंभिक जांच में दोनों के बीच 5 से 6 साल का रिलेशन होने की बात सामने आई है। आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है, बाकी बातें और तथ्य विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे।

**निमिश देशमुख**
**एसडीओपी**

## अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्रवाई

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में संदीप शर्मा, उपायुक्त आबकारी संभाग ग्वालियर के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में दिनांक 25 अप्रैल 2026 को आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम सिंगवासा चक, मातापुरा मोहल्ला एवं गढ़लागिर्द क्षेत्र में दबिश दी गई। 300 किलोग्राम लाहन तथा सिंगवासा चक से 15 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या: M247GTWPOH262706, दिनांक: 22.04.2026. कार्य का नाम**: 8 व्हीलर DETC के उपकरणो एवं सब - असेंबली की आवधिक ओवरहालिंग। मु. का. प्र. / दाहोद पश्चिम रेलवे कार्यालय। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 4,69,65,180/-. **बयाना राशि**: रु. 9,39,400/-. **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय**: ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 13.05.2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। टेंडर नोटिस और डॉक्यूमेंट्स वेबसाइट **www.ireps.gov.in/** E-Tenders / Works / IR Electrical पर उपलब्ध हैं। **AK/17**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या: M247GLRSCTFJ262703, दिनांक: 23.04.2026. कार्य का नाम**: 1000 Amp क्षमता के CTF तथा REVERSOR का 1500 Amp क्षमता में अपग्रेडेशन / रिहेबिलीटेशन । मु. का. प्र. / दाहोद पश्चिम रेलवे कार्यालय। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 2,41,42,708.40. **बयाना राशि**: रु. 4,82,900/-. **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय**: ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 14.05.2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। टेंडर नोटिस और डॉक्यूमेंट्स वेबसाइट **www.ireps.gov.in/** E-Tenders / Works / IR Electrical पर उपलब्ध हैं। **AK/18**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं PARKING-RTM - 4, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड, लॉट नं. PARKING-RTM-BNG-TW-86-26-1 (Barnagar TW), PARKING-RTM-RJQ-TW-89-26-1 (Rajendra Nagar TW)** अनुबंध की अवधि - 3 वर्ष ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक **11.05.2026** को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **AK/19**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा निविदा संख्या: -E-NOSE-VB-01 के विरुद्ध अंतिम तिथि 20/05/2026 15:30 बजे तक (एकल पैकेट सिस्टम)**, आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थान: कार्य का नाम**: इंदौर कोचिंग डिपो में फ्रंट एंड (Front end) नोज कोन कपलर और साइड वॉल की एफआरपी की मरम्मत, पेंटिंग, पेटिंग और फिटमेंट का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत**: रु. 18,74,721.66/- (सभी कर, जीएसटी, एस. बी. एच. टी. सहित)। **बयाना राशि**: रु. 37,500/-. **समापन अवधि**: एल. ओ. ए. जारी होने की तारीख से 12 माह। **कार्यालय का पता जहाँ निविदाएं खोली जाएंगी**: वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर। **निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय**: 15:30 बजे दिनांक 20.05.2026 तक जमा करने का समय। निविदाएं IREPS की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **AK/20**

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly



## ग्राम पंचायत बरूखेड़ी पंचायत राज दिवस पर उत्कृष्ट कार्य के लिये किया सम्मानित

**महिदपुर रोड।** राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस पर जिला पंचायत उज्जैन में ग्राम पंचायत बरुखेडी वित्त वर्ष 25-26 में जल गंगा संवर्धन समग्र आईडी, ई केवाईसी, मनरेगा योजना ई केवाईसी तथा ग्राम पंचायत में अन्य उत्कृष्ट कार्य के लिये सरपंच निर्मला भरत जाट तथा पंचायत सचिव नौशाद नूर मंसूरी को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। ग्राम पंचायत बरुखेड़ी में जनपद पंचायत महिद पुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी मीना झा के निर्देशन में वर्ष 2025-26 में जल गंगा संवर्धन, समग्र ईकेवाईसी 97, मनरेगा योजना की शत प्रतिशत ईकेवाईसी, सहित ग्राम पंचायत के अन्य कार्य किये गये। उल्लेखनीय तथा उत्कृष्ट कार्यों पर जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर देवड़ा, उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कुमठ, जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह आर्य, श्याम सिंह चौहान आदि की उपस्थिति में पंचायत सचिव नौशाद नूर मंसूरी ने उपस्थित होकर प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया।

## सराफा व्यापारी से लूट की घटना का पुलिस ने किया पर्दाफाश



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना खिलचीपुर, माचलपुर, भोजपुर एवं साइबर सेल की टीम ने कार्यवाही करते हुए सराफा व्यापारी के साथ हुई लूट की घटना का पदार्फाश किया है। फरियादी देवेन्द्र सर्राफ निवासी खिलचीपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात करीब साढ़े 8 बजे अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। घर के पास अज्ञात आरोपियों ने उसका बैग जिसमें 26,500 रुपये नगद एवं चाबियां रखी हुई थीं झपटकर लूट ले गए। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल घेराबंदी एवं सघन चेकिंग की। कार्यवाही के दौरान एक आरोपी पंकज सुमन को पकड़ा। पूछताछ के आधार पर मुखबिर तंत्र सक्रिय कर भोजपुर क्षेत्र से शेष तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 26,500 रुपए नगद, चाबी सहित बैग झोला, चाकू, बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल जप्तकर आरोपी पंकज सुमन पिता जानकीलाल सुमन 20 वर्ष निवासी ग्राम कुकलवाड़ा थाना अकलेरा जिला झालावाड़ राजस्थान, नवीन मालाकार पिता चांदमल मालाकार 19 वर्ष निवासी कोली मोहल्ला, थाना अकलेरा, जिला झालावाड़ राजस्थान, राहुल मालाकार पिता ओमप्रकाश मालाकार 19 वर्ष निवासी खिलचीपुर जिला राजगढ़, आकाश मालाकार पिता रामबाबू मालाकार निवासी खिलचीपुर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया।

**देवास की झोपड़ी में सात लाख रुपए के नोट जले**

## ढाई लाख की अधजली गड्डियां मिलीं; एक मंदिर क्षतिग्रस्त, दूर तक दिखाई दी लपटें



**देवास।** शनिवार को 4 झोपड़ियों में आग लग गई। हादसे में एक व्यक्ति के करीब सात लाख रुपए के नोट जल गए। ढाई लाख रुपए के अधजले नोटों की गड्डियां मिली हैं। आग की लपटों से झोपड़ियों के पास में बने खाटूश्याम मंदिर को भी क्षति पहुंची है। हादसा देवास के नेवरी फाटा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे चौकी के पीछे हुआ। देखते ही देखते आग ने चार झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। झोपड़ियों में रहने वाले लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। हालांकि, उनका अधिकांश सामान आग में जल गया।

**दो घंटे में आग में पाया काबू**

घटना की सूचना मिलते ही देवास और सोनकच्छ से फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर लगभग 2:30 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस आगजनी में एक परिवार को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ितों के मुताबिक, उनकी झोपड़ी में रखे करीब 2 से 2.5 लाख रुपए नकद जलकर खाक हो गए। इसके अतिरिक्त, आग की लपटों के कारण पास स्थित खाटू श्याम मंदिर को भी आंशिक क्षति पहुंची है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## आज ग्राम मोड़ी में अखिल भारतीय चंद्रवंशी बागरी समाज का विवाह सम्मेलन

**सुसनेर।** समिप ग्राम मोड़ी में 26 अप्रैल को अखिल भारतीय चंद्रवंशी बागरी समाज का द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का जीरापुर रोड स्थित बागरी समाज धर्मशाला में आयोजित होगा। सम्मेलन को लेकर बागरी समाज द्वारा तैयारियां की जा रही है। सुबह 8 बजे बारात आगमन, सुबह 10 से 4 बजे तक स्नेहभोज दोपहर 12 बजे से पाणिग्रहण संस्कार होगा। कार्यक्रम को लेकर जनप्रतिनिधियों सहित समाज जन को निमंत्रण दिए जा रहे हैं।

अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद हुआ प्रसव

# सिविल अस्पताल में व्यवस्थाएं बेलगाम एक ही महिला रोग विशेषज्ञ के भरोसे दोनों यूनिट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



सिविल अस्पताल शुजालपुर में अव्यवस्थाओं के चलते मरीजों का हाल बेहाल है, विशेष रूप से प्रसूताओं को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है, सिविल अस्पताल शुजालपुर में बीती रात भर्ती हुई एक प्रसूता का प्रसव अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद हो सका। इतना ही नहीं अस्पताल में नायब तहसीलदार को लगभग दो घंटे मध्य रात्रि के बाद बैठना पड़ा, जिससे कि भर्ती प्रसूता का प्रसव हो सके।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम डाबरी निवासी आशा गोवर्धन को प्रसव के लिए सिविल अस्पताल शुजालपुर में भर्ती कराया गया था, प्रसव पीढ़ा अधिक होने पर मामला हाईरिस्क का प्रतित हुआ। अस्पताल में मौजूद स्टॉफ नर्स ने रेफर की सलाह दी, लेकिन 108 पर फोन लगाने पर कोई जवाब नहीं मिला, काफी देर तक प्रयास के बाद भी 108 के लिए व्यवस्था नहीं हो पाई। प्रसूता की परेशानी का मामला एसडीएम शुजालपुर एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष तक पहुंचा, दोनों ने अपने स्तर पर प्रयास किया। बताया जाता है कि सिटी व मंडी के दोनों अस्पताल की युनिट को संभालने के लिए महिला रोग विशेषज्ञ के रूप में एक मात्र चिकित्सक डॉ. आभा जैन पदस्त है जो कि प्रसूता का उपचार करने के लिए अस्पताल पहुंच गई लेकिन सहयोगी के आभाव में उपचार नहीं हो सका। मिली जानकारी अनुसार रात लगभग 2 बजे रायपुर गांव में निवासरत एक कर्मचारी को अस्पताल बुलाया एवं इसके बाद प्रसूता का सीजर ऑपरेशन किया गया। शुक्रवार की सुबह एसडीएम राजकुमार हलदर भी सिविल अस्पताल पहुंचे व अस्पताल का रूटिन निरीक्षण कर व्यवस्था संबंधी चर्चा की और स्टॉफ की परेशानी को भी जाना। बता दे सिविल अस्पताल में लम्बे समय से मरीजों को परेशानी हो रही है, इस अस्पताल में पदस्त कुछ चिकित्सकों की रूचि निजी नर्सिंगहोम और निजी प्रेक्टिस के चलते अस्पताल की व्यवस्थाएं बदहाल होती जा रही है।

**समय पर नहीं मिलती आपातकालीन सेवा**

सिविल अस्पताल में सेवा भाव की निष्ठा लगातार कम हो रही है और निजी हित के चलते व्यवस्थाएं बिगड़ रही है, कई मामलों में रेफर की स्थिति बनती है। आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति तो निजी अस्पताल में चले जाते है लेकिन जो सक्षम नहीं है उनकी परेशानी बढ़ जाती है। विगत दो माह से आपातकालीन सेवा 108 का संचालन बिगडा हुआ है। इस कॉल करने पर यह सेवा समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उधर सिविल अस्पताल में मौजूद एम्बुलेंस की सेवा चिकित्सकों को इमरजेंसी में घर से लाने व ले जाने के लिए रहती है लेकिन मरीज को रेफर करना हो तो इस एम्बुलेंस पर भरोसा नहीं किया जाता है।

**इनका कहना है**

सिविल अस्पताल का रूटिन निरीक्षण किया गया, रात्रि में प्रसूता की परेशानी संबंधी जानकारी मिली थी, जिसका सीजर हो गया और जच्चा व बच्चा दोनों सुरक्षित है। अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ को ज्वाइन करना था लेकिन अभी तक हुआ नहीं है। 108 को कॉल करने पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है उसकी शिकायत मिली है इस संबंध में जवाबदारों से चर्चा की जा रही है।

**राजकुमार हलदर**
**एसडीएम शुजालपुर**

सांडों की लड़ाई से दहशत, मोहल्लों से बाजार तक बढ़ा खतरा

# बार-बार हो रही घटनाओं से लोग परेशान, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



नगर में आवारा सांडों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे आमजन का घर से निकलना तक मुश्किल होता जा रहा है। शहर के विभिन्न हिस्सों में आए दिन सांडों की आपसी लड़ाई देखने को मिल रही है जो अब मोहल्लों से निकलकर बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तक पहुंच गई है। इन घटनाओं से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है।

गत दिनों खटलागली क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो सांड आपस में भिड़ गए। सांडों की यह लड़ाई काफी देर तक चलती रही जिससे पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। अचानक हुई इस घटना से राहगीर और स्थानीय लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। कई लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए, वहीं कुछ समय के लिए क्षेत्र में आवाजाही भी प्रभावित हुई।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि नगर में आवारा सांडों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ये सांड झुंड में घूमते हैं और अचानक आपस में भिड़ जाते हैं, जिससे आसपास मौजूद लोग वाहन और दुकानदार खतरे में आ जाते हैं। लोगों ने बताया कि इससे पहले भी पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में सांडों की लड़ाई हो चुकी है। जिसमें एक मेडिकल दुकान का काउंटर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया था। इस घटना के दौरान दुकान में मौजूद ग्राहकों और कर्मचारियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई थी।

व्यापारियों के अनुसार इस समस्या का असर उनके कारोबार पर भी पड़ रहा है। सांडों के डर से ग्राहक बाजार में आने से कतराने लगे हैं। जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति और भी अधिक जोखिम भरी बनी हुई है। नगरवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। आवारा सांडों को पकड़ने और उनके उचित प्रबंधन के लिए कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहा है। लोगों ने नगर परिषद और संबंधित प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवारा सांडों को पकड़ने की व्यवस्था की जाए और उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेजा जाए। यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। नगरवासियों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि शहर में सुरक्षा और व्यवस्था बनी रह सके।

## कृषि आदान विक्रेता मांगों को लेकर 27 अप्रैल को व्यवसाय बंद रखकर देंगे ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

मध्य प्रदेश कृ षि आदान विक्रेता संघ भोपाल के आव्हान पर नगर के व्यापारियों ने भी आगामी सोमवार 27 अप्रैल को एक दिवसीय सांकेतिक बंद करने का निर्णय लिया गया है।

कृषि आधार विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र मंडोव रा ने जानकारी देते हुए बताया तहसील एवं जिले के समस्त व्यापारियों के साथ साथ नगर के भी 27 अप्रैल 2026 को नगर के सभी व्यापारी भी एक दिवसीय बंद का पूर्ण रूप से समर्थन करते हुए अपना व्यवसाय बंद रख कर तहसील एवं जिला स्तर पर ज्ञापन देने जायेगे रैली में शामिल सभी व्यापारी ड्रेस कोड के रूप में काला टी शर्ट या शर्ट अथवा अपनी बांह पर काले रिबन की पट्टी बांधकर जरूर प्रदर्शन में शामिल होंगे कृषि आदान व्यापा रियों ने बताया उनकी प्रमुख मांगों में 10 साल पहले 9 फरवरी 2016 को हमारे द्वारा पेस्टिसाइड में बीएससी की डिग्री लागू किए जाने के विरोध में एक दिन का भारत बंद का आ ह्वान किया गया था और वह पूर्ण रू प से सफल हुआ था उसके बाद केंद्र सरकार द्वारा उस डिग्री की मान्यता को शिथिल करते हुए 12 दिन के सर्टिफिकेट कोर्स पर मान्य किया था । अब 10 साल बाद पुनः हम सभी एक दिन की सांकेतिक ह ड़ताल कर अपनी मांगों के संबंध में प्रधानमंत्री के माध्यम से उर्वरक मं त्रालय एवं कृषि मंत्रालय के मंत्रियों के साथ वरिष्ठ अधिकारियों से ज्ञापन के माध्यम से करेंगे इस संबंध में तहसील एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की बैठक भी आयोजित की जा चुकी है।

# बदनावर में एग्रो मंथन मेले में 'लोकल फॉर वोकल' उपकरणों पर जोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर

स्व. सुभाषचंद्र मूणत की स्मृति में एग्रो मंथन किसान मेले का आयोजन किया गया। बड़ी चौपाटी जनपद पंचायत के सामने स्थित खेल मैदान पर हुए इस मेले में क्षेत्र के किसानों को विभिन्न कृषि संबंधित उपकरणों, खाद्य, बीज और दवाइयों के बारे में जानकारी दी।

इस एग्रो मंथन में प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजक अभिषेक मूणत और आयुष मूणत ने अतिथियों और किसानों का स्वागत किया। मेले में 50 से अधिक स्टाल लगाए गए थे, जहां आधुनिक कृषि उपकरणों, सोलर पैनल, खाद, बीज, दवाइयों और बिजलीरहित उपकरणों की जानकारी दी गई। किसानों ने प्रत्येक स्टाल पर पहुंचकर कृषि उपकरणों और नई तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्हें बताया गया कि कैसे कम लागत में बेहतर पैदावार प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, राज्य और केंद्र सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं और उन पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे में भी से जानकारी दी गई।

मेले में कम समय और कम खर्च में अधिक पैदावार के तरीकों के साथ-साथ ड्रोन से नैनो यूरिया छिड़काव जैसी आधुनिक विधियों पर भी प्रकाश डाला गया। पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि यह आयोजन किसानों को नई तकनीक सीखने और सिखाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सतत कृषि पद्धतियों, जल संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में नई सीख मिलेगी। दत्तीगांव ने प्राकृतिक खेती अपनाने और नई तकनीकों से उत्पादन व आय में वृद्धि होने की बात भी कही।

# बोर्ड परीक्षा में 75 से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद नगर के सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. बड़नगर विद्यालय में एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में इस वर्ष विद्यालय का परिणाम श्रेष्ठ रहने पर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। परीक्षा परिणाम 10वीं में 83.06 प्रतिशत और 12वीं में 91 प्रतिशत रहा। विवेकानंद सभा गृह में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 10वीं और 12वीं के 38 प्रतिभावान विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।. जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शासन की लैपटॉप योजना का लाभ लेकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया । समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन सरस्वती पूजन के साथ हुई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को दुपट्टा ओड़ाकर तिलक लगाकर सम्मानित किया।कायक्रम के मुख्य अतिथि संस्था सचिव आशीष शुक्ला, अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष अशोक गोधा, विशेष अतिथि द्वय प्रोफेसर लक्ष्मण चेलानी , संस्था कोषाध्यक्ष अरविन्द माहेश्वरी, सहित प्राचार्य संगीता गंगराड़े, उप प्राचार्य देवेन्द्र प्रसाद शर्मा मंचासिन थे।

मंचस्थ अतिथि ने 12वी कक्षा के संकाय अनुसार अपने अपने संकाय में प्रथम रहे विद्यार्थियों को दुपट्टा ओढ़ाकर व मोमेंटो, देकर सम्मानित किया। जिसमें कृषि संकाय के अंकित चौधरी 93% अंक, विज्ञान समूह की दिव्यांजली पोरवाल 87.8%,कॉमर्स समूह की आभा सोनी 87%, कला समूह की अनिशा पंवार 73% 10वी कक्षा की दिशा पोरवाल 96.2% अंक, अर्पित पोरवाल 91.8% अंक, ऋषिता गहलोत 90.4% अंक, सांवरमल शर्मा 90% अंक, शामिल थे। मुख्य अतिथि संस्था सचिव आशीष जी शुक्ला ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत. शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। मेधावी छात्रा दिव्यांजली पोरवाल उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासित वातावरण और नियमित अभ्यास को देते हुए जूनियर विद्यार्थियों के साथ अपनी स्टडी टिप्स भी साझा कीं। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों के चेहरों पर गर्व और खुशी की झलक दिख रही थी। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अभिभावक, आचार्य परिवार मौजूद रहा।अतिथि परिचय अनिल चौहान, स्वागत कविता मकवाना, मौसमी चौरसिया, बाबूलाल चांगेसिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज पाण्डे, आभार प्राचार्य संगीता गंगराड़े ने माना। जानकारी नीलम शर्मा ने दी।

## माहेश्वरी समाज के लाहोटी अध्यक्ष एवं बजाज निर्विरोध सचिव चुने गए





**भौरासा।** देवास जिला माहेश्वरी सभा द्वारा आदेशित माहेश्वरी समाज भौरासा के वर्ष 2026, व 2029 के चुनाव निर्वाचन अधिकारी रमेश चद हेडा, एवं पर्यवेक्षक दिनेश भूतड़ा देवास, के द्वारा निर्विरोध निर्वाचन संपन्न कराए गए जिसमें भौरासा माहेश्वरी समाज का अध्यक्ष घनश्याम लाहोटी, उपाध्यक्ष नारायण मंत्री, उपाध्यक्ष प्रहलाद दास झंवर,सचिव प्रदीप बजाज, कोषाध्यक्ष दिनेश जाजू ,संयुक्त मंत्री गोविंद जाजु, संगठन मंत्री नितिन सारडा, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश मंत्री, रमेश चंद जाजु, गोविंद बलदवा, रितेश चिचाणी, को बनाया गया शेष सदस्यों को स्थानीय कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया इस अवसर पर देवास जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष कैलाश डागा , जिला महामंत्री प्रकाश मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश एम भूतड़ा, देवास,अशोक सोमानी, देवास , रमेश चन्द्र इनानी, महेश मंत्री सीताराम परतानी, राधेश्याम जाजू, महेश बलदवा मुकेश परतानी पुरुषोत्तम भूतड़ा मनीष लाहोटी संजय जाजु कल्याण मुंदड़ा शाश्वत मुंदडा आदि समाज जन उपस्थित थे निर्वाचित सदस्यों का व आमंत्रित अतिथियों का सभी समाज जनों ने स्वागत किया व सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## नन्हे हाथों से भीख मांगता बचपन जवाबदार मोन जिम्मेदार कौन



**सारंगपुर।** चंद पैसे का लालच कहे या पारिवारिक मजबूरी लोग अपने सामने बच्चों से सपनो का सौदा कर रहे हैं। जिन हाथों में अपने सुनहरे सोने गढने के लिए किताब वा पेंसिल होना चाहिए वह नन्हे हाथ लोगो के सामने हाथ फैला कर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी की जहां सैकडों बच्चे ना जाने किस मजबूरी के चलते अपनी पढाई छोड कर भीख मांगने के लिए माता के दर्शन को आने वाले यात्रियों के सामने अपने हाथ फैला रहे हैं। जवाबदार भी सब देखने के बाद भी इन बच्चों के अभिभावकों को इनके बचपन से खिलवाड करने के लिए इनको भीख मांगने से मना नहीं कर पा रहे है। वैसे यह सिलसिला साल भर चलता हे लेकिन माघ महीने के माघ मेले, दोनों नवरात्र पर्व वा वैशाख में यह क्रम बढ गया है। माता मंदिर हो या भंडारा क्षेत्र कही भी इनकी उपस्थिति मिल जाती है। कुछ लोगों का कहना हे कि इन बच्चों के माता पिता ही इनसे यह काम करवा रहे हैं अगर समय रहते प्रशासन द्वारा इनपर अंकुश नहीं लगाया तो क्षेत्र के कई ओर बच्चों का भविष्य खतरे में पडेगा जबकि सरकार हर बच्चे को अच्छी शिक्षा देने के लिए कृतसंकल्पित है फिर इस ओर ध्यान नहीं देने के लिए प्रशासन की क्या मजबूरी हो सकती है।

**उदनखेड़ी में लगी एसबीआई की नई एटीएम मशीन**

## एक वर्ष पहले खराब हुई थी पुरानी मशीन, अब नई से होगी सुविधा



**सारंगपुर।** उदनखेड़ी कस्बे में नेशनल हाईवे के पास भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा नई असुविधा जनक एटीएम मशीन उपभोक्ताओं के लिए शुरू कर दी गई है। अब इससे ग्रामीण उपभोक्ताओ को बैंक में पैसे निकालने के लिए लाइन में खडे नहीं रहना पड़ेगा। दरअसल गांव में पहले भी एटीएम मशीन स्थापित थी लेकिन एक वर्ष से पुरानी मशीन बंद हो गई थी और नई मशीन लगना थी, जो अब लगाई गई है। ग्रामीणों ने कहा कि एटीएम आधुनिक बैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो चौबीसों घंटे वित्तीय सेवाओं तक पहुंच प्रदान करती हैं और वैश्विक स्तर पर ग्राहकों की सुविधा को बढाती हैं। समाजसेवी रमेशचंद्र शर्मा ने कहा कि एटीएम से नकदी निकासी और खाता प्रबंधन जैसी कई सुविधाएं तो मिलेगी है साथ ही व्यक्तिगत लेन-देन के विकल्प के रूप में एटीएम बैंक शाखा में भीडभाड को काफी हद तक कम करेंगी। प्रतीक्षा समय को कम करके और कर्मचारियों को ग्राहकों की अधिक जटिल आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देकर, यह दक्षता उपभोक्ताओं और बैंक कर्मचारियों दोनों के लिए समय बचाएगी। नई एटीएम मशीन का एक और फायदा यह होगा कि इससे नकदी निकालना, बैलेंस चेक करना आदि जैसी सरल और त्वरित प्रक्रियाओं के माध्यम से वित्तीय लेनदेन अधिक तेज और सुविधाजनक हो जाएगा।

# दीपिका पादुकोण को हिट फिल्म के बाद भी ताने मिले

## बोलने के तरीके का मजाक उड़ाया, डिप्रेशन का शिकार हुईं; नेटवर्थ 500 करोड़ से ज्यादा



दीपिका पादुकोण ने 2007 में फिल्म ओम शांति ओम से डेब्यू कर स्टारडम हासिल किया, लेकिन उन्हें आलोचना और तानों का सामना करना पड़ा। उनकी डायलॉग डिलीवरी और एक्सेंट का मजाक उड़ाया गया, जिससे वह मानसिक रूप से टूटने लगीं। करियर के पीक पर होने के बावजूद 2014 के आसपास वह डिप्रेशन का शिकार हुईं। उन्होंने थैरेपी और आत्मविश्वास के सहारे खुद को संभाला। इस दौर के बाद कॉकटेल ये जवानी है दीवानी, पद्मावत और पठान से उन्होंने टॉप एक्ट्रेसेस में जगह बनाई। आज दीपिका की नेटवर्थ 500 करोड़ से ज्यादा ज्यादा है। दीपिका पादुकोण का जन्म 5 जनवरी 1986 को डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में हुआ था। उनके पिता प्रकाश पादुकोण मशहूर बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। बचपन में उनका परिवार बेंगलुरु शिफ्ट हो गया। उन्होंने स्कूली पढ़ाई सोफिया हाई स्कूल से की और आगे माउंट कार्मेल कॉलेज में दाखिला लिया, लेकिन मॉडलिंग करियर के चलते पढ़ाई छोड़ दी।

### मॉडलिंग में एंट्री और पहला ब्रेक

दीपिका शुरूआत में अपने पिता की तरह बैडमिंटन खिलाड़ी बनना चाहती थीं, लेकिन टीनेज में उनका झुकाव मॉडलिंग की ओर हो गया। उन्होंने छोटे प्रोजेक्ट्स से शुरूआत की और पहचान बनाई। उन्हें बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क के लिए मॉडलिंग की। इसके बाद लैक्मे फैशन वीक में रैंप वॉक किया, जिससे वह इंडस्ट्री में नोटिस हुईं।

### कन्नड़ फिल्म से एक्टिंग डेब्यू

मॉडलिंग में सफलता के बाद दीपिका को फिल्म का ऑफर मिला। उन्होंने 2006 में कन्नड़ फिल्म ऐश्वर्या से एक्टिंग करियर शुरू किया। यह फिल्म बड़ी हिट नहीं रही, लेकिन उनकी स्क्रीन प्रेजेंस ने फिल्ममेकर्स का ध्यान खींचा।


**बॉलीवुड में एंट्री और चुनौतियां-** मॉडलिंग के दौरान दीपिका पादुकोण ने हिमेश रेशमिया के म्यूजिक वीडियो ह्यनाम है तेराह्न में काम किया था। इसी से उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और कॉन्फिडेंस ने डायरेक्टर फराह खान का ध्यान खींचा। फराह खान नई और फ्रेश फेस की तलाश में थीं। उन्हें लगा कि 70 के दशक की अभिनेत्री शांति प्रिया के किरदार के लिए दीपिका फिट हैं। इसके बाद उनका ऑडिशन हुआ और उन्हें फिल्म के लिए फाइनल किया गया। शाहरुख खान के साथ उनकी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म ओम शांति ओम बनी, जो 2007 की बड़ी हिट फिल्मों में रही और दीपिका स्टार बन गईं।

### सूटकेस साथ कैब में ही सो जाती थीं

मॉडलिंग के दौरान मुंबई आने पर दीपिका को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। दीपिका कहती हैं- मैं एक नए शहर में अकेले आई थी। मेरे पास सिर्फ मेरा बैग था, और मैं उसे लेकर इधर-उधर भटकती रहती थी। मैं देर रात तक काम करती थी और सूटकेस लेकर कैब में हर जगह जाती थी। कई बार मैं उसी कैब में सो जाती थी।

# मुंबई में फेंटी ब्यूटी के इवेंट में शामिल हुईं रिहाना, सिंगर ने हिंदी में कहा शुक्रिया







मुंबई के फीनिक्स पैलेडियम में शुक्रवार को इंटरनेशनल पॉप स्टार रिहाना अपने कॉस्मेटिक ब्रांड फेंटी ब्यूटी के भारत में आधिकारिक लॉन्च इवेंट में शामिल हुईं। इस इवेंट को ह्यफेंटी ब्यूटी की हवेलीह्न नाम दिया गया था। कार्यक्रम में रिलायंस रिटेल की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ईशा अंबानी भी मौजूद थीं। इसके अलावा एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर, अदिति भाटिया और कई बॉलीवुड सेलेब्स भी इवेंट में शामिल हुए।

वहीं, इवेंट के दौरान रिहाना ने हिंदी में बात करने की कोशिश भी की। रिहाना स्टोर के अंदर से बाहर आती हैं और पैपराजी से पूछती हैं, (हिंदी में थैंक यू कैसे कहते है?)। जब उन्हें स्टोर के अंदर से किसी ने शुक्रिया शब्द बताया, तो वह फिर से मुस्कुराते हुए बाहर आईं और जोर से शुक्रिया कहा। बता दें कि फीनिक्स पैलेडियम में 25 अप्रैल से 4 मई 2026 तक यह खास पॉप-अप स्टोर खुला रहेगा, जहां फेंटी ब्यूटी के अलग-अलग शेड्स और प्रोडक्ट्स को लोग करीब से देख और ट्राय कर सकेंगे। भारत में फेंटी ब्यूटी के प्रोडक्ट्स अब रिलायंस रिटेल के तीरा ब्यूटी और सेफोरा पर विशेष रूप से उपलब्ध होंगे।

### रिहाना का भारत का दूसरा दौरा

इंटरनेशनल सिंगर रिहाना शुक्रवार को दूसरी बार भारत पहुंचीं। इससे पहले वह 2024 में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में परफॉर्म करने आई थीं।वह 29 फरवरी, 2024 को जामनगर पहुंचीं और इवेंट के अगले दिन वापस लौट गईं। मार्च 2024 में जामनगर में हुई प्री-वेडिंग सेरेमनी में दुनिया भर की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें मार्क जकरबर्ग, प्रिसिला चान, बिल गेट्स और इवांका ट्रम्प शामिल हैं।

## Sport

### सुदर्शन के शतक के बावजूद गुजरात पांच विकेट से हारा

# कोहली के कमाल से बेंगलुरु की जीत

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु



साई सुदर्शन के शतक पर विराट कोहली की पारी भारी पड़ी। कोहली की 81 रन की करिश्माई पारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शुक्रवार को गुजरात टाइटंस को सात गेंद रहते पांच विकेट से हरा दिया।

गत चैंपियन बेंगलुरु इस जीत से तालिका में दूसरे नंबर पर पहुंच गया। यह उसकी चिन्नास्वामी स्टेडियम में 50वीं जीत है। एक वेन्यू में जीत का अर्धशतक जड़ने वाली बेंगलुरु चौथी टीम है। यह उसका यहां इस सत्र का अंतिम मुकाबला था। कोहली ने पडिक्कल (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी निभाई। इससे बेंगलुरु ने 206 रन का लक्ष्य 18.5 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। अंत में क्रुणाल ने 12 गेंद में नाबाद 23 रन बनाए।

बेथेल के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और पडिक्कल ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए गुजरात के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। कोहली ने जब खाता भी नहीं खोला था तब सिराज की गेंद पर सुंदर ने उनका कैच छोड़ दिया था। कोहली ने पिच के उछाल को बखूबी भांपते हुए कृष्णा और रबाडा का आसानी से सामना किया।

पडिक्कल को राशिद ने एक बेहतरीन गेंद पर आउट किया तो कोहली को होल्डर की एक उछाल भरी गेंद ने बोल्ड किया। इसके बाद टीम ने तीन विकेट पाटीदार और जितेश के विकेट जल्दी गंवा दिए। क्रुणाल और डेविड ने इससे पहले सुदर्शन ने 100 रन की शानदार पारी खेली जिसकी बदौलत गुजरात ने तीन विकेट पर 205 रन बनाए। सुदर्शन ने कप्तान गिल (32) के साथ 128 रन की साझेदारी की। इनके अलावा बटलर ने 25, होल्डर ने नाबाद 23 और सुंदर ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। सुदर्शन ने पावरप्ले के दौरान 29 जबकि गिल ने सिर्फ सात गेंदें खेली थीं।

### विराट के 300 छक्के

विराट कोहली लीग में 300 छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए। वह 274 मुकाबलों में 303 छक्के जड़ चुके हैं। वह क्रिस गेल (357) और रोहित शर्मा (310) के क्लब में शामिल हो गए।

### 800 चौके लगाने वाले पहले खिलाड़ी

कोहली लीग में 800 चौके जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बने। वह अब तक 807 चौके लगा चुके हैं। उनके अलावा शिखर धवन (768) ही सात सौ का आंकड़ा छू पाए

### बेसबॉल की धरती पर मच सकता है आईपीएल का धूम-धड़ाका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बेसबॉल की धरती अमेरिका में भी क्रिकेट की धमक बढ़ने लगी है। कैलिफोर्निया का पोमोना शहर क्रिकेट के सबसे बड़े हब के रूप में उभरने की तैयारी में है। यही शहर 2028 में 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी का गवाह बनेगा। इसके लिए क्रिकेट स्टेडियम का काम जोरों से चल रहा है। आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स इस स्टेडियम का निर्माण कर रही है। यहां आईपीएल मुकाबले भी हो सकते हैं। स्टेडियम तीन चरणों में पूरा होगा। पहला चरण इस साल पूरा होगा। इसमें पांच हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। दूसरा चरण 2027 तक होगा जिसकी दर्शक क्षमता 8500 होगी।

# अकील: पावरप्ले में बने स्पिन के सरताज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नई गेंद, फील्डिंग रिस्ट्रिक्शन और बल्लेबाजों का दबदबा...टी-20 में ये चीजें हमेशा तेज गेंदबाजों के पक्ष में रही हैं। लेकिन वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन इस थ्योरी को लगातार तोड़ रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को अकील ने चार विकेट झटके। इनमें दो पावरप्ले में थे।

अकील ने अपने करियर में 139 बार पहला ओवर फेंका है यानी आधे से ज्यादा मौकों पर नई गेंद के साथ शुरूआत। 2023 के बाद यह ट्रेंड और तेज हुआ है। उनके कुल ओवरों का 51.8% पावरप्ले में आया है, जो दुनिया के शीर्ष स्पिनरों में सर्वाधिक है। पावरप्ले में विकेट लेने के मामले में भी वह सबसे आगे हैं। 2023 के बाद पावरप्ले में 74 विकेट, जो किसी भी स्पिनर से काफी ज्यादा है। दूसरे नंबर पर 55 विकेट के साथ श्रीलंका के महीश तीक्ष्णा हैं। अकील ने अपनी दो मुख्य विविधताओं नियमित गेंद, तेज गेंद के साथ गति में बदलाव और हवा में ड्रिफ्ट का ऐसा मिश्रण तैयार किया है कि वह पावरप्ले में भी बल्लेबाजों को बांधे रखते हैं।

### शांभवी-दिव्यांशु ने विश्व रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▸▸ काहिरा

निशानेबाज शांभवी क्षीरसागर और दिव्यांशु देवांगन ने शुक्रवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में 499.9 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह भारत का आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में चौथा स्वर्ण है।

**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**आवश्यकता है**
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# 13 साल की दुल्हन और 42 का दूल्हा, शादी हुई कैंसिल

## जांच करने पहुंची टीम को दिखा दी फर्जी मार्कशीट, 19 साल के भाई की शादी भी रोकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में 13 साल की नाबालिग का विवाह 42 साल के युवक से कराए जाने का मामला सामने आया है। शादी 25 अप्रैल को तय थी, लेकिन सूचना मिलने पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। जांच के दौरान परिजनों ने उम्र छिपाने के लिए फर्जी अंकसूची पेश कर दी, लेकिन वेरिफिकेशन में सच्चाई सामने आ गई और समय रहते विवाह रुकवा दिया गया।

प्रशासनिक टीम ने दस्तावेजों की जांच जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से कराई, जिसमें पता चला कि प्रस्तुत अंकसूचियां संबंधित स्कूलों द्वारा जारी ही नहीं की गई थीं। जांच में बालिका की उम्र 13 वर्ष और उसके भाई की उम्र 19 वर्ष पाई गई, जबकि परिवार की ओर से



अधिक उम्र बताई जा रही थी। इसके बाद दोनों बालक-बालिकाओं के विवाह निरस्त कर दिए गए।

मामले में सामने आया कि बेटी दो-बेटी लो जैसी सामाजिक प्रथा के तहत एक बुजुर्ग ने अपने पोते की शादी कराने के लिए 13 वर्षीय पोती का रिश्ता 42 वर्षीय व्यक्ति से तय कर दिया था। प्रशासनिक दल ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और परिजनों को समझाइश दी कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और बेटी का विवाह निर्धारित उम्र में ही किया जाना चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने बताया कि हेल्पलाइन पर शिकायत मिलने के बाद ग्राम रंगवासा में जांच की गई थी। प्रारंभिक जांच में परिवार ने मार्कशीट दिखाकर उम्र सही बताने की कोशिश की, लेकिन संदेह होने पर गहन जांच कराई गई, जिसमें फर्जीवाड़ा सामने आया।

### स्कूल ने बताया- हमारे यहां नहीं की पढ़ाई

इंदौर की अंकसूची को संबंधित स्कूल ने फर्जी बताया। स्कूल ने स्पष्ट किया कि यह अंकसूची उनके यहां से जारी नहीं हुई है और न ही संबंधित बालक-बालिका यहां पढ़े हैं। होशंगाबाद की अंकसूची के अनुसार बालिका की उम्र 13 वर्ष और बालक की उम्र 19 वर्ष पाई गई। अंकसूचियों के सत्यापन के बाद टीम तत्काल बाल विवाह रोकने के लिए रवाना हुई। मौके पर परिवार से मूल दस्तावेज मांगे गए, लेकिन उनके पास केवल मोबाइल में फोटो ही थे। असली दस्तावेज किसी के पास नहीं थे। कार्रवाई के डर से परिजनों ने समधी के पास कागज होने की बात कही, लेकिन वे भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। कानून की जानकारी देने पर परिवार विवाह निरस्त करने को तैयार हो गया।

### इंदौर से उज्जैन तक निगरानी

विवाह उज्जैन की चंद्रवंशी बागरी समाज धर्मशाला में होना था। सूचना उज्जैन प्रशासन को भी दी गई, ताकि वहां भी निगरानी रखी जा सके। सांवेर तहसील के ग्राम दयाखेड़ा में होने वाले विवाह को भी तहसीलदार पूनम तोमर के माध्यम से रुकवाया गया।

# पानी भरने के विवाद में युवक की हत्या

## ढाबे पर शराब पिलाकर 4 आरोपियों ने चाकू मारा, परिजनों ने की मकान तोड़ने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूडिया थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना शुक्रवार रात की है। आरोपियों ने युवक को ढाबे पर बुलाकर शराब पिलाई और फिर उस पर हमला कर दिया। शनिवार को शव का पोस्टमॉर्टम एमवाय अस्पताल में किया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान चिंताराम (26) पिता रणजीत सिंह राठौर, निवासी रविदास नगर के रूप में हुई है। परिजन राजू पंवार ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह घर के बाहर सरकारी नल से पानी भर रहा था, तभी इलाके के कुलदीप, पंकज, मयूर और मोहित से उसका विवाद हो गया था।

आरोपियों का कहना था कि वे उसी नल से मोटर के जरिए पानी भरेंगे। इसी बात को लेकर कहासुनी बढ़ी और झगड़ा हो गया। परिजनों के मुताबिक, चारों आरोपी पहले भी पानी को लेकर विवाद करते थे और इलाके में दबंगई दिखाते थे।



**रास्ते में घेरकर की मारपीट-** शुक्रवार सुबह हुए विवाद के बाद मामला शांत हो गया था, लेकिन जब चिंताराम घर से बाहर निकला तो आरोपियों ने उसे रास्ते में घेर लिया और मारपीट की। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी उसके साथ इस तरह की घटनाएं हो चुकी थीं, लेकिन उसने कभी शिकायत नहीं की।

**ढाबे पर शराब पीलाकर की हत्या-** शुक्रवार रात चिंताराम राजा ढाबे पर पहुंचा, जहां चारों आरोपी भी आ गए। उन्होंने सुलह का बहाना बनाकर उसे अपने साथ बैठाया और शराब पिलाई। इसके बाद आरोपियों ने उसके सीने में दिल के पास चाकू से दो वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आरोपी की मां अस्पताल छोड़कर गई

घटना की जानकारी मिलने पर आरोपी मोहित की मां मौके पर पहुंची और घायल चिंताराम को देवास नाका क्षेत्र के एक अस्पताल के बाहर छोड़कर चली गई। बाद में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा। पुलिस ने चारों आरोपियों को राउंडअप कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### परिजनों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

मृतक के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि आरोपी पहले भी धमकी देते थे और अब उनके मकान तोड़ने की मांग की जा रही है।

एमडी ड्रग्स केस में बड़ा खुलासा

# महिला सप्लायर समेत तीन आरोपी गिरफ्तार, राजस्थान से जुड़ा नेटवर्क

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

खजराना थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब ढाई लाख रुपए बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक गुरुवार को खजराना थाना क्षेत्र से अमान को 11 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया गया था। रिमांड पर लेकर की गई बैकट्रैकिंग पूछताछ में अमान ने एक महिला सप्लायर का नाम बताया। पुलिस ने पाकीजा रोड स्थित पटेल इलाके में घेराबंदी कर शुक्रवार को संदिग्ध महिला को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम फिरदौस पिता अब्दुल सत्तार पटेल निवासी डॉक्टर कॉलोनी बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 15 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि फिरदौस मैरिज ब्यूरो का काम करती है और 5वीं तक शिक्षित है। उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने ड्रग्स सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र से नारायण सिंह पिता शंभू सिंह चौहान निवासी ग्राम जारोली जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) को हिरासत में लिया। वह 9वीं तक पढ़ा है और खेती करता है। प्रारंभिक पूछताछ में उसके जरिए ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क के जुड़े होने की बात सामने आई है।

# भोपाल और इंदौर मेट्रो में अब ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम

## 27 अप्रैल से शुरूआत होगी, टिकट एवं वॉलेट रिचार्ज पर छूट मिलेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



भोपाल और इंदौर के मेट्रो स्टेशन पर अब ऑटोमैटिक फेयर कनेक्शन सिस्टम शुरू हो रहा है। 27 अप्रैल से यात्रियों को मैन्युअली की जगह ऑनलाइन तरीके से ही टिकट मिलेगी। वहीं, टिकट और वॉलेट रिचार्ज पर छूट भी दी जाएगी। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस सिस्टम की शुरूआत करने जा रही है। भोपाल और इंदौर में ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम शुरू किया जा रहा है। इसके साथ ही मेट्रो यात्रियों को विशेष रियायत दी जाएगी।

राउंड ट्रिप (आवागमन) टिकट पर कुल किराए में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इससे उन यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा जो एक ही दिन में आवागमन करते हैं। ग्रुप में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी विशेष प्रावधान किया गया है। समूह टिकट पर कुल किराए में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह सुविधा (एकल समूह टिकट पर) न्यूनतम 8 एवं अधिकतम 40 यात्रियों के समूह के लिए उपलब्ध होगी। मेट्रो के आधिकारिक मोबाइल एप एमपी मेट्रो के माध्यम से यात्री क्यूआर टिकट बुक कर सकेंगे। इस एप के वॉलेट रिचार्ज पर विशेष रियायत दी जाएगी। मोबाइल एप के माध्यम से टिकट प्राप्त करने पर यात्रियों का समय भी बचेगा।

### इस तरह से मिलेगी रिचार्ज स्लैब में छूट

200 से 499 रुपए के टिकट पर 8 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 500 से 999 के टिकट पर 10% की छूट मिलेगी। 1000 से 1499 रुपए पर 12% और 1500 से 2000 में 15% की छूट दी जाएगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टिकटिंग के विभिन्न विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। पेपर क्यूआर टिकट, टाम (टिकट काउंटर)/ईएफओ (ग्राहक सेवा केंद्र) रूम से नकद या यूपीआई के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। मोबाइल क्यूआर टिकट एमपीएमआरसीएल के आधिकारिक मोबाइल एप्प एमपी मेट्रो के माध्यम से डिजिटल भुगतान द्वारा आसानी से खरीदे जा सकेंगे। एमपी मेट्रो मोबाइल एप्प एंड्रॉयड एवं आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। एमपीएमआरसीएल वॉलेट में जमा की गई राशि का उपयोग केवल मेट्रो टिकट खरीद के लिए ही किया जा सकेगा और यह राशि किसी भी स्थिति में वापस नहीं की जाएगी।

# निवेश के नाम पर 27 लाख की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने निवेश के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया है। आरोपी ने व्यापार में ज्यादा मुनाफे का लालच देकर लोगों से लाखों रुपए निवेश कराए और रकम का उपयोग निजी खर्चों व कर्ज चुकाने में कर लिया।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक आरोपी सत्यविंद चावला ने फरियादियों को शीतल पेय और एफएमसीजी व्यापार में अधिक लाभ का झांसा देकर करीब 27 लाख रुपए का निवेश करवाया, लेकिन निवेश की गई राशि को व्यापार में लगाने के बजाय उसने व्यक्तिगत खर्च और अन्य कार्यों में खर्च कर दिया, जिससे निवेशकों को आर्थिक नुकसान हुआ।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने हरसिमरन सिंह अरोरा, जयंत रिजवानी और रासिका प्रधान के साथ साझेदारी में फ्रेश लिंक इंटरप्राइजेस नाम से फर्म बनाई थी। इसी फर्म के जरिए फरियादियों से निवेश कराया गया। जब निवेशकों को ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने मामले की शिकायत क्राइम ब्रांच से की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में और कौन-कौन शामिल हैं तथा कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया। इंदौर क्राइम ब्रांच ने ठगी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को क्राइम ब्रांच ने मामला का खुलासा किया।

## न्यूज कॉलम

### एमवाय अस्पताल परिसर में नर्सिंग क्वार्टर्स तोड़ने का विरोध

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल परिसर में वर्किंग नर्सिंग क्वार्टर्स को तोड़ने पहुंची टीम के सामने विवाद की स्थिति बन गई। करीब पौन घंटे तक विरोध चला, जिसके बाद टीम को लौटना पड़ा। दरअसल, वर्किंग नर्सिंग क्वार्टर्स के पास एमवाय अस्पताल की नई बिल्डिंग बननी है, जिसके चलते इसे खाली कराकर तोड़ा जाना है। यहां रहने वाले 15 नर्सिंग स्टाफ को एमजीएम मेडिकल कॉलेज ने पहले भी नोटिस दिए थे, लेकिन वे लगातार समय मांग रहे थे। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की टीम पुलिस बल, बाउंसर और मजदूरों के साथ पहुंची और हथौड़ों से तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस पर नर्सिंग स्टाफ ने विरोध किया, जिससे विवाद की स्थिति बन गई। महिला स्टाफ का कहना था कि वे पहले ही आवेदन देकर छह माह का समय मांग चुकी हैं। इसके लिए क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला ने भी उन्हें आश्वस्त किया था, लेकिन बार-बार नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। स्टाफ का कहना है कि हॉस्टल के पीछे बने पुराने स्टाफ क्वार्टरों को 6 माह का समय दिया है। इसी तरह केईएच कम्पाउंड और दवा बाजार के सामने सरकारी क्वार्टरों में रहने वाले कर्मचारियों को भी 6 माह का समय मिला है, लेकिन उन्हें बेदखल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विकल्प के रूप में आईडीए की अमलतास बिल्डिंग, निरंजनपुर में शिफ्ट होने को कहा गया है, जहां किराया 9 हजार रुपए है, जिसे वे वहन नहीं कर सकते। इस दौरान मजदूरों ने हॉस्टल के जर्जर हिस्से के एक कमरे को तोड़ना शुरू किया, जिससे विवाद और बढ़ गया। महिलाओं ने कहा कि ऊपर स्टाफ रह रहा है और इससे अन्य कर्मचारियों को भी नुकसान हो सकता है। काफी विरोध के बाद टीम को वापस लौटना पड़ा। स्टाफ का कहना है कि वे हॉस्टल खाली करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें छह माह का समय दिया जाए।

### सभी एसआई से कहा- फरियाद ठीक से सुनें, अच्छा व्यवहार करें



**इंदौर।** थानों पर आने वालों की शिकायतें सुनने के बजाय बाहर ही टरका देने की आदत को बदलने के लिए अफसरों ने शहर के सभी थानों के सब इंस्पेक्टर्स की शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम पलासिया में एक दिनी ट्रेनिंग दी। हिदायत दी कि लोगों से ठीक तरह पेश आएं। सुनवाई में पारदर्शिता रखें। महिलाओं और बच्चों के मामलो में विशेष सतर्कता बरतें। ट्रेनिंग देने वालों में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर आरके सिंह सहित अफसर शामिल थे। कमिश्नर ने कर्तव्यों को पूरा करने, व्यावसायिक दक्षता रखने, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करने पर जोर दिया। फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना जाए। शिकायतों और अपराध पंजीयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करें। जांच कार्य समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। बीट सिस्टम को मजबूत कर क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जाए। संवेदनशील मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए। महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जाए। तकनीक का अधिकतम उपयोग कर अपराध नियंत्रण को सशक्त बनाया जाए।

### बच्चों को किडनेप करने वाले कर्जदार पड़ोसी भाई-बहन ही निकले मास्टरमाइंड

**इंदौर।** ग्रेटर तिरुपति नगर के गार्डन से दो बच्चों नैतिक सोनकर (10) और सम्राट जयदेव (11) के अपहरण और 15 लाख रुपए की फिरौती मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। घटना के मास्टरमाइंड पास के ही मोहल्ले (तिलक नगर एक्सटेंशन) में रहने वाले कर्जदार भाई-बहन निकले। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के अनुसार, पकड़े गए आरोपी विनीत (22) और उसकी बहन राधिका प्रजापति (19) हैं। इन्होंने दत्त नगर निवासी दोस्त ललित सेन (21) और उसकी पत्नी तनीषा (20) के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि ये आरोपी 8 दिन पहले तिलक नगर की ही एक ज्वेलरी शॉप को भी लूटने वाले थे। सौदेबाजी के दौरान आरोपी विनीत ने धमकाया था कि पैसे नहीं मिले तो बच्चे काली थैली में मिलेंगे।

### जनगणना प्रशिक्षण का तीसरा चरण शुरू ड्यूटी निरस्त कराने में जुटे कर्मचारी

**इंदौर।** आगामी जनगणना से पहले 1 मई से शुरू होने वाले मकान गणना कार्य की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार से जनगणना प्रशिक्षण का तीसरा चरण शुरू हुआ, जिसमें करीब दो हजार अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण होलकर साइंस कॉलेज में चल रहा है, जहां अपर कलेक्टर एवं जनगणना प्रभारी नवजीवन विजय पवार और जिला जनगणना अधिकारी एनएन पांडे ने निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा घर-घर जाकर डेटा संग्रहण, डिजिटल माध्यमों के उपयोग, फॉर्म भरने की प्रक्रिया और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। कई अधिकारी-कर्मचारी अपनी ड्यूटी निरस्त करवाने की कोशिश में भी लगे हैं।

### क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज से जुड़े मामले में तीन पुलिसकर्मी लाइन अटैच

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर वसूली और पुलिसकर्मियों की संलिप्तता का गंभीर मामला सामने आया है। शिकायत के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है और तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच अब वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की जा रही है। दरअसल, पीड़ित कृष्णा नाम के युवक ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उसे डराया-धमकाया और पैसे की वसूली की। मामला क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज से जुड़े लेन-देन का बताया जा रहा है। पीड़ित जब शिकायत लेकर एरोड्रम थाने पहुंचा तो वहां से उसे कथित रूप से भगा दिया गया। इसके बाद गुरुवार को पीड़ित ने डीसीपी से शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी जोन-1 ने तत्काल कार्रवाई की। मामले में निष्पक्ष जांच और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए एएसआई राम शाक्य, हेड कॉन्स्टेबल दीपु यादव और आरक्षक योगेश लश्करिया को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं, वरिष्ठ अधिकारी खुद एरोड्रम थाने पहुंचे और करीब दो घंटे का सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लिया है। अब इस फुटेज के आधार पर पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### व्हाट्सएप रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी देकर 80 हजार की मांग

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है, जहां व्हाट्सएप पर कॉल रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी देकर युवक से 80 हजार रुपये की मांग की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को अभिरक्षा में ले लिया है। दरअसल इंदौर की समर पार्क कॉलोनी निवासी आयुष त्रिवेदी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसके पिता के पूर्व ड्राइवर अजय उर्फ कालू भिलाला ने फोन पर बातचीत की रिकॉर्डिंग कर ली थी। इसके बाद अक्षत दुबे नाम के व्यक्ति ने व्हाट्सएप पर वह रिकॉर्डिंग भेजकर पैसे की मांग शुरू कर दी। आरोपियों ने लगातार फोन और मैसेज के जरिए फरियादी पर मानसिक दबाव बनाया और करीब 80 हजार रुपये की मांग की। साथ ही पैसे नहीं देने पर रिकॉर्डिंग वायरल करने की धमकी दी गई। वहीं इस मामले में लसूड़िया पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान कर उन्हें अभिरक्षा में ले लिया है।


स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा

नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा

संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)



मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com